e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 281

**सुविचार**
अपनो का साथ बहुत आवश्यक है, सुख है तो बढ़ जाता है और दुःख हो तो बंट जाता है!

# प्रभात मंत्र

बुधवार
16.10.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

# भटको मत हेमंत, मुद्दों पर अटको!

## 2019 के चुनाव से पहले किए गए 300+ वादों से भागो मत हेमंत, जिम्मेदारी निभाओ!

संक्षिप्त

### सरकार बनी, तो तीन और उपराजधानियां बनायेंगे : हेमंत सोरेन



झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की बदलाव महारैली शनिवार को राजधानी के हरमू मैदान में हुई. भारी बारिश के बाद भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे थे. रैली में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने घोषणा की है कि राज्य में झामुमो की सरकार 2019 बनी तो एक राजधानी के साथ- साथ चार उपराजधानियां भी बनेंगी. दुमका पहले से ही है. इसके अलावा चाईबासा, पलामू और हजारीबाग को भी उपराजधानी बनाया जायेगा, हेमंत सोरेन ने और भी कई वायदे किये. श्री सोरेन ने कहा कि रघुवर सरकार में किसान आत्महत्या कर रहे हैं. मंत्री हो या अधिकारी सब घोटाले में लगे हुए हैं.

### झामुमो की घोषणाएं




- पलामू चाईबासा एवं हजारीबाग को उप राजधानी
- नौकरियों में स्थानीय लोगों को 75% का आरक्षण
- किसानों की कर्ज माफी, बेरोजगार युवकों को भता
- खेतीहर मजदूरों को स्वरोजगार के लिए 15 हजार का अनुदान
- महिलाओं को सरकारी नौकरी में 50 % आरक्षण.
- दो साल के अंदर पांच लाख युवाओं को नौकरी
- पांच वर्षों तक उपयोग में नहीं लाये गये अधिग्रचित भूमि रैयतों को वापस करेंगे
- आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका एवं पारा शिक्षकों के लिए सेवा शर्तों एवं वेतनमान का निर्धारण
- पीएचडी तक लड़कियों को मुफ्त शिक्षा
- पिछड़े वर्ग को नौकरियों में 27% आरक्षण
- गरीब सवर्ण छात्रों को मुफ्त शिक्षा व छात्रवृत्ति
- सभी शहीदों के जन्म स्थान की पर्यटन स्थल के रूप में विकास

### कांग्रेस का वादा, परिवार में एक सदस्य को नौकरी



झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने रविवार को घोषणा पत्र जारी किया। इसमें परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का वादा किया। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में बताया है कि राज्य में अगर गठबंधन की सरकार बनी तो 6 माह के अंदर रिक्त पड़ी सरकारी नौकरियों को भरा जाएगा। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में यह भी वादा किया कि जब तक नौकरी नहीं मिलती है तब तक परिवार के एक सदस्य को बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। बताते चलें कि कांग्रेस, झामुमो और राजद के साथ गठबंधन के तहत झारखंड विधानसभा का चुनाव लड़ रही है। इसमें झामुमो को 43, कांग्रेस को 31 और राजद को 7 सीटें मिली है।

### हेमंत सोरेन का दावा: खत्म करेंगे नक्सलवाद

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि सूबे से नक्सलवाद को खत्म करने का एकमात्र उपाय सभी को रोजगार मुहैया कराना है. नक्सली घटनाओं पर बीजेपी के आरोप पर उन्होंने कहा कि बीजेपी को लोकतंत्र का सम्मान नहीं है, इसी कारण वह ऐसी बातें करती है. उन्होंने कहा कि सरकार बनी, तो सबके लिए काम करेंगे. संविधान दिवस पर महाराष्ट्र में बीजेपी ने लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई. पूर्व सीएम ने कहा कि आज राजधानी रांची की स्थिति यह है कि अपराध की घटनाओं से ये त्रस्त है. रांची को बीजेपी ने नर्क बना दिया.

## सरकार बनी तो एक साल में 5 लाख नौकरी



### शहीद निर्मल महतो शहादत दिवस पर बोले हेमंत सोरेन

झामूमो की सरकार बनी, तो एक साल में पांच लाख नौकरी देंगे और नहीं दे पाने पर राजनीति से संन्यास ले लेंगे. यह घोषणा विपक्ष झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को कदमा उलियान स्थित शहीद निर्मल महतो के 32वां शहादत दिवस पर आयोजित सभा को संचोधित करते हुए की. उन्होंने कहा कि सरकार बनी, तो 25 करोड़ रुपये तक लोगों को दी जायेगी. साथ ही प्राइवेट नौकरी में भी स्थानीय लोगों का 75 फीसदी आरक्षण तय करेंगे. हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार नहीं बल्कि संकट है. उन्होंने किसानों को तीन हजार व केंद्र सरकार से बैंक खाते में मिलने वाली राशि को खैरात करार दिया. का झारखंडी लोगों का जल, जंगल जमीन है, वे खैरात के मोहताज नहीं है. इस दिन के लिए सिद्दो-कान्हू से लेकर हजारों लोगों ने कुर्बानी नहीं दी.

**झामुमो के 'निश्चय पत्र' में हर वर्ग के लिए सुनहरे वादे**

- सरकार बनते ही पाँच लाख सरकारी नौकरियों की व्यवस्था।
- सरकारी नौकरी न मिलने पर स्नातक को 5,000 रुपये तथा स्नातकोत्तर को 7,000 रुपये प्रति माह भत्ता।
- निर्धन परिवार की नवविवाहिताओं को सोने का सिक्का उपहारस्वरूप।
- महिलाओं को आधार कार्ड पर बिना गारंटी 50,000 रुपये का ऋण।
- गरीब महिलाओं को 2000 रुपये प्रतिमाह चूल्हा खर्च।
- धान का खरीद मूल्य 2300 से 2700 रुपए प्रति क्विंटल।
- सभी गरीब परिवार को 72 हजार रुपए हर साल सुनिश्चित राशि।
- वृद्धापेंशन 2500 रुपए प्रति माह, 10 रुपए में धोती, साड़ी, लुंगी।
- जन वितरण दुकानों से गरीबों को चायपत्ती, सरसो तेल, साबुन, सब्जियां एवं दल।
- गरीब परिवारों को तीन कमरों के सुविधायुक्त आवास निर्माण के लिए तीन लाख रुपए।

## भूमि अधिकार कानून बना कर हर भूमिहीन को भूखंड

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो की ओर से मंगलवार को 20 पन्नों का निश्चय पत्र जारी किया गया. झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन से अनुमति लेकर पार्टी की ओर से निश्चय पत्र जारी किया गया. कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि झामुमो का निश्चय पत्र आनेवाले समय में राज्य को नयी दिशा देगा. उन्होंने कहा कि भूमि अधिकार कानून बना कर सभी स्थानीय भूमिहीनों को भूखंड उपलब्ध कराया जायेगा. 25 करोड़ रुपये तक के सरकारी कार्यों की निविदा सिर्फ स्थानीय लोगों को दी जायेगी. स्थानीय रोजगार अधिकार कानून बना कर राज्य के निजी क्षेत्रों में 75 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित की जायेगी, स्थानीय व नियोजन नीति को बदल कर झारखंडियों के हितों के अनुरूप बनायी जायेगी. यह पूछे जाने पर क्या स्थानीय नीति का आधार 1932 का खतियान होगा? श्री सोरेन ने कहा कि यहां के लोगों की जनभावना के अनुरूप स्थानीय

**झामुमो के निश्चय पत्र की महत्वपूर्ण घोषणाएं**

नीति बनायी जायेगी.

आगे हेमंत सोरेन ने कहा कि झामुमो सरकार बनने पर राज्य के सभी किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दी जायेगी और उनके कर्ज माफ किये जायेंगे। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार लाते हुए, हर पंचायत में एक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया जायेगा। राज्य में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए, आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों में नये विद्यालय और तकनीकी संस्थान खोले जायेंगे। इसके साथ ही, झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के लिए विशेष योजनाएं लागू की जायेंगी, ताकि झारखंडी अस्मिता और संस्कृति को सशक्त किया जा सके। राज्य की मौजूदा स्थानीय नीति झारखंडी विरोधी है.यह पूछे जाने पर कि भाजपा के लोग कह रहे हैं कि सरकार भाजपा की ही बनेगी, चाहे झामुमो का क्यों नहीं साथ लेना पड़े. श्री सोरेन ने कहा कि भाजपा के लोग यह भी कह रहे हैं कि हम हारें या जीतें सरकार हम ही बनायेंगे, भाजपा देश में नये नये राजनीतिक इतिहास रच रही है. इसे धब्बे के रूप में देखा व याद किया जायेगा. महाराष्ट्र में सरकार बनाने को लेकर लोकतंत्र की हत्या की गयी. उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य की राजधानी आईना होती है. आज रांची में कोई ऐसा दिन नाहीं गुजर रहा है कि जब लूट, हत्या, दुष्कर्म या छेड़खानी की घटनाएं घट रही हैं. एक सवाल के जवाब में श्री सरिन ने कहा कि निश्चय पत्र के माध्यम से पार्टी ने अपनी सोच जाहिर की है. यह गठबंधन का निश्चय पत्र नहीं है. इसके लिए अलग से न्यूनतम साझा कार्यक्रम तय किये जायेंगे. मौके पर पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष हाजी हुसैन अंसारी, पूर्व विधायक योगेंद्र महतो, केंद्रीय महासचिव विनोद पड़िय, सुप्रियो भट्टाचार्य, अशोक मंडल समेत कई लोग मौजूद थे.

## झामुमो का चुनावी वादा - 75% नौकरियां झारखंडियों के लिए



झारखंड मुक्ति मोर्चा ने विधानसभा चुनाव में वोटरों को लुभाने के लिए लुभावने वादे किए हैं। मोर्चा के घोषणापत्र को निश्चय पत्र का नाम दिया गया है। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने मंगलवार को इसे जारी करते हुए अपनी प्राथमिकताएं गिनाई इस मौके पर झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन भी मौजूद थे। झामुमो ने गरीबों को सालाना 72 हजार रुपये देने का वादा किया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने स्थानीय लोगों के अधिकार पर ज्यादा फोकस किया है।

इसके अलावा महिलाओं के अधिकार, युवाओं के अधिकार, किसान एवं खेतिहर मजदूरों के अधिकार, गरीबों के अधिकार, जल, जंगल, जमीन, आदिवासी दलित कल्याण एवं वन संरक्षण आदि भी घोषणा पत्र के एजेंडे में शुमार है। रांची प्रेस क्लब में पत्रकारों से मुखातिब हेमंत सोरेन ने कहा कि अगर उनकी सरकार बनी तो बेरोजगार अधिकार कानून बनाएंगे और राज्य के निजी क्षेत्रों में 75 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित करेंगे।

इसके अलावा सरकारी टेंडर में 25 करोड़ तक के काम सिर्फ स्थानीय लोगों को दिए जाएंगे। भूमि अधिकार कानून बनाकर सभी स्थानीय भूमिहीनों को जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। इसी प्रकार सरकारी नौकरी में आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाने का वादा भी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने किया है। निश्चय पत्र के मुताबिक सरकारी नौकरी में झारखंड के पिछड़े समुदाय को 27 प्रतिशत, आदिवासियों को 28 प्रतिशत और दलितों को 12 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा झारखंड के स्थानीय संवर्ग वर्ग के गरीब छात्रों को निशुल्क शिक्षा और छात्रवृत्ति देने का वादा किया गया है।

**झारखंड आंदोलन के शहीदों के परिजनों को नौकरी**

झामुमो के घोषणापत्र में झारखंड आंदोलन के दौरान शहीद हुए परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने व प्रतियोगी परीक्षा के बगैर उन्हें नौकरी देने के लिए कानून बनाने की बात कही गई है। लोहार, लोहरा, बड़ाईक जैसी जातियां जो त्रुटि बस जाति विशेष की सुविधाओं से वंचित हैं उन्हें आवश्यक संशोधन कर लाभ दिलाया जाएगा।

**युवाओं के लिए कई घोषणाएं**

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने युवाओं के बड़े वोट बैंक को देखते हुए यह घोषणा की है कि सरकार गठन के दो साल के अंदर विभिन्न खाली पदों पर सरकारी पदों पर झारखंडी युवकों और युवतियों की नियुक्ति की जाएगी। नौकरी नहीं मिलने तक सभी बेरोजगार स्नातकों 5000 तथा स्नातकोत्तर को 7000 रुपये बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। इसके अलावा हर पंचायत में झारखंड युवक-युवतियों को पंचायती राज योजना के निर्माण और कार्यक्रम से जोड़ते हुए नियमित आय के साथ रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

झारखंड लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा में सिर्फ 100 रुपये का परीक्षा शुल्क देय होगा। सभी जातियों के गरीब छात्रों को नियुक्ति हेतु होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। हर प्रखंड में नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा खाली पड़े पदों को भरा जाएगा।

## राजद ने घोषणा पत्र में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने का किया वादा

राजद ने अपने घोषणा पत्र में गरीबी मिटाने, बेरोजगारी खत्म करने और पिछड़ों को आरक्षण देने को प्राथमिकता दी है। राजद के प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने रविवार को घोषणापत्र जारी कर कहा कि अगर गठबंधन की सरकार आती है तो महिलाओं को हर स्तर पर 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। बालूघाटों की नीलामी का अधिकार पंचायत को दिया जाएगा। पुरानी पेंशन योजना दोबारा शुरू की जाएगी। जेपीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षा नियमित करायी जाएगी। राजद ने अपने घोषणापत्र में मेधावी छात्रों को निःशुल्क उच्च शिक्षा का वादा किया है। कॉलेज छात्रों को लैपटॉप और टैब दिया जाएगा। राज्य मेंबंद पड़े स्कूलों को खोला जाएगा। साथ ही पारा शिक्षकों, आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को स्थायी किया जाएगा। सभी जिलों मेंनारी उत्थान केंद्र और वृद्धाश्रम की की व्यवस्था होगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्गऔर अल्पसंख्यक समुदाय के सामाजिक-आर्थिक स्तर को बढ़ाया जाएगा।

**किसानों के लिए**

घोषणापत्र में बंजर भूमि को कृषि योग्य बनाकर भूमिहीनों को देनेका वादा किया गया है। कृषि आधारित उद्योग को बढ़ावा देने, ग्रामीण रोजगार गारंटी का क्रियान्वयन करने, काम के बदले अनाज योजना लागू करने और 10 हजार रुपए तक के कृषि ऋण को माफ करनेका वादा है।



## कांग्रेस ने किया कर्जमाफी का एलान

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने घोषणापत्र जारी किया. +घोषणापत्र में पार्टी ने खेती के लिए गए 2 लाख रुपये तक के लोन को माफ़ करने का वादा किया है. ख़ास बात ये है कि इसमें पत्थलगढ़ी में शामिल लोगों पर लगे मुक़दमे हटाने की बात कही गई है. CNT, SPT एक्ट समेत स्कूलों की ख़स्ता हालत पर ज़ोर देते हुए शिक्षा को लेकर बेहतर सुविधाएं देने का वादा किया गया है. पार्टी ने झारखंड की सभी जेल में बंद 6 महीने से सजा काट रहे (अधिकतम 7 वर्ष तक की) क़ैदियों को तुरंत ज़मानत पर रिहा करने का वादा भी किया है. यह भी वादा किया गया है कि झारखंड सरकार की तरफ़ से पिछले कुछ वर्षों में जिन ज़मीनों का अधिग्रहण किया गया है और जिसपर अभी तक कोई काम शुरू नहीं हुआ है उसे फिर से उनके मालिकों को वापस कर दी जाएगी. पार्टी ने कहा है कि छात्रों को छात्रवृत्ति सम्बंधित सभी बकाया राशि को तत्काल मंजूरी दी जाएगी. रांची, जमशेदपुर और धनबाद में मेट्रो लाइफ लोकल बनाया जाएगा.

## झामूमो की सरकार बनी तो नियोजन नीति सुधारेंगे: हेमंत

झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा है कि इस बार राज्य में यूपीए गठबंधन की सरकार बनेगी. भाजपा की स्थिति दयनीय है. भाजपा गुजराज, महाराष्ट्र व अन्य पड़ोसी राज्यों से लोगों को बुला कर प्रचार करा रही है. इससे उसकी स्थिति समझी जा सकती है. उब उसके प्रत्याशियों को झंडा ढोनेवाले भी नहीं मिल रहे हैं. श्री सोरेन ने कहा कि राज्य के मुखिया रघुवर दास मदमस्त हाथी की तरह हैं. उन्होंने झारखंड को जनता के पैरों तले कुचलने का काम किया है. कहा कि इस मदमस्त हाथी के पैरों को जंजीर में जकड़ कर छत्तीसगढ़ के जंगल में फेंक देने की जरूरत है. इस अवसर पर हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड अलग राज्य का निर्माण झामुमो व दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्ष के कारण हो सका है। मगर अभी भी जनता के सपने अधूरे रहे गए हैं। जिसे हमारी सरकार पूरा करेगी। झामुमो की सरकार बनेगी तो राज्य से बेरोजगार युवक-युवतियों, मजदूरों का पलायन रोक दिया जाएगा। झारखंड में ही रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे।पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार हर मोर्चे पर फेल है तथा सिर्फ बैनर पोस्टर से अपना चेहरा चमकाने में लगी है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां पीएम मंडल डैम का शिलान्यास कर रहें हैं दूसरी ओर सांसद शहीद नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा का अनावरण कर रहें हैं। मगर इन्हें यह पता नहीं कि शहीदों के गांव के लोग मंडल डैम के कारण विस्थापित हो जाएंगे। झारखंड के लोगों को दुख देकर वर्तमान सरकार बिहार को पानी देने के लिए लालायित है। यह होने नहीं दिया जाएगा।इस अवसर पर केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि स्थानीय नीति के नाम पर राज्य को दो हिस्से में बांट दिया गया है। इससे गढ़वा समेत अन्य जिलों के बेरोजगार युवक युवतियों को नौकरी से वंचित कर दिया गया है। इससे युवाओं में काफी आक्रोश है। वर्तमान सरकार आम लोगों के हित में नहीं बल्कि अपने हित में काम कर रही है।

## गरीब परिवार को सालाना 72 हजार रुपये



झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने मंगलवार को जारी अपने निश्चय पत्र (घोषणा पत्र) में स्थानीय नीति बदलने की बात कही है. राज्य की नौकरियों में स्थानीय को 75 फीसदी आरक्षण और महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने का वादा किया गया है. निश्चय पत्र में समाज के हर वर्ग के लिए पार्टी ने घोषणा की है. इसमें किसानों की कर्ज माफी से लेकर लड़कियों व गरीब सवर्णों छात्रों को मुफ्त शिक्षा देने की बात कही गयी है. झामुमो ने हर गरीब परिवार को 72 हजार रुपये सालाना देने का वादा किया है.

**क्या-क्या है निश्चय पत्र में**

- स्थानीय नीति और नियोजन नीति बदलेंगे, स्थानीय को झारखंड में 75 प्रतिशत आरक्षण देंगे, 25 करोड़ तक की निविदा स्थानीय को
- किसानों का कर्ज होगा माफ, खेतिहर मजदूरों को स्वरोजगार के लिए 15000 का अनुदान
- सरकार बनने के बाद पांच लाख झारखंडी युवाओं को मिलेगी नौकरी, पिछड़ों को नौकरी में 27% आरक्षण
- प्राथमिक से पीएचडी तक लड़कियों को मुफ्त शिक्षा, महिलाओं को सरकारी नौकरी में 50% आरक्षण
- 100 यूनिट तक बिजली खपत मुफ्त 10 रुपये में धोती, साड़ी व लुंगी
- शहीदों के जन्मस्थली होंगे विकसित, झारखंड आंदोलनकारियों के लिए लागू होगी पेंशन योजना
- हर गरीब परिवार को 72 हजार तक हर साल सुनिश्चित राशि, गरीब सवर्ण छात्रों को मुफ्त शिक्षा
- जन वितरण दुकान में चाय पत्ती, सरसों तेल, साबुन, सब्जी मिलेगा

भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी संग किया समीक्षात्मक बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के मद्देनजर सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों संग बैठक की. बैठक के दौरान उन्होंने कोषांगवार विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर की जा रही तैयारियों से अवगत हुए. उन्होंने सभी पदाधिकारियों से इलेक्शन मोड में रहने की बात कही. उन्होंने कहा कि बिना टीम वर्क के चुनाव का सफल संचालन संभव नहीं है ऐसे में आवश्यकता है कि सभी लोग एकसाथ एकजुट होकर अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें. उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति का जो दायित्व है, उसका निष्पादन नोडल पदाधिकारी अपने देख-रेख में ससमय पूरा करना सुनिश्चित करेंगे.समीक्षा क्रम में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी से विभिन्न स्तर के प्रशिक्षणों की तिथि से अवगत हुए,वहीं निर्वाचन कोषांग द्वारा अबतक किये गये कार्यों की भी जानकारी ली।इसके अतिरिक्त उन्होंने संबंधितों को मतदान कर्मियों का डाटा बेस तैयार करने, लंबित इंट्री को अविलंब पूरा करने, पोस्टल बैलेट, सुविधा केंद्र स्थापित करने, दिव्यांग मतदाताओं को सुविधा उपलब्ध कराने, वाहन कोषांग को वाहनों की संख्या का मूल्यांकन करने, सामग्री कोषांग, ईवीएम कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, मीडिया कोषांग, स्वीप कोषांग आदि को लेकर संबंधित कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया. उन्होंने निर्वाचन, कार्मिक, वाहन, सामग्री, आदर्श आचार संहिता, मीडिया, प्रशिक्षण, प्रेक्षक, सहित अन्य कोषांगों का समीक्षा कर कई अन्य निर्देश दिये. उन्होंने इलेक्शन के सफल संचालन हेतु निर्वाचन आयोग का हैंड बुक में दिए गये निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिये. उन्होंने अंतर जिला पर चेकिंग अभियान को सक्रीय करने के निर्देश दिये.उन्होंने सभी पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के दौरान 24, 48 व 72 घण्टे के प्रोटोकॉल को अनिवार्य रूप से लागू करने पर बल दिया. स्वीप कोषांग को विशेषकर स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के ज़रिए स्वीप के गतिविधियों के संचालन पर बल दिया गया. एफएसटी व एसएसटी के टीमों को सक्रियता के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करने की बात कही गयी.मौके पर उप विकास आयुक्त, मेदिनीनगर नगर आयुक्त, तीनों एसडीओ, अपर समाहर्ता, समेत विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी मौजूद रहे।



## तेज धारदार हथियार से युवक की हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत खामडीह के पूर्णाडीह में एक युवक की सोए अवस्था में तेज धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन एवं स्थानीय लोगों ने पुलिस के वरीय अधिकारियों को मौके पर आने और खोजी कुत्ता से जांच करने की मांग को लेकर 4 घंटे तक डेड बॉडी को उठने नहीं दिया। हालांकि बाद में थाना प्रभारी अंचित कुमार के समझाने पर लोगों का आक्रोश शांत हुआ और पुलिस डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर में भेजा। युवक की पहचान इसी टोल के निवासी 24 वर्षीय सकेंद्र साव पिता सरेश साव के रूप में हुई है। घटना के पीछे जमीन विवाद और पैसों के लेनदेन की चर्चा है। पुलिस अनुसंधान में जुटी हुई है और जल्द खुलासा होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार हर दिन की तरह सकेंद्र साव सोमवार रात पुराने घर से भोजन करके सोने के लिए नवनिर्मित पक्के मकान में चला गया था मंगलवार की सुबह उसकी डेड बॉडी मकान के बरामदे में खून से लथपथ पाई गई। उसके सिर पर तीन जगह गड़ासा से वार करने के निशान पाए गए।

## एक दर्जन जायरीन उमरा के लिए हुये रवाना



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मदीना का मुकदस जियारत के लिये सोमवार की देर शाम नगर उटारी रेलवे स्टेशन से स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से दिल्ली के रवाना हुये।दिल्ली से 16 अक्टूबर को फ्लाइट से सऊदी अरब के लिये रवाना होंगे। प्रखंड के एक दर्जन जायरीन उमरा के लिए रवाना हुये।उमरा जाने वाले जायरीनों को ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ जुलूस के रूप में निकलकर रेलवे स्टेशन पहुंचाया.जायरीनों का फूल माला से स्वागत किया गया। रेलवे स्टेशन पर पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव के पुत्र सह झामुमो युवा नेता मानवेंद्र प्रताप देव, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक,सदर तौहिद खान, युवा समाजसेवी महमूद आलम सीनियर ने उमरा के लिये जाने वाले जायरीनों को माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव के पुत्र झामुमो युवा नेता मानवेंद्र प्रताप देव ने उमरा के लिये जा रहे जायरीनों से देश,राज्य, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र सहित गढ़वा जिला के सुख, समवृद्धि, अमन-चैन व शांति के लिये दुआ करने की अपील किया। उन्होंने सभी जायरीनों से अपील किया कि गढ़वा जिला में हिंदू-मुस्लिम एकता कायम रहे इसके लिये दुआ करें।थाना प्रभारी आदित्य नायक ने उमरा पर जाने वाले सभी जायरीनो से अपील किया है कि वहां जाकर मुल्क में अमन चैन भाई चारे की दुआएं मांगे। उन्होंने सभी जायरीनो के मंगलमय यात्रा की कामना किया। उमरा करने जाने वालो में हाजी डॉ कुतबुद्दीन अंसारी, रफीक मिया, मो एजाज अहमद, नेजामुदिन अंसारी, उमर अंसारी, रोजमोहम्मद अंसारी, सकुर अंसारी, अली मोहम्मद अंसारी, जैफुल निशा, कलीमा बीबी, जैबिन बीबी, इस्लामुदिन अंसारी शामिल हैं.जायरीनों ने कहा हम सभी लोग मदीने का मुकद्दस सफर के लिये जा रहे हैं, इस वजह से काफी ज्यादा खुशी हो रही हैं। जायरीनों ने कहा कि मक्का मदीने में जाने से सभी दुआएं कबूल होती है।मौके पर मौलाना अब्दुल कादिर, झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, मो मुमताज राही, सदर तौहिद खान, सरपरस्त शमीम खान, युवा समाजसेवी महमूद आलम सीनियर, पूर्व सदर तस्लीम खान, एसआई संजय पासवान, अनुज सिंह, नसीर अंसारी, अयुब अंसारी, डॉ कैसर आलम, नबील अंसारी, हैदर खान, नेपाली खान, शोएब आलम, अब्दुल मुत्तलिब, मुना खान, फुलटून खान, मुश्ताक अहमद शेख, साजिद रजा, डॉ रिजवान अहमद, अहमद हुसैन, साबिद अंसारी, रईस रागिब, अप्पू, रासिब, गुलाम, समसिर, असलम, नौशाद, सुमन,सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दुर्गा जौहरी को अविलंब गिरफ्तार करे प्रशासन : रूचिर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सर्व ब्राह्मण विकास समिति ने ग्राम महुगांवा निवासी अक्षय कुमार पांडे पिता श्री श्रवण कुमार पांडे एवं अक्षय कुमार के बहन के साथ मारपीट कर अभद्र अभद्रता पूर्वक व्यवहार करने की घटना की घोर निंदा करती है। यह विदित है कि दुर्गा जौहरी भाजपा नेता एवं व्यवसायी ने कल बाजार जाने के क्रम में स्कूटी एवं चार पहिया वाहन में थोड़ा टक्कर हो गया इसके बाद मामला सलटने के बाद दुर्गा जौहरी उसके भाइयों एवं गुंडो के द्वारा अक्षय कुमार पांडे एवं उनकी बहन के साथ भरे बाजार में मारपीट करना अभद्र अभद्रता पूर्वक व्यवहार करना यह बड़े अपराध के श्रेणी में आता है महिला अपने भाई को बचाने के लिए आगे आ रही है जिसका वीडियो सीसीटीवी फुटेज कैमरा में कैद भी हुआ है उसके बावजूद उसके साथ भी मारपीट करना या भाजपा नेता के चरित्र और उसके गुंडे को दर्शाता है पलामू आरक्षी अधीक्षक अभिलंब धारा 323, 504, 506, 354 के तहत एफआईआर दर्ज कर दुर्गा जौहरी और उसके गुंडे साथियों को अभिलंब गिरफ्तार करें अन्यथा सर्व ब्राह्मण विकास समिति अन्य लोगों को साथ लेकर के शहर थाना का घेराव करने के लिए बाध्य हो जाएगी। इससे पहले सर्व ब्राह्मण विकास समिति के पदाधिकारी ने पलामू आरक्षित अधीक्षक को ज्ञापन भी दिया जिस पर कार्रवाई करने की बात कही ज्ञापन देने में सर्व ब्राह्मण विकास समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, सचिन त्रिपुरारी तिवारी, संरक्षक रूचिर कुमार तिवारी एवं कार्यकारी सदस्य श्री गोरखनाथ पांडे, शाहिद कई अन्य लोग थे।

# सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों से मिले झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर प्रखंड के रुदवा गांव में सड़क दुर्घटना में मृतक एतवरिया कुंवर एवं गौतम कुमार के परिजनों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चन्दन प्रकाश सिन्हा एवं प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र राम ने मिलकर सांत्वना दिया। मौके पर चन्दन प्रकाश सिन्हा ने कहा की परिवार के किसी भी सदस्यों का गुजर जाना बहुत ही दुखद है।इस दुख की घड़ी में पूरा झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार उनके साथ है एवं सरकारी प्रावधान के अनुसार हर संभव सहयोग किया जाएगा। मौके पर आवास कोऑर्डिनेटर संतन कुमार को तत्काल आवास स्वीकृत करते हुए कार्य प्रारंभ करने का आदेश दिया। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के प्रति शिकायत करते हुए कहा कि घायलों को ऑक्सीजन आदि संबंधित सुविधा प्रदान नहीं की जा रही है। जिस पर चन्दन प्रकाश सिन्हा ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी राजेश अग्रवाल को फोन द्वारा यह आदेश निर्गत करने का निर्देश दिया कि किसी भी हालत में स्वास्थ्य संबंधित शिकायत बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आवश्यकता अनुसार हरेक घायलों को निश्चित रूप से ऑक्सीजन एवं अन्य सुविधाएं दी जाए।रविंद्र राम ने कहा की मृतक के परिजनों का आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब है प्रसाषण को तत्काल सुविधा प्रदान करनी चाहिए ताकि जीवन यापन में कठिनाई ना हो। मौके पर सनी कुमार उदय कुमार रंजीत कुमार नंदू कुमार उमेश कुमार शिवनाथ सुरीला नागेश राम अरुण कुमार सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विधानसभा आम चुनाव-2024 को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस अधीक्षक ने भयमुक्त वातावरण में चुनाव कराने की कही बात समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा विधानसभा आम चुनाव 2024 के तहत आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता का आयोजन कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गढ़वा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 80- गढ़वा व 81- भवनाथपुर तथा 76- डालटनगंज पार्ट और 77- विश्रामपुर पार्ट की विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अधिसूचना की तिथि 18 अक्टूबर 2024, नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2024, नाम निर्देशनों की संवीक्षा की तिथि 28 अक्टूबर 2024, अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2024, मतदान करने की तिथि 13 नवंबर 2024 एवं मतगणना की तिथि 23 नवंबर 2024 निर्धारित की गई है। उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू होने के 24 घंटे एवं 72 घंटे के भीतर किए जाने वाले सभी आवश्यक कार्रवाई किए जाने की जानकारी दी गई। इसके तहत सभी सरकारी योजनाओं से संबंधित बैनर, पोस्टर आदि हटाने संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि चुनाव के मद्देनजर विभिन्न कोषांगों का गठन किया गया है। मौके पर गठित कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों का संपर्क संख्या भी प्रेस प्रतिनिधियों को साझा किया गया। उन्होंने बताया कि एएमएफ के तहत सभी पोलिंग स्टेशन पर सभी आवश्यक सुविधाओं को बहाल किया गया है, जिसके तहत पेयजल, शौचालय, रैंप, प्रकाश (लाइटनिंग), फर्नीचर, हेल्पडेस्क आदि की व्यवस्था की गई है, ताकि मतदान दिवस पर मतदाताओं समेत सुरक्षाकर्मियों एवं मतदान कर्मियों को समस्या का सामना न करना पड़े। साथ ही सभी मतदान केन्द्रों पर वॉलिंटियर्स के रूप में एनसीसी, एनएसएस स्काउट गाईड, मेंबर्स ऑफ़ ईएलसी फ़ॉर फ्यूचर वोटर्स से तैनाती की जाएगी। सभी प्रिंटिंग प्रेस गढ़वा जिला के द्वारा पोस्टर, पंपलेट, पुस्तिका आदि के मुद्रण के संदर्भ में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 (ए) का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची से संबंधित जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1950 क्रियाशील हो गया है। उनके द्वारा जानकारी दी गई कि डिस्पैच सेंटर के रूप में 80- गढ़वा एवं 81- भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय गढ़वा को बनाया गया है।

## रौशन सिंह ने अंचल पदाधिकारी से की शिष्टाचार मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** नौड़ीहा बाजार अंचल में नवनियुक्त अंचल पदाधिकारी श्री राम नारायण खलको से शिष्टाचार मुलकात भाजपा युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष श्री रौशन कुमार सिंह ने गुलदस्ता और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया । मौके पर युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष श्री रौशन कुमार सिंह ने नव नियुक्त अंचल पदाधिकारी से आग्रह किया कि राजस्व की कार्य की अपने स्तर से कार्य को निष्पादन करे ताकि आम जनता की सुविधा हो सके। नव नियुक्त अंचल पदाधिकारी श्री राम नारायण खलको ने आश्वस्त कराया कि भोले भाले जनता को कार्यालय की चक्कर नहीं कटाने पड़ेगा और उन्होंने यह भी कहा कि अपने कार्य के लिए सीधे कार्यालय आये मुलकात कर अपनी समस्या रख सकते है। उन्होंने ने कहा कि बिचौलिया व माया मीडिया से हमें पसंद नहीं है। मौके पर विशुनपुर पंचायत के पंचायत समिति के प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह, पूर्व मुखिया पति सीता राम, समाज सेवी मिथलेश कुमार यादव, अशोक यादव, प्रमोद यादव, अशोक यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस नेता अशोक पासवान ने किया जनसंपर्क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** छतरपुर-पाटन विधानसभा के छतरपुर प्रखंड एवं नौडीहा प्रखंड के शर्मा, चिरई, करकी, मझौली कर्म, होटूक, डाल, खैरदोहर, जबर, सिल्डा खुर्द, सलाया व सरैडीह गांव में कांग्रेस पार्टी का जन्संपर्क यात्रा निकाला गया। दलित कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पासवान ने लोगों को झारखंड सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को बताया और मैया सम्मान की राशि 2500 होने की सभी बहनों को बधाई दी। उन्होंने वर्तमान छतरपुर विधायक की नाकामी लोगों को बताते हुए कहा कि वर्तमान विधायक के पास सिर्फ दबंग लोगों का जमावड़ा रहता है जो कि आम गरीब लोगों के खिलाफ कार्य करते हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में ऐसे विधायक को हम सब आम जनता उखाड़ कर फेंकने का कार्य करेंगे। और कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे। मौके पर मजदूर कांग्रेस पलामू अध्यक्ष अनिल सिंह पाटन दलित कांग्रेस पाटन प्रखंड अध्यक्ष संजय पासवान महेंद्र पासवान राम नंदन प्रसाद लव सिंह राकेश दुबे विनय पासवान उपस्थित थे।

## मारपीट के मामले में फरार दो अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के चांदो गांव में चैनपुर पुलिस ने अलग-अलग मामले में दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी चांदो गांव निवासी मनोज सिंह पिता मदन सिंह व शुभम सिंह पिता सरजू सिंह के खिलाफ़ मारपीट के मामले में अप्राथमिकी दर्ज़ था। दोनों गिरफ्तार अभियुक्त जो काफी दिनों से फरार चल रहा था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसकी पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि दोनों पर मारपीट के तहत मामला दर्ज था। दोनों कई माह से फरार चल रहा था इसी आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## विधायक ने पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हैदरनगर कबरा कला मुख्य पथ में परता गांव के समीप मुरही नदी पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस सड़क का निर्माण पहले से चल रहा है। ग्रामीणों की मांग पर पुल निर्माण कार्य को स्वीकृत कराकर मंगलवार से कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। जर्जर पुल होने की वजह ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती थी। विधायक ने पुल निर्माण कार्य के अलावा विधायक कोटा की अन्य कई योजनाओं का भी ऑनलाइन शिलान्यास कर कार्य प्रारंभ कराया। शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र की एक एक सड़क पुल पुलिया का निर्माण कराने का काम किया है। इसके साथ ही जानता की हर एक समस्या के समाधान का ईमानदारी के साथ समाधान किया। हो सकता है कुछ काम नहीं हो सके होंगे। मगर सड़क स्वास्थ्य शिक्षा के साथ साथ गली नाली चबूतरा विवाह मंडप आदि जनता की मांग पर पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज हुसैनाबाद की जनता उनके परिवार के सदस्य हैं। उनकी समस्या का समाधान करना उनका दायित्व है। शिलान्यास कार्यक्रम मे विधायक का फूल माला गाजा बाजा के साथ स्वागत किया गया। भाजपा नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि विधायक ने सम्पूर्ण इलाके का बिना भेद भाव कार्य किया है। जिससे सभी जात धर्म व समुदाय के लोगों को फायदा हो रहा है। हुसैनाबाद में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क व बिजली के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। दोनों कार्यकाल के दौरान उन्होंने जो कार्य किया है, उससे जनता वाकिफ है। शिलान्यास के मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## डायरिया से प्रभावित गांव झुरही में जानकारी लेते आपदा प्रबंधन पदाधिकारी डॉक्टर संतोष मिश्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** प्रखंड के कैलान पंचायत के झुरही टोला से डायरिया का प्रकोप पंडरिया पंचायत के घाघरा गांव में पहुंच गया है। मंगलवार को चंद्रावती देवी, संगीता देवी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। झुरही टोला के अशोक कोरवा की पत्नी समुद्री देवी की मौत 12 अक्टूबर को तथा 13 अक्टूबर को पांच वर्षीय पुत्र की मौत गढ़वा सदर अस्पताल में ईलाज के दौरान हों गया था। अशोक कोरवा इस घटना के बाद अपना गांव झुरही छोड़कर घाघरा में रह रहा था। डायरिया से पीड़ित चंद्रावती देवी ने बताया कि अशोक कोरवा की पत्नी समुद्री देवी हमारी बहन थी। घटना के बाद हमारे घर ही रह रहे थे, जिससे हमलोग भी डायरिया की चपेट में आ गए। सोमवार को अस्पताल से हों रहे अशोक कोरवा, राधा देवी, शक्ति कोरवा, लखन कोरवा का इलाज जारी है। कैलान के झुरही टोला में फैले डायरिया के प्रकोप से चार की मौत के बाद मंगलवार को जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार मिश्रा ने प्रभावित गांव पहुंच कर जानकारी ली। संतोष मिश्रा ने अशोक कोरवा के घर पहुंच कर उसकी मृतक पत्नी, पुत्र संबंधित जानकारी प्राप्त किया। अशोक कोरवा की आठ वर्षीय बेटी अंजली कुमारी, शिवनारायण कोरवा का 18 वर्षीय पुत्र रवी कुमार का गले के अन्दर का जांच के लिए सैम्पल लिया है। बताया कि रिम्स अस्पताल में जांच के लिए भेजा जायेगा। उसने बताया कि अशोक कोरवा के घर से डायरिया की शुरुआत हुई है। उसके घर वाले जिस कुआं का पानी पिते है या अन्य कार्यों में उपयोग करते हैं वह खेत में भटकुआं जैसा है। चारो तरफ से बहकर आने वाले गन्दा पानी उसी कुआं है जमा होता है। बताया कि झुरही टोला में डायरिया नियंत्रण में है। प्रतिदिन गांव में मेडिकल शिविर में तीन से चार मरिज आते हैं और उनका इलाज कर भेज दिया जाता है।

## पैर से गोलगप्पा का आटा सानते विडियो वायरल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मझिआंव नगर पंचायत के बाजार में गोलगप्पे के आटे को पैर से गूंथते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। इस घटना ने उस समय तूल पकड़ा जब दो दुकानदारों को घेरकर गोलगप्पे का पानी बनाने की विधि पूछी गई और चौंकाने वाली सच्चाई सामने आई। हिरासत में लिए गए दुकानदारों ने बताया कि वे गोलगप्पे में स्वाद बढ़ाने के लिए हार्पिक और यूरिया का उपयोग करते थे। यह सुनकर लोगों का गुस्सा और बढ़ गया। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने ले आई।

## शपथ पत्र

**समक्ष,**
**नोटरी पब्लिक**
**डाल्टनगंज, पलामू**

मैं, प्रवीण कुमार सिंह पिता सकलदेव सिंह, निवासी ग्राम पिण्डरहे, पो. चांदो, थाना रामगढ़, जिला पलामू, झारखंड शपथ पूर्वक एकरार करता हूं कि

1. यह कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम प्रवीण कुमार सिंह दर्ज है तथा मेरे नाम से आधार कार्ड संख्या-4011 4788 5292 है, जिसमें मेरा नाम गलती से घर का पुकारु नाम प्रवीला सिंह दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम प्रवीण कुमार सिंह होना चाहिए, जिसे सुधार की आवश्यकता हैं।

2. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपना आधार कार्ड में सही नाम सुधार कराने हेतु कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 281

**सुविचार**
अपनों का साथ बहुत आवश्यक है, सुख है तो बढ़ जाता है और दुःख हो तो बंट जाता है!

# प्रभात मंत्र

बुधवार
16.10.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26



## पहला चरण

18 अक्टूबर को जारी होगी अधिसूचना

28 अक्टूबर को होगी नामांकन पत्रों की जांच

25 अक्टूबर से शुरू होगा नामांकन

30 अक्टूबर को होगी नाम वापसी

13 नवंबर को होगा राज्य में पहले फेज का चुनाव

## चुनाव आयोग ने किया झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान

### यह पेजर नहीं ईवीएम है

ईवीएम पर सवाल पूछा गया। राजीव कुमार ने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि जब पेजर से विस्फोट हो सकता है तो ईवीएम हैक क्यों नहीं हो सकता। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि पेजर कनेक्टेड होता है लेकिन ईवीएम कनेक्टेड नहीं होता। उन्होंने कहा कि दो मोटी बात बताता हूं। ईवीएम मशीनों की एफएलसी, फर्स्ट लेवल चेकिंग होती है। 5 और 6 महीने पहले होती है। हर उम्मीदवार के सवाल का जवाब देना हमारी जिम्मेदारी होती है। स्टोरेज में रखना बाहर निकालना, बूथ पर ले जाना सील करना, हर समय पर राजनीतिक दल एजेंट मौजूद रहते हैं।

### क्रिकेट की तरह होगी ऐक्शन रिप्ले

राजीव कुमार ने कहा कि जैसे क्रिकेट में ऐक्शन रिप्ले होता है, वैसे ही बाद में हम रिप्ले करके देख लेते हैं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि यहां भी क्रिकेट जैसा हम रिप्ले देख सकते हैं। ताकि निष्पक्ष चुनाव हों। उन्होंने कहा कि हम ये चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष कराने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि लेवल प्लेइंग सभी दिया जाएगा।

महाराष्ट्र की 288 विस सीटें एनडीए सत्ता में अभी

झारखंड की 81 विधानसभा सीटें यूपीए सत्ता में अभी

**23 नवंबर को आएंगे नतीजे**

## दूसरा चरण

22 अक्टूबर को जारी होगी अधिसूचना

30 अक्टूबर को होगी नामांकन पत्रों की जांच

29 अक्टूबर से शुरू होगा नामांकन

01 अक्टूबर को होगी नाम वापसी

20 नवंबर को होगा राज्य में दूसरे और आखिरी फेज का चुनाव

# झारखंड में 13 व 20 नवंबर को होगा मतदान




एजेंसी

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है। यहां 81 विधानसभा सीटों पर दो चरण में चुनाव होंगे। पहले चरण में 13 नवंबर और दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा। जबकि 23 नवंबर को मतगणना होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि झारखंड में पहले चरण की अधिसूचना 18 अक्तूबर को जारी होगी। जबकि नामांकन 25 अक्तूबर से शुरू होंगे। वहीं नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्तूबर को होगी। नाम वापसी 30 अक्तूबर को होगी। जबकि मतदान 13 नवंबर को होगा।दूसरे चरण के चुनाव की अधिसूचना 22 अक्तूबर को जारी होगी। नामांकन 29 अक्तूबर से होंगे। नामांकन पत्रों की जांच 30 अक्तूबर को होगी। जबकि नाम वापसी एक नवंबर को होगी। दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को होगा। नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि झारखंड में कुल मतदाता 2.06 करोड़ हैं। इनमें से पुरुष मतदाता 1.31 करोड़ और महिला मतदाता 1.29 करोड़ हैं।

### झारखंड में होंगे कुल 29562 मतदान केंद्र

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि झारखंड में कुल 29562 मतदान केंद्र होंगे। इसमें 20221 लोकेशन पर मतदान केंद्र हैं। इसमें 5042 मतदान केंद्र शहरी क्षेत्र और 24520 मतदान केंद्र ग्रामीण इलाकों में होंगे। आयोग के मुताबिक हर मतदान केंद्र पर औसत 881 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि झारखंड में कुल 81 विधानसभा सीटों में से सामान्य सीटें 44, एसटी सीटें 28 और एससी नौ हैं।

### पिछली बार 5 चरण में हुआ था मतदान

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि पिछली बार झारखंड में पांच चरण में मतदान हुआ था। इस बार इसे दो चरण में कराया जाएगा। बता दें कि झारखंड में मौजूदा समय में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद गठबंधन की सरकार है। 2019 के विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा को 30, भाजपा को 25 और कांग्रेस को 16 सीटें मिली थीं।

इसके अलावा झारखंड में कुल युवा मतदाता 66.84 लाख हैं। जबकि फर्स्ट टाइम वोटर 11.84 लाख और दिव्यांग मतदाता 3.67 लाख हैं। साथ ही यहां पर थर्ड जेंडर मतदाता 448 हैं। इसके साथ ही सौ साल से ऊपर वाले मतदाता 1706 और 85 वर्ष से ऊपर के मतदाता 1.14 लाख हैं।

**मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर चुनाव की सफलता का जिक्र किया साथ ही साथ उन्होंने एक फिल्मी गीत के सहारे चुनाव आयोग पर उठ रहे सवालों का जवाब दिया। राजीव कुमार ने कहा कि कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना...**



# महाराष्ट्र में मतदान 20 नवंबर को




**नई दिल्ली :** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो गया है। चुनाव आयोग के अनुसार राज्य में एक ही चरण में सभी 288 सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग होगी और 23 नवंबर को विधानसभा चुनाव के नतीजे आएंगे। चुनाव आयोग के अनुसार महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए 22 अक्तूबर को अधिसूचना जारी होगी, जबकि नामांकन की आखिरी तारीख 29 अक्तूबर को है। इस कड़ी में 30 अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, वहीं नाम वापसी के लिए 4 नवंबर आखिरी दिन होगा।महाराष्ट्र में कुल मतदाताओं की संख्या करीब 9.63 करोड़ है, जिसमें 4.97 करोड़ पुरुष मतदाताओं की संख्या है। वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 4.66 करोड़ है। अगर युवा मतदाताओं की बात करें तो इनकी संख्या 1.85 करोड़ है। जबकि पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं की संख्या 20.93 लाख है। महाराष्ट्र में कुल 52 हजार 789 जगहों पर एक लाख 186 पोलिंग स्टेशन होंगे। इसमें शहरी इलाकों में 42 हजार 604 और ग्रामीण इलाकों में 57 हजार 582 हैं। वहीं एक पोलिंग स्टेशन पर तकरीबन 960 मतदाताओं के वोट डालने का एवरेज हैं।

### मतदाताओं के लिए पोलिंग स्टेशन पर होगी दुरुस्त व्यवस्था

मुख्य चुनाव आयुक्त के अनुसार, मतदान के दौरान कतारों के बीच में थोड़ी कुर्सियां या बेंच लगाई जाएंगी ताकि अपनी बारी का इंतजार कर रहे मतदाता थोड़ी-थोड़ी देर में बैठ सकें। ये व्यवस्था हर मतदान केंद्र पर मिलेगी।

### महाराष्ट्र विधानसभा का चुनावी गणित

महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। महाराष्ट्र में विधानसभा सीट की कुल 288 सीटें हैं, जबकि बहुमत के लिए 145 सीटें जरूरी हैं। महाराष्ट्र में महायुति और महा विकास अघाड़ी गठबंधनों के बीच कांटे की टक्कर है। 2019 में विधानसभा चुनावों में बीजेपी 152 सीटों पर लड़ी थी। तब बीजेपी ने अविभाजित शिवसेना के लिए 124 सीटें छोड़ी थी। वहीं एनडीए ने अपने अन्य सहयोगियों के लिए 12 सीटें छोड़ रखी थीं। इससे पहले बीजेपी ने साल 2014 के विधानसभा चुनाव में 122 और 2019 में 105 सीटों पर जीत हासिल की थी।

## क्विक न्यूज

### कांग्रेस ने नियुक्त किए झारखंड और महाराष्ट्र के लिए पर्यवेक्षक

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने झारखंड और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों के लिए मंगलवार को वरिष्ठ पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की।कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं डॉ. जी परमेश्वर को मुंबई एवं कोकन का और विदर्भ क्षेत्र के अमरावती एवं नागपुर के लिए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, चरणजीत सिंह चन्नी और उमेश सिंघार को वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। मराठवाड़ा के लिए सचिन पायलट और उत्तम कुमार रेडडी को वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। पश्चिमी महाराष्ट्र के लिए टीएम सिंघदेव, एमबी पाटिल और उत्तरी महाराष्ट्र के लिए डॉ. सैयद नसीर हुसैन व डॉ. डी अनसुया को वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। मुकुल वासनिक और अविनाश पांडे को महाराष्ट्र राज्य इकाई का सीनियर कोआर्डिनेर नियुक्त किया है। वहीं झारखंड के लिए कांग्रेस ने तारिक अनवर,अधीर रंजन चौधरी और भट्टी विक्रमार्क मल्लू को वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 20° |

# यूएस से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदेगा भारत



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत और अमेरिका ने मंगलवार को 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के लिए 32 हजार करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने पिछले सप्ताह अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के सौदों को मंजूरी दी थी। खरीदे जाने वाले ड्रोन के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल के लिए देश में ही एमआरओ स्थापित किया जाएगा। भारतीय नौसेना को 31 में से 15 ड्रोन, जबकि सेना और वायु सेना को आठ-आठ ड्रोन मिलेंगे, जिनके शांतिकालीन निगरानी में गेम चेंजर साबित होने की उम्मीद है। दरअसल, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा के संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने और निगरानी को बढ़वा देने के लिए सेना, नौसेना और वायु सेना ने एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की जरूरत जताई थी। खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में नौसेना अपनी उपस्थिति बढ़ाना चाहती है। इस ड्रोन के आने के बाद हिंद महासागर पर चीन के खिलाफ घेराबंदी और मजबूत हो सकेगी। इसी क्रम में प्रीडेटर ड्रोन के सौदे को 15 जून, 2023 को रक्षा अधिग्रहण परिषद से मंजूरी मिली थी। इसके बाद पिछले सप्ताह 10 अक्टूबर को सीसीएस ने भी मंजूरी दे दी। यह अत्याधुनिक ड्रोन सिर्फ भारतीय नौसेना के लिए खरीदे जाने थे, लेकिन बाद में इसे तीनों सेनाओं के लिए 31 ड्रोन खरीदने का फैसला लिया गया। भारतीय नौसेना इस सौदे के लिए प्रमुख एजेंसी है, जिसमें 15 ड्रोन अपनी जिम्मेदारी के क्षेत्र में निगरानी संचालन के लिए समुद्री बल को दिए जाएंगे। इसके अलावा सेना और वायु सेना को 8-8 ड्रोन मिलेंगे।

# मंईयां सम्मान योजना की राशि बढ़ाने को लेकर जेएमएम ने निकाला विजय जुलूस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला समिति ने मंगलवार को मंईयां सम्मान योजना की राशि बढ़ाने को लेकर विजय जुलूस निकाला। झारखंड सरकार की महत्वपूर्ण योजना मंईयां सम्मान योजना को 1000 से बढ़ाकर 2500 रुपये कर दिया गया है। रांची जिला स्कूल से अलबर्ट एक्का चौक तक विजय जुलूस निकाल कर हेमंत सरकार को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा यह योजना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने यहां की बेटियां, बहनों और महिलाओं के लिए बहुत ही संवेदनशील होकर सोचा और उन्हें मुख्य धारा से जुड़ने के लिए 2500 रुपए की सम्मान राशि की योजना देने का काम किया। मंईयां सम्मान योजना की तीन किस्त राज्य की 52 लाख से भी अधिक महिलाओं के खाते मे जा चुकी है और इसी दिशा मे उन्हें सशक्त करने के लिए 2500 की सम्मान राशि महिलाओं को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जो कहते हैं वो करते हैं, भाजपा की तरफ फर्जी घोषणा और योजना नहीं लाते। विजय जुलूस में केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जनक नायक, बीरू साहू, कलाम आजाद, रामानन्द बेदिया,सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नयन तारा उरांव, उपाध्यक्ष राखी देवी, अंशु लकड़ा, कोषाध्यक्ष उषा उरांव सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# वैश्विक डिजिटल नियमों पर पीएम ने दिया जोर

एजेंसी



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नैतिक उपयोग के लिए एक वैश्विक ढांचा तैयार करने की जोरदार वकालत की। उन्होंने कहा कि वैश्विक संस्थाओं के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक ढांचे और वैश्विक शासन के लिए वैश्विक दिशा-निर्देशों के महत्व को स्वीकार करने का समय आ गया है। आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ-विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा 2024 का उद्घाटन किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 8वें संस्करण का भी उद्घाटन किया और इस अवसर पर प्रदर्शित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक ढांचा स्थापित करने के महत्व को दोहराया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस विषय को भारत ने अपने जी-20 प्रेसीडेंसी के दौरान उठाया था और वैश्विक संस्थाओं से वैश्विक शासन के लिए इसके महत्व को पहचानने का आग्रह किया। उन्होंने कहा,वैश्विक संस्थाओं के लिए वैश्विक शासन के महत्व को स्वीकार करने का समय आ गया है।

Asarfi Hospital
असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपरस्पेशलिटी हॉस्पीटल
Department of Gastroenterology
Dr. Sanjay Kumar Singh
MBBS, MD, DrNB (Gastroenterology)
Consultant Gastroenterology
Endoscopy | Colonoscopy | ERCP
प्रतिदिन : सोमवार से शनिवार
समय :- सुबह 10 बजे से 4 बजे तक
7808368888
हमारा लक्ष्य धनबाद फर्स्ट
हरेन्द्र सिंह
Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad- 828130

## संक्षिप्त खबरें

### विनोद रवानी बने बालूमाथ के एसडीपीओ

**रांची :** सीआईडी में पदस्थापित डीएसपी विनोद रवानी को बालूमाथ का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) बनाया गया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### राज्यपाल ने एपीजे अब्दुल कलाम को जयंती पर किया नमन

**रांची :** राज्यपाल संतोष गंगवार ने देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन के नाम से प्रसिद्ध महान वैज्ञानिक भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया है। राज्यपाल ने मंगलवार को एक्स पर ट्वीट कर कहां है कि भारतीय रक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में उनका अमूल्य योगदान अविस्मरणीय है। उनके आदर्श और विचार सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी हैं।

### श्री श्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव 16 को

**रांची :** रांची के हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर खाटूनरेश का विशेष उत्सव का आयोजन 16 अक्टूबर को विविध कार्यक्रमों के साथ होगा। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने मंगलवार को बताया कि खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर की परंपरा के अनुसार ही हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव होगा। इस दिन मुख्य समारोह रात 9 बजे शुरू होगा। खाटूनरेश की अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित कर भजन-संकीर्तन होगा।

# हेमंत सरकार ने बढ़ाया है महिलाओं का मान सम्मान : झामुमो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को झामुमो रांची जिला समिति ने झारखंड सरकार की महत्वपूर्ण योजना मंईयां सम्मान योजना को 1000 से बढ़ाकर 2500 महीना, अर्थात 30,000 सलाना करने की खुशी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड सरकार का आभार प्रकट करने हेतु रांची जिला स्कूल से अलबर्ट एक्का चौक तक विजय जुलूस निकाल कर हेमंत सरकार को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा यह योजना माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने यहां की बेटियां, बहनों और महिलाओं के लिए बहुत ही संवेदनशील होकर सोचा और उन्हें मुख्य धारा से जुड़ने के लिए 2500 रुपए की सम्मान राशि की योजना देने का काम किया। मंईयां



सम्मान योजना की तीन किस्त राज्य की 52 लाख से भी अधिक महिलाओं के खाते मे जा चुकी है और इसी दिशा मे उन्हें सशक्त करने के लिए 2500 की सम्मान राशि महिलाओं को दी जाएगी। माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी जो कहते हैं वो करते हैं, भाजपा की तरफ फर्जी घोषणा और योजना नहीं लाते। इस अवसर पर झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व मे केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जनक नायक, बीरू साहू, कलाम आजाद, रामानन्द बेदिया,सचिव डॉ हेमलाल कु मेहता, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नयन तारा उरांव, उपाध्यक्ष राखी देवी, अंशु लकड़ा, कोषाध्यक्ष उषा उरांव, महानगर अध्यक्ष संध्या गुड़िया, उपाध्यक्ष सुषमा बरदेवा, संगठन सचिव राधा हेंब्रम, पुष्पा बरदेवा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष फरीद खान, उपाध्यक्ष सबीबुल रहमान, परवेज़ आलम गुड्डु, कोषाध्यक्ष विलयम रिचर्ड लकड़ा, कुदूस अंसारी, युवा मोर्चा जिला सचिव सोनू मुंडा, कोषाध्यक्ष अजीत नायक, संगठन सचिव रमजान रजा, क्रीड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू, तालकेश्वर महतो, अफरोज आलम, अरुण वर्मा, लालजी रमण, जीत गुप्ता, विश्वजीत भट्टाचार्य, सुकरमनी देवी, नीलम देवी, दयामनी देवी, प्रमिला देवी, सरस्वती देवी, पिंकी कुमारी, सुनीता देवी, आरती सिंह, गुलअफसा सानी, महादेव मुंडा, किसान मोर्चा जिला सचिव सज्जाद अंसारी, मो इरफान, कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी, सचिव नवीन तिर्की, नामकुम प्रखंड अध्यक्ष बिरिश मिंज, सचिव मोजाहिद हुसैन, उपाध्यक्ष साहिल यादव, नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की, गोपाल पांडेय, राजेश सिंह, निखिल, कमरुल हक, बबलू अंसारी एवं अन्य सैकड़ो कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

# थानेदार अपने क्षेत्र के जिला बदर और जेल से बाहर आये अपराधियों पर रखे नजर : एसएसपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही रांची विधानसभा क्षेत्र को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने रांची जिला अंतर्गत सभी थानेदारों, डीएसपी, ग्रामीण एसपी, सिटी एसपी के साथ मिलकर बैठक की और आदर्श आचार्य संहिता को लेकर जानकारियां दी । वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी हम सब पर है। लोकसभा चुनाव की तरह रांची जिला अंतर्गत सभी विधानसभा जिसमें रांची, हटिया, कांके,मांडर, खिजरी तमाड़ शामिल हैं। इस सभी विधानसभा पर शांतिपूर्ण तरीके से सफलतापूर्वक चुनाव कराना है।

**जिला बदर और जेल से बाहर आये अपराधियों पर रखे नजरः** वरीय पुलिस अधीक्षक ने आगे कहा कि किसी भी तरह का थाने क्षेत्र में कोई उपद्र करता है , अफवाह फैलता है, चुनाव से संबंधित किसी मतदाता को प्रलोभन देता है , मतदान नहीं करने के लिए



धमकता है , ऐसे लोगों को चिन्हित करना है । साथ ही थाना क्षेत्र के उन तमाम जगहों को भी चिन्हित करना है जहां पर पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान अपराधियों को जिला बदर किया गया था। जेल से जो बाहर वैआया है वैसे अपराधियों पर नजर रखना है , उसकी गतिविधियों पर नजर रखनी है, किसी तरह का कोई अपराधिक घटना को अंजाम न दे इसका पूरा ख्याल रखना है। जरूरत पड़े तो उसे थाना में हाजिरी कराएं, बहुत ज्यादा जरूरी है तो उसे फिर से जिला बदर किया जि सकता है। जहां मतदान केंद्र है उसके 200 मीटर के दायरे के बाहर ही उम्मीदवार अपने बूथ एजेंट को रखें । किसी तरह का बदमाशी नहीं होनी चाहिए ।साथ ही ऐसे मतदान केंद्र जो अति संवेदनशील है वहां पर भी पुलिस फोर्स को तैनात किया जाना है। किसी को यह लगता है कि कोई चुनाव में बदमाशी कर सकता है, मतदाता को भड़का सकता है ,डरा सकता है, तो इसकी गुप्त सूचना पुलिस को दी जा सकती है। इस मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, नगर डीएसपी के वी रमन, कोतवाली डीएसपी प्रकाश , ओमप्रकाश सहित कई डीएपी व रांची जिला के विभिन्न थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## हेमंत सोरेन सरकार ने काम किया है, हम सब चुनाव का स्वागत करते हैं : डॉ0 महुआ माजी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा पर झामुमो से राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने कहा, ÷चुनावों की घोषणा एक महीने पहले ही कर दी गई, इससे कुछ काम जरूर बाधित होंगे , लेकिन हम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। क्योंकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व बहुत काम हुआ हुआ है। नियुक्ति,रोजगार,बहाली से लेकर स्वास्थ्य चिकित्सा,शिक्षा, जेपीएससी, जेएससीसी सहित सभी परीक्षाएं कराई गई , महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया गयि एक हजार से बढ़ाकर 2500 कर दिया गया। महागठबंधन के सभी विधायक और कार्यकर्ताओं ने शुरू से ही जनता के लिए काम किया है। जनता को पूरा भरोसा है कि यहां फिर से झामुमो और महागठबंधन राजद, कांग्रेस,वामदल की सरकार बनेगी। वहीं इसे लेकर कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा पर कहा, ÷हम दोनों विधानसभा चुनाव और देश भर में हो रहे उपचुनाव को लेकर आश्वस्त हैं कि हमारी जीत होगी। झारखंड विधानसभा का कार्यकाल दिसंबर के आखिरी सप्ताह तक है, उन्होंने इसकी घोषणा सबसे पहले की। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है, उन्होंने महाराष्ट्र चुनाव की घोषणा सबसे बाद में की। चुनाव आयोग जिस संपूर्ण मतदान तिथि की घोषणा कर रहा है, मुझे लगता है कि उसमें कुछ पारदर्शिता की कमी है, लेकिन हम चुनाव लड़ेंगे और पिछले बार से इस बार और बेहतर करेंगे।

# बीजेपी के रहते संविधान और आरक्षण पर खरोंच तक नहीं आएगी : लाल सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गरीबी को नजदीक से देखने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब से देश की सत्ता को संभाला है, गरीबों के उत्थान के लिए ही काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश से गरीबी हटाने के लिए कटिबंध हैं। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने कही। चुग आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजत भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, झारखण्ड प्रदेश के प्रशिक्षण सह कार्यशाला कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि देश के चार करोड लोगों को पक्का मकान दे दिया गया है और 3 करोड नए पक्का मकान देने की योजना है। जबकि 11 करोड़ घरों में शौचालय बने हैं और तकरीबन 11 करोड़ घरों में रसोई गैस सिलेंडर भी पहुंचाया गया। इतना ही नहीं 14 करोड़ घरों में नल से पीने का पानी भी पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि देश को गरीबी से मुक्त बनाने के लिए भाजपा कटिबद्ध हैं।जबकि झूठ और नफरत फैलाने वाले कांग्रेस पार्टी से देश के लोगों को बचने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कांग्रेस पार्टी के झूठ का विष भी पीना पड़ रहा है।

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा है कि जब तक केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार है तब तक आरक्षण को खरोंच भी आने नहीं दी जाएगी। संविधान और आरक्षण को खत्म करने की कल्पना भी भारतीय जनता पार्टी के रहते नहीं की जा सकती है।

उन्होंने कांग्रेस की नीयत और नीति पर सवाल उठाते हुए कहा है कि कांग्रेस का दलित विरोधी चेहरा दशकों से चला आ रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत से साथ सरकार बनायेंगे। झारखंड के 41 अनुसूचित जाति बहुल सभी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी जीत दर्ज करेगी। प्रदेश के मोर्चा ओर सोशल मीडिया के प्रभारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने विधानसभा चुनाव में जीत का मंत्र भी दिया।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में कोताही बरते जाने की शिकायत पर हटाये गये डीसी, वरुण बने रांची डीसी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची जिला में एक बार फिर उपायुक्त मंजुनाथ भंजन्त्री को हटा दिया गया है। इनके स्थान पर उपायुक्त के रूप में वरूण रंजन को उपायुक्त बनाया गया है। उन्होंने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान उपायुक्त 'मंजूनाथ भजंत्री' से पदभार लिया। बता दें कि वरूण रंजन 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और इससे पहले धनबाद के उपायुक्त के रूप में कार्यरत थे। उन्हें हाल ही में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में ड्यूटी में कोताही बरतने के कारण हटाया गया था। इससे पहले, मंजूनाथ भजंत्री को रांची का उपायुक्त नियुक्त किया गया था, जिन्होंने राहुल सिन्हा को हटाकर यह पद संभाला था। मंजुनाथ भंजन्त्री को लेकर भाजपा लगातार निर्वाचन आयोग पर दबाव बना रहा था।

## युवाओं ने कहा तीन बार एक ही चेहरा को देखकर थक चुके हैं अब बदलाव चाहिए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नगर निगम रांची के पूर्व उप महापौर अजय नाथ शाहदेव के युवा संवाद कार्यक्रम में हटिया विधानसभा के हजारों युवक युवतियां जुटें। हटिया विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर और स्थानीय लोगों की समस्याओं का हल कैसे हो इस पर ही अजय नाथ शाहदेव ने युवाओं के साथ सीधे संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए, और युवाओं की बातों, युवक युवतियों की समस्याएं और उनकी जरुरतों से अवगत हुए।

सेक्टर 2 स्थित गाला बैंक्वेट में आयोजित इस कार्यक्रम में हटिया विधानसभा में बदलाव को लेकर युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। युवाओं ने कहा कि वर्तमान में हटिया विधानसभा की




तकदीर और तस्वीर दोनों बदलनी चाहिए । इसके लिए ऐसे विधायक की जरूरत है, जिनके पास विजन हो और कुछ करने की सलाहियत रखते हैं। हम लोगों ने तीन बार से इसी सोच और उम्मीद के साथ एक ही पार्टी के विधायक को चुनते रहे और स्थिति यह रही कि हटिया की स्थिति बदतर होती चली गई , यहां एक नहीं 100 समस्याएं हैं , जो उंगलियों में गिना नहीं जा सकता है। स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा ,पेयजल, बिजली, सड़क आदि की सुविधाएं गांव गांव तक नहीं हुआ। इसी महसूस के साथ अब बदलाव जरुरी है । इसलिए नए विधायक के रुप में अजयनाथ शाह देव को चुनकर लाना हमारी प्राथमिकता में है। यही शख्सियत हटिया वासियों की जरूरत को पूरा करेंगे। इस मौके पर बजरंग महतो,निरंजन महतो,कुशल उरांव ,सहाबीर लोहरा, नीतेश नागपाल, रमेश शाहदेव,अरसद कुरैशी,रमन मिश्र सहित काफी संख्या में युवा उपस्थित हुए।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व बाउरी ने चुनाव की घोषणा का किया है स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** चुनाव आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। इसका भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने स्वागत किया है। मरांडी ने कहा कि बीते 5 सालों में बेरोजगारी, घुसपैठ, अपराध, भ्रष्टाचार, कुशासन, तुष्टिकरण, दलित-आदिवासी-पिछड़े समाज का उत्पीड़न और झामुमो कांग्रेस राजद के जंगलराज से त्रस्त झारखंड की जनता-जनार्दन अब परिवर्तन



चाहती है।यह चुनाव झारखंड की रोटी, बेटी और माटी की अस्मिता को बचाने का चुनाव है। यह चुनाव आदिवासी समाज के अस्तित्व को घुसपैठियों से बचाने का चुनाव है। यह चुनाव युवा साथियों को नौकरी, रोजगार और न्याय दिलाने का चुनाव है। यह चुनाव झारखंड के गरीब, किसान, महिलाओं को उनका हक़ दिलाने का चुनाव है। यह चुनाव झारखंड को बचाने का चुनाव है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस विधानसभा चुनाव में झारखंड के मतदाता आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन को प्रचंड बहुमत देकर लोक कल्याणकारी सरकार बनाएंगे।

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड की अत्याचारी-महाभ्रष्ट झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के विदाई की अंतिम गिनती शुरू हो चुकी है। दो चरणों में चुनाव का यह निर्णय स्वागत योग्य है।

# भाजपा चुनाव के लिए तैयार है : प्रतुल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बीजेपी के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि हम पूरी तरह से तैयार हैं, क्योंकि इस चुनाव का समय था। 5 जनवरी को विधानसभा की मियाद खत्म हो रही है, इसलिए चुनाव समय पर होना आवश्यक था। वहीं उन्होंने झामुमो को लेकर कहा कि हम झारखंड में चुनावी जीत की तैयारियों में हैं, झामुमो की चिंता का कोई आधार नहीं है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि अपने दल की तैयारी और विपक्ष की चिंताओं पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए टिप्पणी करते हुए कहा कि वह घबराई हुई है। घबराहट के कारण वह चुनाव से पहले के माहौल को 'लोकतंत्र की हत्या' के रूप में पेश कर रही है। आगे उन्होंने कहा, यह सब उनकी कुशासन, भ्रष्टाचार और लूटखसोट के राज के अंत होने का संकेत है। भाजपा प्रवक्ता ने सीएम हेमंत सोरेन को निशाना बनाते हुए कहा, वे अंततः झामुमो के अंतिम युवराज साबित होंगे और हम पूरी तरह से चुनाव के लिए तैयार हैं।

इसके बाद प्रतुल ने तंज कसते हुए कहा कि झामुमो और कांग्रेस के नेता चुनावों के डर से बहाने बना रहे हैं और साथ ही शाहदेव ने उन्हें सिविक्स का बेसिक क्लास 10 का किताब पढ़ने की सलाह दी। झारखंड की मौजूदा हालात को लेकर प्रतुल ने कहा झारखंड की आदिवासी मूलवासी जनता को लूटने की उनकी मंशा साफ है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी चुनाव की घोषणा के साथ ही मैदान में है, जबकि उनके खेमे में मायूसी छाई हुई है। उन्होंने कहा कि झामुमो की सरकार का पांच साल का रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है और लोग इससे थक चुके हैं। हमारा मानना है कि यह चुनाव हेमंत सोरेन के लिए अंतिम होगा, और झामुमो फिर से सत्ता में नहीं आएगी, उन्होंने जोड़ा। इस बीच, शाहदेव ने यह भी स्पष्ट किया कि बीजेपी चुनावों के लिए तैयार है और उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि झारखंड में एक नई राजनीतिक दिशा देखने को मिलेगी।

# वक्फ की संपत्ति की न चोरी होगी और न किसी को चोरी करने देंगे : डॉ सरफराज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यसभा सांसद झारखंड सुन्नी वक्फ बोर्ड के नव निर्वाचित अध्यक्ष बनाये जाने पर डॉ सरफराज अहमद का कांटा टोली स्थित झारखंड प्रदेश जमीअतुल कुरेश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी के आवास पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । यह सम्मान समारोह का आयोजन जमीअतुल मोमिनीन चौरासी पंचायत, जमीयतुल कुरैश पंचायत झारखंड सहित विभिन्न पंचायतों के द्वारा सामूहिक रूप से किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत कांटा टोली जामा मस्जिद के इमाम व खतीब मंजूर हसन बरकाती के तिलावत कुरान से हुई । इसके बाद वक्फ बोर्ड के नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ सरफराज अहमद को शॉल ओढ़ाकर एवं बूके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सरफराज अहमद ने कहा कि मैं काम करने के लिए आया हूं और काम करूंगा । अल्लाह का दिया हुआ मेरे पास सब कुछ है, मैं वक्फ की संपत्ति में चोरी नहीं करूंगा और ना ही किसी को चोरी करने दूंगा । अगर किसी ने गलतफहमी पाल रखी है, तो वे भूल जाए। मुझे सब पता है, कि वक्फ की संपत्ति से जिन्हें रोजगार के लिए दुकान आठ सौ या हजार रुपये में दिया गया है, वही 10,000 से 25, 000 में दूसरों से दुकान गिरवी में दे रखा है । वे




अब सुधर जाए, क्योंकि वक्फ की संपत्ति गरीब ,दबे कुचले और जरुरत मंदों के लिए है, तो इसमें चोरी ना करें। ईमानदारी से कम करें। वक्फ की संपत्ति का सर्वे होगा, जो छूट गया है , उसे भी छोड़ा जाएगा। किसी के साथ कोई बेमानी नहीं होगी। मैं राज्यसभा सांसद भी हूं मेरी जिम्मेदारी हर तरह से बड़ी है। वही मंच संचालन गुलाम जावेद ने किया और धन्यवाद ज्ञापन मौलाना ओबेदुल्लाह कासमी ने की। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी मुख्तार , सुन्नी वक्फ बोर्ड के सदस्य मो फैजी, मौलाना तहजीबुल उल हसन , हजरत कुतुबुद्दीन रिशालदार सह बाबा कमेटी के सचिव जावेद, मौलाना ओबेदुल्लाह कासमी, मोहम्मद इकराम, नदीम इकबाल, सज्जाद इदरीसी, नदीम खान, जमीअतुल मोमिन चौरासी पंचायत के जबीउल्लाह, झारखंड पुलिस एसोसिएशन के महामंत्री मो महताब आलम , जमीयतुल कुरैश पंचायत के अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी पप्पू, महासचिव परवेज कुरैशी, उपाध्यक्ष अफरोज , मुस्तफा कुरैशी, आफताब कुरैशी, बशीर कुरैशी, आसिफ कुरेशी, फरहाद कुरैशी, अकबर कुरैशी, हजारीबाग जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष बबलू कुरैशी , मोहम्मद इबरार,मो फारुख सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# 15 से 18 तक आयोजित होने वाली पुलिस ड्यूटी मीट शुरु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 19वीं झारखण्ड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट-2024 का उद्घाटन वंदना दादेल, प्रधान सचिव, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड राँची द्वारा जैप-01 में आयोजित समारोह में किया गया। समारोह में अनुराग गुप्ता, महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची, आर0के0 मल्लिक, पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय), मुरारी लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक (रेल), संजय आनंद लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक, (अभियान), प्रिया दुबे अपर पुलिस महानिदेशक, झा0स0पु0, असीम विक्रांत मिंज, पुलिस महानिरीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची सहित पुलिस महकमें के सभी आला अधिकारी तथा सेवा निवृत वरीय पुलिस पदाधिकारी समारोह मे शामिल हुए। मुख्य अतिथि वंदना दादेल ने अपने अभिभाषण में परीक्षा में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को शुभकामना दी। 15.10.2024 से 18.10.2024 तक आयोजित होने वाली पुलिस ड्यूटी मीट में पुलिस निरीक्षक तथा अवर पुलिस निरीक्षक



कोटि के पदाधिकरियों के लिए विधि विज्ञान परीक्षा (लिखित), लिफ्टिंग पैकिंग एवं प्रदर्शो का अग्रसारण, मेडिको लीगल परीक्षा, पुलिस फोटोग्राफी, क्राइम इन्वेस्टीगेशन लॉ रूल्स तथा कोर्ट जजमेंट, अंगुलांक विज्ञान प्रायोगिक एवं मौखिक परीक्षा तथा स0अ0नि0 एवं साक्षर पुलिस कर्मी के लिए पुलिस पोट्रेट, ऑब्जर्वेशन, कम्प्यूटर साक्षरता, एण्टी सबोटेज चेक एवं कम्प्यूटर साक्षरता विषयों पर परीक्षा होगी। इस चार दिवसीय राज्य स्तरीय पुलिस ड्यूटी मीट में दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र, राँची, कोयला क्षेत्र, बोकारो, संथाल परगना क्षेत्र, दुमका, उतरी छोटानागपुर क्षेत्र, हजारीबाग, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज, कोल्हान क्षेत्र, चाईबासा एवं अपराध अनुसंधान विभाग सहित श्वान दस्ता की टीमें भाग ले रही है। परीक्षा के उपरांत परीक्षक मंडल द्वारा सभी विषयों पर उत्कृष्ट प्रतिभागियों का चयन कर एक राज्य स्तरीय टीम का गठन किया जाएगा।

## झारखंड सरकार का कार्यकाल अभी बाकी था फिर भी हम चुनाव के लिए तैयार हैं : राजेश ठाकुर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा होने पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा, 2019 के चुनाव से एक महीने पहले 2024 में चुनाव हो रहे हैं। हम पूरी तरह से तैयार हैं। हम चुनाव आयोग का सम्मान करते हैं । यदि ऐसा फैसला लेना ही था तो महाराष्ट्र और हरियाणा में एक साथ चुनाव करवा सकते थे, क्योंकि उनकी तिथि 3 नवंबर और 26 नवंबर थी। यहां तो 6 जनवरी है, इसलिए इतनी जल्दी चुनाव करवाने की जरूरत नहीं थी, लेकिन हमने जो काम किया है, उसके आधार पर हम जनता के बीच जाएंगे।बता दे चुनाव के तारीखें की घोष्णा हो चुकी है और इसे लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया, झारखंड में चुनाव दो चरण में संपन्न होगा। पहले चरण का चुनाव 13 नवंबर को और दूसरे चरण का चुनाव 20 नवंबर को होगा। वहीं उन्होंने कहा कि मतगणना 23 नवंबर को होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया, झारखंड में चुनाव दो चरण में संपन्न होगा। पहले चरण का चुनाव 13 नवंबर को और दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को होगा। मतगणना 23 नवंबर को होगी। बता दें मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, झारखंड में कुल मतदाताओं की संख्या 2.6 करोड़ है, जिसमें से 1.29 करोड़ महिला और 1.31 करोड़ पुरुष मतदाता हैं। पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 11.84 लाख है। वहीं उन्होंने जानकारी दी कि झारखंड में 29,562 पोलिंग स्टेशन होंगे।

### विधानसभा चुनाव को डीईओ एवं एसएसपी ने की प्रेस वार्ता, तैयारियों की जानकारी दी

# पूर्वी सिंहभूम के सभी 6 सीटों पर 13 नवंबर को मतदान, मतगणना 23 को

**- 18 अक्टूबर को जारी होगी चुनाव की अधिसूचना एवं प्रत्याशी 18 से ही नामांकन प्रपत्र का क्रय एवं नामांकन कर सकेंगे**

**- नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर, 28 अक्टूबर को स्कूटनी, नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखण्ड विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा के साथ ही पूर्वी सिंहभूम जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। पूर्वी सिंहभूम जिला में पहले चरण 13 नवंबर को मतदान होना है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने भी तैयारियां पूरी कर ली है । समाहरणालय सभागार, जंमशेदपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने तैयारियों एवं निर्वाचन के संबंध में जिला प्रशासन की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी । जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिले में 13 नवंबर को मतदान तथा 23 नवंबर को मतगणना होगी । 18 अक्टूबर को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होते ही प्रत्याशी नामाकंन प्रपत्र का क्रय एवं नामांकन दाखिल कर सकेंगे। नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर, 28 अक्टूबर को स्क्रूटनी, नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है ।




**1145 मतदान भवनों में बनाए गए 1913 मतदान केन्द्र**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के 1145 भवनों में कुल 1913 मतदान केंद्र बनाए गए हैं । इसके अलावा कुल 18,73,589 वोटर्स है जिनमें 9,33,684 पुरुष और 9,39,742 महिला वोटर्स है । वहीं 163 थर्ड जेंडर मतदाता इस बार मतदान करेंगे। सर्विस वोटर्स की संख्या 2045 है । जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिले में 85+ मतदाताओं की संख्या 6742 है, विभिन्न श्रेणी के दिव्यांग वोटर की संख्या 15945, आयुवार 18-19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 83750, 20-29 आयु वर्ग में 395106, 30-39 आयु वर्ग में 502451 मतदाता और 39-49 आयु वर्ग में 378884, 50-59 आयु वर्ग में 266514 मतदाता, 60-69 आयु वर्ग में 158350 मतदाता तथा 70-79 आयु वर्ग में 69535, 80-89 आयु वर्ग में 16935 तथा 90-99 में 2025 मतदाता और 100-109 आयु वर्ग में 37, 110-119 आयु वर्ग में 01 एवं 120+ आयु वर्ग में 01 मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन आयोग के पहल पर इस बार भी होम वोटिंग की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए सर्वे का कार्य बीएलओ के द्वारा कराया जा रहा है ।

विधि व्यवस्था संधारण एवं चुनाव पर्यवेक्षण हेतु 18 एफएसटी, 21 एसएसटी, 06 वी.वी.टी, 14 वीएसटी, 06 ए.टी, 233 सेक्टर पदाधिकारी, 14 एमसीसी के अलावे 9182 मतदान कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी ।

**अंतर्राज्यीय और अंतर जिला चेकपोस्ट पर रखी जाएगी निगरानी**

वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चुनाव के पारदर्शी, स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के मद्देनजर अंतर्राज्यीय व अंतरजिला चेकनाका पर सघन निगरानी और चेकिंग बढ़ा दी गई है । असामाजिक तत्वों और चुनाव को प्रभावित करने वाले अपराधिक तत्वों के विरूद्ध अभियान जारी है । लाइसेंसी हथियार का सत्यापन थाना स्तर से कराने का निदेश सभी थाना प्रभारी को दिया गया है । सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर जिले में पर्याप्त संख्या में अर्धसैनिक बल और पुलिस बलों की तैनाती रहेगी ।

## झामुमो दलित मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय रजक ने खिलाड़ियों को दिया फुटबॉल



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झामुमो दलित मोर्चा के जिलाध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी नेता अजय रजक ने मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पटमदा प्रखंड के पावानपुर व आगुईडांगरा टोला फुलबेड़िया में खेल को बढ़ावा देने के लिए दोनों टीमों के कप्तान को एक -एक फुटबॉल प्रदान किया। अजय ने बताया कि पिछले दिनों क्षेत्र भ्रमण करने के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उनसे मिलकर एक - एक फुटबॉल की मांग की थी। जिसे आज पूरा कर दिया। मौके पर झामुमो नेता सामद अंसारी, स्वपन राय, समीर महतो, प्रणेश भट्टाचार्य, बिभूति महतो, श्रावण रजवाड़ आदि उपस्थित थे।

## कुचाई के आदिवासी कला केन्द्र का विधायक ने किया शिलान्यास



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने मंगलवार को कुचाई के मांगुडीह में स्कूल भवन मरम्मती कार्य व खरसवां के जोकतापुर में आदिवासी संस्कृति कला केन्द्र भवन का शिलान्यास कर शिलापट्ट का अनावरण किया. उक्त योजना का निर्माण विधायक मद से किया जाएगा. जबकि कला संस्कृति भवन का निर्माण कल्याण विभाग की ओर से निर्माण कराया जाएगा. इस दौरान विधायक ने कहा कि मांगुडीह स्कूल भवन जर्जर होने से स्कूली बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. पिछले दिनों क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्कूल के शिक्षक एवं ग्रामीणों ने स्कूली भवन मरम्मती करने की मांग रखी थी जो आज पूरा हो गया है. जल्द ही स्कूल भवन का मरम्मती किया जाएगा. मौके पर विधायक प्रतिनिधि अर्जुन उर्फ नायडू गोप,समाजसेवी बासंती गागराई,धनु मुखी,मंटू प्रधान,सुनाई बानरा,विधालय के प्रधानाचार्य रामचरण गोराई,गणेश सिजूई,कृष्णा साहु,विश्वनाथ हेम्ब्रम,गोयराम महतो समेत काफी संख्या में गांव के ग्रामीण उपस्थित थे.

## केवाईसी व एनपीए वसूली का बैंक आफ इंडिया ने लगाया शिविर



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के देवलटांड़ पंचायत सचिवालय में मंगलवार को बैंक आफ इंडिया चौका शाखा द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 895 खाता धारकों ने केवाईसी के लिए आवेदन जमा किया। वहीं तीन एनपीए केसीसी ऋष्टा धारकों से ऋष्टा वसूला गया। वहीं शाखा प्रबंधक विनय कुमार लोहरा ने बताया कि खाता धारकों का सुविधा के लिए शिविर लगाया गया, ताकि खाता धारक अपना केवाईसी के लिए आवेदन दे सके। उन्होंने कहा कि लोगों को 15-20 किलोमीटर चौका बैंक जाना पड़ता है और भीड़भाड़ रहने से बैंक ग्राहकों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने एनपीए खाता धारकों को अपील करते हुए कहा कि ऐसे खाता धारक बैंक प्रबंधक से सम्पर्क कर सुविधाओं का लाभ उठाएं। मौके पर बैक मित्र फाल्गुनी गोप, मिथुन माहली आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## कटिया से खुंचिडीह के बीच स्वर्णरेखा नदी पर पुल निर्माण कार्य का विधायक ने किया शीलान्यास



**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत स्वीकृत चांडिल प्रखंड क्षेत्र के कटिया से खुंचिडीह के बीच स्वर्णरेखा नदी पर पुल निर्माण कार्य का शीलान्यास मंगलवार दोपहर 12 बजे के करीब विधायक सविता महतो ने विधिवत शीलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा कि स्वर्णरेखा नदी पर कटिया से खुंचिडीह के बीच लगभग 15 करोड़ रुपये कि लागत से पुल का निर्माण होगा। लोगों के बरसों पुराना मांग को पूरा किया गया। इस क्रम में विधायक ने नीमडीह प्रखंड के मुरु में जिपा मांझी के घर से बेड़ा जाने वाले रास्ते तक 5 सौ फिट पीसीसी, पाड़कीडीह में शहीद सीधुकान्हू के मूर्ति का स्थापना एवं सुंदरीकरण, सिंदूरपुर में सिद्धक मोमिन के तलाव पर स्नान घाट निर्माण व कपाली डेमडूबी कब्रिस्तान में 160 मीटर पेवर ब्लॉक पथ, बारुणा टोला माखन महतो के घर से मोचीराम महतो के घर तक 5 सौ फिट पीसीसी,जिलिंग आदर के दिघी बांध में आरसीसी पुलिया, हुमिद साई मंदिर के समीप डीप बोरिंग चापाकल अधिष्ठापन कार्य का शीलान्यास विधिवत शीलापट्ट अनावरण कर किया।

## डायरिया प्रभावित गांव में लगा कैम्प, जिला टीम जांच में जुटी, एक एमजीएम रेफर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के गुदड़ी पंचायत के खुनडीह गांव में डायरिया फैलने से गांव में दहशत का माहौल है। ईचागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डायरिया पीड़ित 7 ग्रामीणों का इलाज चल रहा है, वहीं सोमवार रात को बेहतर इलाज हेतु कमला मांझी को एमजीएम मेडिकल जमशेदपुर रेफर किया गया है। चिकित्सकों का टीम मंगलवार को खुंनडीह गांव पहुंचे और ग्रामीणों का स्वास्थ जांच में जुटी हुई है । टीम द्वारा गांव का कुआं व नल का पानी को जांच के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेजा गया। जिला चिकित्सा टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ में इलाजरत डायरिया पीड़ितों का जायजा भी लिया गया। डायरिया से दर्जनों व्यक्ति पीड़ित है। वहीं गांव में ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव जारी है। ग्रामीणों को स्वच्छता,,खान पान पर विशेष ध्यान देने व सुद्ध पानी पीने आदि स्वास्थ्य संबंधी सुझाव चिकित्सकों द्वारा दिया जा रहा है। चिकित्सकों का टीम में डा अनुपम घोषाल डा, अनुप मंडल, मनोज कुमार मुर्मू,रूपचांद महतो, राजीव महतो शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एक को एमजीएम रेफर किया गया है। उन्होंने कहा कि डायरिया नियंत्रण में है। गांव में भी टीम जांच में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि जिला टीम भी पहुंचे हुए हैं व डायरिया पर नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया है। वहीं ग्रामीणों द्वारा पूर्ण रूप से ठीक नही होने तक चिकित्सा कैंप लगाने का मांग किया गया है।



## पोड़ाहाट अनुमंडल के सभी प्रखंडों में भाकपा माओवादी बंदी का दिखा व्यापक असर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** भाकपा माओवादियों की ओर से मंगलवार को बुलाई गई बंद का पोड़ाहाट अनुमंडल के चक्रधरपुर शहर छोड़कर सभी प्रखंडों में व्यापक असर रहा। चक्रधरपुर में रोजाना की तरह बाजार में दुकानें और अन्य प्रतिष्ठान खुले रहे। हालांकि लंबी दूरी के वाहनों का परिचालन नहीं हुआ। बंदी के कारण मंगलवार सुबह से ही सोनुआ बाजार के अलावे टुनिया व लोटापहाड़ स्थित बाजार में दुकानें बंद रहीं। सड़कों पर वाहनों का आवागमन ठप रहा।सोनुआ से जमशेदपुर, चाईबासा, चक्रधरपुर की ओर चलने वाली बस व यात्रीवाही वाहनों का परिचालन बंद रहने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, बैंक, पोस्ट ऑफिस व पेट्रोल पंप बंद रहे। इसी तरह गोइलकेरा में भी बंद का व्यपाक असर रहा। यहां भी सुबह से ही बाजार व दुकानें बंद रहीं।वाहनों का परिचालन नहीं होने के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। बंदगांव की घाटी नीचे कराईकेला व आसपास क्षेत्र में दुकानें खुली रहीं, जबकि घाटी ऊपर में बंद का व्यापक असर देखने को मिला।मनोहरपुर व आनंदपुर प्रखंड में भाकपा माओवादियों का एक दिवसीय बंद का व्यापक असर रहा। हालांकि माओवादियों ने बंद के दौरान एंबुलेंस, दूध सप्लाई, दवा दुकान व अन्य आपातकालीन सेवाएं बंद से मुक्त रखी हैं।



## श्री श्री सिंह राज बाबू दुर्गा पूजा कमिटी द्वारा कुंदन नाइट का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकरू प्रखंड के ईचाडीह टोला बाबूडीह में श्री श्री सिंह राज बाबू दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा कुंदन नाइट का आयोजन किया गया। राज परिवार के कल्याण चंद्र सिंह के द्वारा कुकरू प्रखंड के पत्रकार बंधुओ को शाल उड़ाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद पुरुलिया के कुंदन कुमार व कृतिका रानी स्टेज शो का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य रूप से विधायक सविता महतो, समाजसेवी सुखराम हेंब्रम, आजसू पार्टी के केन्द्रीय महासचिव हरेलाल महतो, सारथी महतो आदि उपस्थित हुए एवं श्री श्री सिंह राज दुर्गा पूजा पंडाल में मां से आशीर्वाद लिया । कुंदन कुमार नाइट का विनोद राय, अशोक साव , डॉक्टर के सी सिंह राज एवं सुनील महतो के द्वारा उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। वहीं राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह ने सभी लोगों को विजयदशमी की शुभकामना देते हुए कहा कि मां दुर्गा देवी क्षेत्र का कल्याण करे और हमारी आपसी प्यार व सद्भावना बना रहे। उन्होंने कहा कि संस्कृति की पहचान को बचाए रखना हम सबों का दायित्व है।



## पीपुल्स वेलफेयर का मिलन समारोह आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर प्रखंड की गुलकेड़ा पंचायत के गुड़ासाई मैदान में मंगलवार सुबह पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से सदस्यता अभियान सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भूतपूर्व सैनिक सह समाजसेवी दयासागर केराई की अध्यक्षता में किया गया। जहां पंचायत के विभिन्न गांव के ग्रामीण उपस्थित हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई के द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों की सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि डॉ. गागराई ग्रामीणों के साथ हमेशा सुख दुख में खड़ा रहते हैं। उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से ग्रामीणों को लाभ मिल रहा है।शिक्षा,स्वास्थ्य,खेलकूद,संस्कृति के क्षेत्र में किए जा रहे बेहतर कार्य से ग्रामीण काफी प्रभावित हुए है। मौके पर डॉ गागराई ने ग्रामीणों को संबोधित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सदस्यता ली. कार्यक्रम के दौरान प्रधान जामुदा,मदन बोयपाई,राधे जामुदा, जुगसिंह बाँकिरा, रामराई बाँकिरा, रामसिंह जामुदा, रवि गोप, साधु चरण जोंको, जुरा जोंको, शाहिल बोदरा, नीमलाल कांडेयांग, सन्नी सामड, लक्ष्मण खंडाईत समेत पंचायत के विभिन्न गांव के महिला पुरुष ग्रामीण मौजूद थे।



## पटमदा के बेलटांड़ में आयोजित बांग्ला जात्रा कार्यक्रम में देर रात तक जमे रहे दर्शक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति लावा (बेलटांड़) की ओर से दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में सोमवार की रात करीब 10 बजे से बेलटांड़ में आयोजित बांग्ला जात्रा में हजारों की संख्या में दर्शकों की भीड़ उमड़ी। मां रेखेछी मायने करे, बऊ रेखेछी पाये धरे (पत्नी के गुलाम पति ने मां को बनाया नौकरानी) की सामाजिक कहानी एक परिवार पर आधारित होने की वजह से खासकर महिलाओं को यह नाटक खूब पसंद आया। इसमें यह दिखाया गया कि एक गरीब परिवार का बड़ा बेटा संघर्ष के बल पर नौकरी हासिल करता है और जब उसे पहली सैलरी मिलती है तो अपने माता पिता के चरणों में डाल देता है और खुद को दुनिया का सबसे अच्छा बेटा कहलाने का गर्व हासिल करता है। लेकिन वही बेटा जब शादी करता है तो पत्नी का गुलाम बनकर अपने माता पिता को दो वक्त की रोटी भी नहीं देता है और पत्नी की शिकायत पर खूब प्रताड़ित करता है। पत्नी का गुलाम पति अपने पिता को भूखे पेट सोने को मजबूर कर देता है जबकि मां को अपने ही घर में नौकरानी बनाकर रखता है। यह अश्रुसजल नाटक दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। इसके मुख्य अभिनय में ईशान चंद्र गोप, मिहिर कुमार प्रमाणिक, जगन्नाथ कर्मकार, शिशुपाल सिंह सरदार, शिशुलाल महतो, अशोक दास, विश्वनाथ मंडल, साधुपद मंडल, आलोक महतो, सुधांशु महतो, कल्याण कुमार गोराई, अजीत माझी, मिहिर कुमार महतो, आदित्य हालदार, मदन हालदार, पंचानन प्रमाणिक, लक्खी राय, राखी आचार्य व शिउली आदि ने भूमिका निभाई। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू ने फीता काटकर किया। मौके पर ग्राम प्रधान बृंदावन दास, डॉ. कालीपद दास, डॉ. संजय कुमार महतो, सुभाष कर्मकार, धनंजय उपाध्याय, उज्ज्वल कांति दास, संतोष कुमार सिंह व ललित हांसदा आदि मौजूद थे।



## 40 वर्ष पूर्व का इतिहास दोहराने को पूर्वी जमशेदपुर की जनता है तैयार : बबलू झा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** चुनाव आयोग द्वारा आज झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया है जिसका पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष बबलू झा ने स्वागत करते हुए कहा कि लोकतंत्र चुनाव महापर्व को लेकर सभी बेसब्री से उत्साहित संग तैयार है। इंडिया गठबंधन द्वारा धरातल पर उतर गई कई योजनाएं को पायदान पर खड़े आखिरी व्यक्ति तक पहुंचने का बेहतर प्रयास किया गया है, जिसमें मईया सम्मान योजना ,वृद्धा पेंशन ,विकलांग पेंशन ,विधवा पेंशन,सर्वजन पेंशन, शिक्षा और स्वास्थ्य का भरपूर लाभ जनता को मिल रहा है । वही बबलू झा ने कहा कि हम सब साथ मिलकर चले तो 40 वर्षों से सूखे पड़े पूर्वी विधानसभा जमशेदपुर को मिलकर इस बार काफी अंतराल से जीत दर्ज करेंगे क्योंकि जनता मन बना चुकी है, वह इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार फिर बनाएगी। कहा पूर्वी विधानसभा जमशेदपुर क्षेत्र की जनता का समर्थन एवं सहयोग निरंतर मिल रहा है।



### झारखंड विधानसभा चुनाव ऐलान का डा.अजय ने किया स्वागत, बोले

## हम उत्साहित है, झारखंड में बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डा. अजय कुमार ने मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि चुनाव आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया है। उसका हम स्वागत करते है। चुनाव को लेकर हम तैयार है। हमारी कोशिश बेहतर करने की है। उन्होंने कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन की बहुमत की सरकार बनेगी। हेमंत सोरेन ने बेहतर कार्य किया है। जनता मन बना चुकी है, वह इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत ने मईया सम्मान योजना की राशि की वृद्धि कर दी है अब प्रत्येक महिला को 2500 रुपया प्रति माह मिलेगा। जिसका लाभ हमें चुनाव में जरूर मिलेगा। इसके अलावा सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य सहित अन्य सभी वर्गों के लिए भी बेहतर कार्य किए है। सर्वजन पेंशन एक बहुत बढ़िया योजना है जिसके तहत सभी वर्गों के लोगों को पेंशन का लाभ मिल रहा है। वहीं हेमंत सरकार ने प्रदेश में वकीलों के कल्याण के लिए काम किया है। जमशेदपुर में पहले चरण में चुनाव होगा इसके लिए हमारी तैयारी पूरी है। जनता का समर्थन मिल रहा है। मुझे विश्वास है कि क्षेत्र की जनता का समर्थन एवं सहयोग मुझे मिलेगा।



### भाजपा ने झारखंड में दो चरणों में मतदान के निर्णय का किया स्वागत, सुधांशु ने कहा

## झारखंड से झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन की विदाई तय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। झारखंड में दो चरणों में मतदान की घोषणा की गई है। चुनाव आयोग के इस निर्णय का भाजपा जमशेदपुर महानगर ने खुले दिल से स्वागत किया है। भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने जारी बयान में कहा कि जमशेदपुर की चारों विधानसभा सीटों पर भाजपा-एनडीए की बड़ी जीत होगी और झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन सरकार की विदाई को निश्चित बताया।



सुधांशु ओझा ने कांग्रेस नेता डॉ. अजय कुमार पर तीखा हमला बोलते हुए उनके बयानों को मुंगेरीलाल के हसीन सपने करार दिया। उन्होंने कहा कि अजय कुमार और उनके साथी जिस तरह से हेमंत सरकार के कार्यों की तारीफ कर रहे हैं, यह जनता की आंखों में धूल झोंकने के अलावा कुछ नहीं है। हेमंत सोरेन की सरकार ने पिछले पांच वर्षों में केवल भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी की राजनीति की है। मईया सम्मान योजना का जिक्र करते हुए सुधांशु ओझा ने कहा, महिलाओं के लिए 2500 रुपये प्रति माह देने की घोषणा एक चुनावी स्टंट से अधिक कुछ नहीं है।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## हर चुनाव 'स्वतंत्र' है

**यह** मानना गलत और अद्र्धसत्य है कि एक राज्य के चुनाव नतीजे दूसरे राज्य के जनादेश को तय करते हैं। कुछ संयोग और अपवाद जरूर हो सकते हैं। अलबत्ता प्रत्येक चुनाव 'स्वतंत्र' होता है। हरियाणा में कांग्रेस को 'विजयी' आंका जा रहा था, लेकिन अंतिम जनादेश भाजपा के पक्ष में रहा। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन जीता है, हालांकि उसमें कांग्रेस का योगदान लेशमात्र है। भाजपा वहां दूसरी सबसे ताकतवर पार्टी बनकर उभरी है। अब सवाल यह है कि क्या कश्मीर-हरियाणा के औसत मतदाता की मानसिकता और राजनीतिक सोच वही है, जो महाराष्ट्र और झारखंड के दूरदराज इलाकों में मौजूद मतदाता की है? क्या दोनों क्षेत्रों की समस्याएं और उनके सरोकार भी समान हैं? क्या हरियाणा-कश्मीर के जनादेश अब महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावी परिदृश्य को प्रभावित करेंगे और वहां कांग्रेस समेत 'इंडिया' गठबंधन पराजित हो सकते हैं? हमारे सामने लोकसभा चुनाव का भी उदाहरण है। लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई, 2024 में हुए, लेकिन उनसे पहले मप्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना आदि राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए। उनमें तेलंगाना को छोड़ कर शेष सभी राज्यों में जनादेश भाजपा के पक्ष में रहा। तेलंगाना में कांग्रेस जीती। इस अनुपात में लोकसभा चुनाव के नतीजे नहीं रहे। आम चुनाव को विधानसभा चुनावों का सारांश माना जाता है। यह धारणा भी भ्रामक है। इसका कोई निश्चित मानदंड नहीं है। हर राज्य अपने-अपने मुद्दों और राजनीतिक लहर के आधार पर जनादेश देता है। मसलन-किसानों का आंदोलन और मांग भी 'राष्ट्रीय' नहीं है। दिल्ली में जो किसान आंदोलन देखा गया, उसमें पंजाब और हरियाणा के किसानों का ही जमावड़ा था। किसान महाराष्ट्र में भी एक सांगठिन ताकत हैं, लेकिन वे एमएसपी की मांग नहीं कर रहे, बल्कि वे आंदोलित भी नहीं हैं। सवाल है कि किसान 'राष्ट्रीय' मुद्दा कैसे हो सकते हैं? चूंकि कांग्रेस ने हरियाणा में 'जीती बाजी' हारी है, लिहाजा उसके सहयोगी दल भी मानने लगे हैं कि कांग्रेस महाराष्ट्र और झारखंड में भी 'पराजय की परिधि' में है, लिहाजा 'इंडिया' गठबंधन के छोटे साथी भी नसीहतों का प्रलाप कर रहे हैं। कांग्रेस को 'अहंकारी', 'एकाधिकारवादी', 'स्वार्थी' आदि तक करार दिया जा रहा है। उद्धव ठाकरे की शिवसेना, ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस, हेमंत सोरेन के झामुमो आदि का हरियाणा-कश्मीर में 'शून्य' जनाधार है, लेकिन वे गठबंधन-धर्म को नकारने के मद्देनजर कांग्रेस को कोस रहे हैं। लालू यादव के राजद की उपस्थिति भी इन राज्यों में नदारद है, फिर भी वह कांग्रेस को 'गठबंधन-धर्म' का पाठ पढ़ा रहे हैं। वह कांग्रेस को गठबंधन राजनीति के प्रति 'अनुदार' भी मान रहे हैं। फिर ये सभी दल 'इंडिया' के तहत लामबंद क्यों हैं? क्या इस तरह भाजपा को शिकस्त दी जा सकती है? बेशक हरियाणा चुनाव में 'आप' और समाजवादी पार्टी की प्रासंगिकता जरूर थी। कांग्रेस अपनी ऐंठ में रही और गठबंधन की बानगी के तौर पर कुछ सीटें इन दलों को नहीं दी। 'आप' को हरियाणा में 1.79 फीसदी वोट मिले हैं, जबकि कांग्रेस मात्र 0.85 फीसदी वोट के अंतर से हारी है। यकीनन कांग्रेस को आत्ममंथन जरूर करना चाहिए, क्योंकि अति आत्मविश्वास भी घातक होता है। कांग्रेस की पराजय का एक बड़ा कारण यह भी है। 'इंडिया' शुरू से ही, बुनियादी तौर पर, छिन्न-भिन्न रहा है। कांग्रेस और 'आप' में कभी गठबंधन हो जाता है, तो कभी अलग-थलग होकर चुनाव में उतरते हैं और एक-दूसरे को गरियाते हैं। कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन में पीडीपी को शामिल नहीं किया गया, जबकि वह 'इंडिया' का घटक दल है। अब उप्र में सपा-कांग्रेस का गठबंधन खटाई में पड़ता दिख रहा है।

हरियाणा में कांग्रेस को 'विजयी' आंका जा रहा था, लेकिन अंतिम जनादेश भाजपा के पक्ष में रहा। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन जीता है, हालांकि उसमें कांग्रेस का योगदान लेशमात्र है। भाजपा वहां दूसरी सबसे ताकतवर पार्टी बनकर उभरी है। अब सवाल यह है कि क्या कश्मीर-हरियाणा के औसत मतदाता की मानसिकता और राजनीतिक सोच वही है, जो महाराष्ट्र और झारखंड के दूरदराज इलाकों में मौजूद मतदाता की है? क्या दोनों क्षेत्रों की समस्याएं और उनके सरोकार भी समान हैं? क्या हरियाणा-कश्मीर के जनादेश अब महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावी परिदृश्य को प्रभावित करेंगे और वहां कांग्रेस समेत 'इंडिया' गठबंधन पराजित हो सकते हैं? हमारे सामने लोकसभा चुनाव का भी उदाहरण है। लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई, 2024 में हुए, लेकिन उनसे पहले मप्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना आदि राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए।

### कठुआ, सांबा, जम्मू, रियासी और ऊधमपुर जिलों को मिला कर एक हिस्सा बनता है

## जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस की स्थिति

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद चुनाव हो रहे थे। इतना ही नहीं, पांच साल पहले वहां से अनुच्छेद 370 व 35-ए हटा दिया गया था। कांग्रेस ने ऐसा आभास बनाया कि यह अनुच्छेद राज्य के लोगों के लिए प्राण वायु है। इसके हटने से सारा जम्मू-कश्मीर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ मौके का इंतजार कर रहा है। जाहिर है अब जब चुनाव हो रहे थे तो सारा देश उत्सुकता से नतीजों का इंतजार तो करेगा ही। जम्मू को लेकर तो कांग्रेस ने एक और नैरेटिव गढ़ लिया था।

**जम्मू-कश्मीर** और हरियाणा के विधानसभा चुनावों को लेकर उत्सुकता के दो कारण थे। जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद चुनाव हो रहे थे। इतना ही नहीं, पांच साल पहले वहां से अनुच्छेद 370 व 35-ए हटा दिया गया था। कांग्रेस ने ऐसा आभास बनाया कि यह अनुच्छेद राज्य के लोगों के लिए प्राण वायु है। इसके हटने से सारा जम्मू-कश्मीर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ मौके का इंतजार कर रहा है। जाहिर है अब जब चुनाव हो रहे थे तो सारा देश उत्सुकता से नतीजों का इंतजार तो करेगा ही। जम्मू को लेकर तो कांग्रेस ने एक और नैरेटिव गढ़ लिया था। अब बाहर के लोग जम्मू में नौकरियां लेंगे, इसलिए जम्मू का डोगरा भी क्षुब्ध हो रहा है। सबसे पहले जम्मू-कश्मीर को ही लें। लेकिन जम्मू संभाग और कश्मीर संभाग को अलग से समझना होगा। जम्मू संभाग में विधानसभा की 43 सीटें हैं और कश्मीर संभाग में 47 हैं। जम्मू संभाग तीन हिस्सों में बंटा हुआ है। कठुआ, सांबा, जम्मू, रियासी और ऊधमपुर जिलों को मिला कर एक हिस्सा बनता है। विधानसभा की 27 सीटें इन पांच जिलों में फैली हुई हैं। डोडा, रामबन और किश्तवाड़ को मिला कर दूसरा हिस्सा बनता है। ये तीनों जिले डोडा जिला को काट कर ही बनाए गए हैं। इसे आजकल चिनाब घाटी भी कहा जाने लगा है क्योंकि चिनाब नदी इसी क्षेत्र में बहती है। इस चिनाब घाटी के तीन जिलों में 8 सीटें आती हैं। तीसरा हिस्सा राजौरी और पुंछ जिलों को जोड़ कर बनता है। यह पीरपंजाल भी कहलाता है और यही धारा जम्मू संभाग को कश्मीर संभाग से अलग करती है। इस पीर पंजाल के राजौरी और पुंछ जिलों के हिस्से भी विधानसभा की 8 सीटें ही आती हैं। पीरपंजाल की जनसंख्या में गुज्जर-बकरवाल और पहाड़ी समुदाय शामिल हैं। गुज्जर-बकरवाल को जनजाति का दर्जा मिला हुआ है। वैसे भी गुज्जर समाज इन दोनों जिलों में कुछ सीमा तक भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देता रहा है। यहां का पहाड़ी समाज अरसे से मांग करता आ रहा था कि उन्हें भी जनजाति का दर्जा दिया जाए। उसका तर्क था कि वह पिछड़ा हुआ है। लेकिन गुज्जर समाज उनकी इस मांग का विरोध करता आ रहा है। दरअसल पहाड़ी समाज में सभी समुदायों



के लोग शामिल हैं, उदाहरण के लिए ब्राह्मण भी हैं और सैयद भी हैं। अब यदि सैयद भी जनजाति में शामिल मान लिया जाएगा तो पसमांदा तो पाताल लोक में ही रह पाएगा। सैयद के शोषण का शिकार तो सदियों से गुज्जर बकरवाल रहा है। लेकिन भाजपा का मत था कि गुज्जर का आरक्षण तो यथावत रहेगा, पहाड़ी समुदाय को उससे अतिरिक्त आरक्षण दिया जाएगा, जिससे दोनों समुदाय भाजपा के पक्ष में आ जाएंगे। लेकिन लगता है भाजपा का यह आकलन जमीनी सच्चाई से कटा हुआ था। गुज्जर बकरवाल, सैयदों का विरोध केवल आरक्षण के कारण नहीं करते, वे उन्हें अपना सामाजिक शोषक मानते हैं। पीरपंजाल की आबादी को केवल मुसलमान पहचान से नहीं समझा जा सकता। उसके भीतर की दरारों को समझे बिना, उसे ठीक से नहीं पढ़ा जा सकता। इसी कारण पीरपंजाल की इन आठ सीटों में से सुंदरबनी की एक सीट जीत सकी। यहां तक कि राजौरी की एक सीट तो नेशनल कान्फ्रेंस की कृपा से कांग्रेस ने भी जीत ली, अन्यथा उसका पूरे जम्मू संभाग में खाता भी नहीं खुल सका। अधिकांश सीटें नेशनल कान्फ्रेंस ने जीतीं, अलबत्ता दूसरे नम्बर पर भाजपा रही। पीडीपी का सफाया हो गया। अब चिनाब घाटी की आठ सीटों की बात। इन आठ सीटों में से चार पर भाजपा, दो पर नेशनल कान्फ्रेंस जीती। इस प्रकार चिनाब घाटी और पीरपंजाल की कुल सोलह सीटों में से भाजपा ने पांच सीटें जीतीं। पीरपंजाल और चिनाब घाटी को मिला कर जम्मू संभाग का पहाड़ी क्षेत्र भी कहा जाता है। इसकी सोलह सीटों पर मूलतः भाजपा और नेशनल कान्फ्रेंस में ही धुरवीकरण हो गया है। भविष्य में यह क्षेत्र भाजपा की सामाजिक समरसता की प्रयोगशाला बन सकता है, बशर्ते भाजपा यहां की सामाजिक संरचना का सही मनोवैज्ञानिक अध्ययन कर सके। इन चुनावों ने इसकी शुरुआत कर दी है। अब बची मैदानी क्षेत्रों की 27 सीटें, जिनमें रियासी का कुछ पहाड़ी इलाका भी शामिल है। इन 27 सीटों में से 24 सीटें भाजपा के खाते में आ गई हैं। इस प्रकार जम्मू संभाग की 43 सीटों में से भाजपा ने 29 सीटें जीती हैं और शेष में वह प्रायः नम्बर दो पर रही है। संभाग के मैदानी इलाकों में मुकाबला भाजपा बनाम कांग्रेस में था और सोलह पहाड़ी सीटों पर मुकाबला भाजपा बनाम नेशनल कान्फ्रेंस में था। कांग्रेस जम्मू संभाग में साफ हो गई लगती है। रमन भल्ला जैसे उसके दिग्गज भी चुनाव हार गए। कश्मीर संभाग की कुल मिला कर 47 सीटें हैं। नेशनल कान्फ्रेंस ने इनमें से गठबंधन को बनाए रखने के चक्कर में पांच सीटें कांग्रेस को दे दी थीं। वही पांच सीटें पूरे संभाग में यह पार्टी जीत पाई है। अपना दबाव बनाने के उद्देश्य से कांग्रेस ने नेशनल कान्फ्रेंस के मुकाबले भी अपने प्रत्याशी उतार दिए थे। लेकिन वहां कांग्रेस प्रत्याशियों को आजाद उम्मीदवारों से भी कम वोट मिले। जाहिर है कांग्रेस जो पांच सीटें जीत पाई है, वह अब्दुल्ला परिवार की दया के चलते, अपने बलबूते तो उसके उम्मीदवार जमानत बचाने के लिए लड़ते दिखाई दिए। नेशनल कान्फ्रेंस ने अपने आप को कश्मीर घाटी तक ही सीमित रखा। ज्यादा से ज्यादा उसने पीरपंजाल व चिनाब घाटी तक पैर पसारे, जहां उसे मिलीजुली सफलता ही हासिल हुई। कश्मीर घाटी में मुकाबला एक प्रकार से नेशनल कान्फ्रेंस और पीडीपी/जमायते इस्लामी/इंजीनियर रशीद की अव्वामे इत्तिहाद पार्टी/बुखारी की अपनी पार्टी/सज्जाद लोन की पीपुल्स कान्फ्रेंस में ही था। लेकिन जमायते इस्लामी और अव्वामे इत्तिहाद पार्टी एक-दूसरे की सहायता कर रहे थे। जमायते इस्लामी राज्य में प्रतिबंधित है, इसलिए उसके प्रत्याशी आजाद उम्मीदवार के तौर पर लड़ रहे थे। बांग्लादेश के ताजा घटनाक्रम में भी वहां की जमायते इस्लामी का हाथ था। रशीद की पार्टी का मामला भी कुछ-कुछ इसी प्रकार का था। सरकार के पास दो विकल्प थे।

दृष्टि कोण

## उत्कृष्ट परिणामों को उत्तम सुविधाएं चाहिए

**आज** के ओलंपिक खेल शौकियान न होकर अब पेशेवर हो गए हैं। सदी पूर्व जब जिम थोर्पे के ओलंपिक पदक इसलिए छीन लिए थे कि उसने कहीं खेल के नाम पर थोड़ा सा धन ले लिया था। आज अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघ स्वयं विश्व रिकॉर्ड बनाने पर एक लाख अमेरिकी डालर इनाम देता है और भारत में तो कुछ राज्य ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने पर छह करोड़ रुपए भी देते हैं। तभी तो बढ़िया किस्म के खेल उपकरणों का भी महत्व बढ़ गया है। अभी तक बढिया खेल सुविधाएं विकसित देशों को ही मिल पा रही थी, मगर अब यह सुविधा हर देश को चाहिए, तभी उच्च परिणाम आएंगे। खेलों में आज उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए खेल उपकरणों से लेकर कृत्रिम प्ले फील्ड तक में काफी सुधार किया जा रहा है। अच्छे खेल परिणामों के लिए खेल सामान की क्वालिटी का योगदान भी बहुत महत्वपूर्ण है, मगर खेल सामान की खरीददारी में बहुत बड़ा गोलमाल है। इस विषय पर पहले भी बहुत बार लिखा जा चुका है, मगर अभी तक इसमें कोई भी सुधार नहीं हो पाया है। हिमाचल प्रदेश के जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के कार्यालयों व शिक्षा संस्थानों में हर वर्ष करोड़ों रुपए का खेल सामान जैम व अन्य माध्यमों से खेल विभाग व शिक्षा निदेशालय खरीद कर आगे देता है, जो बेहद निम्न दर्जे का होता है। इस कॉलम के माध्यम से बार-बार सरकार को सचेत किया जा रहा है कि इस खरीद पर लगाम लगा कर अच्छी क्वालिटी का खेल सामान प्रदेश के विद्यार्थी खिलाडियों को मिले, ताकि हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज खेलों का स्तर बहुत ही ऊपर उठ चुका है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर खिलाड़ी पूरे विश्व में अपने देश का डंका बजा रहे हैं। इस अद्भुत खेल प्रदर्शन के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षकों व प्रतिभाशाली खिलाडियों के साथ-साथ उनके पास स्तरीय खेल किट व उच्च तकनीकी के खेल उपकरणों का होना भी बहुत ही जरूरी होता है। चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की बीमारियों को ठीक करने के लिए आज प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर कई प्रकार के उपकरण विकसित हो चुके हैं। ठीक उसी प्रकार खेल जगत में भी आज के अति मानवीय खेल परिणामों में विकसित प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर बनाई गई आधुनिक खेल सामग्री का विशेष योगदान है। जैसे जैसे सभ्यता का विकास हो रहा है, हम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। इनसान को फिट रहने के लिए किसी न किसी खेल का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में जब लाखों नहीं, करोड़ों खेलेंगे, तो उसके लिए खेल उपकरण भी चाहिए। पूरे विश्व में खेल बहुत बड़ा उद्योग बन कर उभरे हैं। हमारे देश में आज खेल उपकरणों का उद्योग अरबों रुपए का कारोबार हर वर्ष कर रहा है। खेल किट व खेल उपकरणों के बाजार में अच्छे से अच्छा व घटिया से घटिया सामान उपलब्ध है। जब सरकारी स्तर पर खेल सामान खरीदा जाता है, तो कीमत बढिया या मध्यम स्तर के सामान की होगी और सामग्री निम्न दर्जे की होगी। इस तरह मूल्य उच्च क्वालिटी का तय कर शेष राशि हड़प ली जाती है। व्यापारी व सामग्री खरीदने वाले अधिकारी मिलकर अधिकांश राशि को चट कर जाते हैं। प्रदेश के महाविद्यालयों में जहां अधिकतर खेल सामग्री महाविद्यालय प्रशासन स्वयं खरीदता है, वहीं पर कुछ खेल सामान पहले शिक्षा निदेशालय मटीरियल्स एंड सप्लाई के अंतर्गत खरीद कर महाविद्यालय को दिया जाता था और अब जैम के माध्यम से खरीदा जा रहा है। मटीरियल्स एंड सप्लाई के अंतर्गत खरीदा गया खेल सामान बिल्कुल घटिया किस्म का मिलता रहा है। निम्न दर्जे के हाई जंप व कबड्डी मैट, मुक्केबाजी रिंग व अन्य खेलों के घटिया उपकरण इसके उदाहरण आज भी देख जा सकते हैं। इस स्कीम के अंतर्गत खरीदे जिम एक साल तो दूर, कुछ महीनों बाद ही कबाड़ हो जाते हैं। लाखों रुपए का खेल सामान तो खरीद लिया, मगर यह कोई नहीं सोचता है कि यह काम में भी लाया जा सकता है या नहीं। खेल सामान खरीदने के लिए बनी कमेटी में निदेशालय के अधिकारी व बाबू होते हैं जिन्होंने अपनी जिंदगी में शायद ही कोई खेल खेला हो और जो थोड़ा बहुत खेल खेले हैं और खेल सामान की परख भी रखते हैं, वे भी अपने थोड़े लाभ के लिए आंखें बंद कर लेते हैं। आज जब खेल खेल में स्वास्थ्य स्कीम के अंतर्गत कई करोड़ रुपयों की कृत्रिम प्ले फील्ड जुडो, कुश्ती व खो-खो आदि खेलों के लिए खरीद कर विद्यालयों व महविद्यालय को दी जा रही है। जहां भी खेल सामान खरीदना हो, वहां पर खरीददारी के लिए जो कमेटी बने, उसमें जिस भी खेल का सामान खरीदना है, उस खेल का प्रशिक्षक व कम से कम दो राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी भी विभागीय अधिकारियों के साथ हों। जिस संस्थान को सामग्री मिले, वहां भी कमेटी देखे कि वह घटिया स्तर का तो नहीं दे दिया। अच्छी प्रशिक्षण सुविधा के अभाव में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी समय से पहले ही खेल को अलविदा कह जाते हैं और जिनके पास धन व साधन हैं, वे अच्छे प्रशिक्षण के लिए हिमाचल प्रदेश से पलायन कर जाते हैं।

कुछ अलग

## थूक कर चाटिये...

**बचपन** से ही मेरी चरित्रवान बनने की इच्छा थी। पिताजी ने मुझे शाखा में भी भेजा तथा स्वयं ने भी संस्कारों की सीख दी, उसका प्रभाव यह हुआ कि मैं लगभग चरित्रवान-सा बन गया था, यानी मुझे मूल्यों से हटाना सरल नहीं था। मैं सिद्धांतों पर अडिग रहता था। कई बार तो मेरी जिद के सामने बाद में पिता जी तक को दिक्कत होने लगी। उन्हें गुस्सा आता कि उन्होंने मुझे इतना जबरदस्त चरित्रवान क्यों बना दिया। वे कहते कि बेटा! थोड़ा व्यावहारिक बनने की भी आवश्यकता है, अन्यथा तुम्हें जीवन में भूखो मरने की नौबत आ सकती है। मैं कहता कि तो क्या हुआ, मूल्यों की रक्षा के लिए भूखो मर जाना भी श्रेष्ठ मानता हूं। उन दिनों देश में भ्रष्टाचार का शुभारंभ हो चुका था। हर राजनेता भ्रष्टाचार से सम्पत्ति अर्जित कर धनाढ्य बनने की होड़ में लगा था। पिताजी ने मुझे अपने कमरे में बुलाया और कहा, 'बेटा! देख रहे हो देश की हालत क्या हो रही है? लोग इसे अपने चारों हाथ-पांवों से लूट रहे हैं। मुझे एक पल गौर से देखो और अपने जीवन का रास्ता चुन लो।' मैंने पिताजी को देखा- फटी धोती, तार-तार कुर्ता, टूटी चप्पलें तथा मोटे फ्रेम के चश्मे में वे भारतीय गरीब का पर्याय थे। मुझे लगा क्या यह इसी विपन्नता में मर जाएंगे। तभी चरित्र ने जोर मारा- जीवन में अपने सद्चरित्र से ही आदमी को अपनी जीविका चलानी चाहिए। जब पिताजी ने इस मूल्य को नहीं त्यागा तो मुझे इस विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए। तभी मन का विरोधी बोला- 'भूखो मर जाओगे, भाई-बहिनों की पढ़ाई-लिखाई, शादी ब्याह कुछ भी नहीं हो पाएगा। जिंदगी की रेस में बढ़ना है तो भ्रष्टाचार में लग जाओ।' तभी पिताजी बोले- 'बेटा! तुम्हारे भीतर जो द्वंद्व चल रहा है उसे मैं समझता हूं, लेकिन प्रैक्टिकल हुए बिना जीवन नैया पार नहीं लगेगी। मैं चरित्र की अपनी सारी शिक्षाएं विड्रा करता हूं। हो सके तो इस घर को भुखमरी से निकाल लो।' मेरी आंखें आश्चर्य से खुली रह गईं, उनके मुख से यह बात सुनकर। उनकी आंखों में आंसू भरे थे। उनकी चाह को मैं भली प्रकार से समझ सकता था। मैं बोला- 'यह आप क्या कह रहे हैं पिताजी। चरित्र और सिद्धांत मेरी रग-रग में समा चुका है। अब इसे आसानी से विड्रा नहीं किया जा सकता। जब पेट ईमानदारी से भर सकता है, तो बईमानी की क्या आवश्यकता है?' 'बेटा! अकेले पेट का सवाल नहीं है, अब जरूरतें इतनी बढ़ गयी हैं कि उसके अनुसार तुम नहीं बन पाए तो मुझे दुःख होगा। हालांकि गलती मेरी ही है। लेकिन बेटा पहले का जमाना वही था। नए जमाने को और नए मूल्यों को समझने की आवश्यकता है। मैं नहीं चाहता कि तुम भी मेरी ही तरह घुट-घुट कर मरो। चरित्र समय की आवश्यकता नहीं है।' 'मैं आपका आशय समझ नहीं पा रहा?' 'अभी समझाता हूं बेटा। देखो चुनाव नजदीक हैं, मैं चाहता हूं कि तुम राजनीति में चले जाओ। इसमें तुम जल्दी ही प्रेक्टिकल बन जाओगे। सारे चरित्र पर पानी फिर जाएगा। मेरी आत्मा को शांति मिलेगी तथा तुम अच्छा कमा-खा लोगे। राजनीति में जमने के लिए चरित्र को त्यागना पड़ता है तथा थूककर चाटना पड़ता है।' इतना कहकर वे चले गए और मैं ठंडा पड़ गया। काटो तो खून नहीं। निश्चित नहीं कर पा रहा था कि राजनीति में जाऊं या नहीं। क्योंकि चरित्र, संकट बन चुका था।

देश दुनीया से

## हिंसा से नहीं विकास से होगा नक्सलवाद का खात्मा

हथियारों के बल पर हिंसा के जरिए दहशत फैलाने वाले नक्सलियों को यह समझ में नहीं आया कि क्रांति वहां होती है, जहां राजशाही या तानाशाही का शासन हो। लोकतंत्र में लोकतांत्रिक तरीकों से अपनी मांग मनवाई जा सकती है। इसका सीधा रास्ता है चुनाव की प्रक्रिया के जरिए अपने मनपसंद प्रतिनिधियों को चुनना और कानून बनवाना। इसके विपरीत हथियारों के बलबूते हिंसा के रास्ते पर चलने का नतीजा खून-खराबे के अतिरिक्त कुछ नहीं हो सकता। नक्सली प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों की लगातार कसती जा रही घेराबंदी में बड़ी तादाद में युवा नक्सलियों की जान जा रही है। छत्तीसगढ़ में नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा के पास सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के साथ जंगल में हुई मुठभेड़ में 32 माओवादियों को मौत के घाट उतार दिया। अब तक ऐसी सैकड़ों मुठभेड़ों में भटके हुए युवा हजारों की संख्या में अपनी जान गंवा चुके हैं।

**लोकतंत्र** का रास्ता छोड़ कर हथियारों के बल पर क्रांति लाने का ख्वाब पाले नक्सलियों को इसकी कीमत अपने खून से लगातार चुकानी पड़ रही है। हथियारों के बल पर हिंसा के जरिए दहशत फैलाने वाले नक्सलियों को यह समझ में नहीं आया कि क्रांति वहां होती है, जहां राजशाही या तानाशाही का शासन हो। लोकतंत्र में लोकतांत्रिक तरीकों से अपनी मांग मनवाई जा सकती है। इसका सीधा रास्ता है चुनाव की प्रक्रिया के जरिए अपने मनपसंद प्रतिनिधियों को चुनना और कानून बनवाना। इसके विपरीत हथियारों के बलबूते हिंसा के रास्ते पर चलने का नतीजा खून-खराबे के अतिरिक्त कुछ नहीं हो सकता। नक्सली प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों की लगातार कसती जा रही घेराबंदी में बड़ी तादाद में युवा नक्सलियों की जान जा रही है। छत्तीसगढ़ में नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा के पास सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के साथ जंगल में हुई मुठभेड़ में 32 माओवादियों को मौत के घाट उतार दिया। अब तक ऐसी सैकड़ों मुठभेड़ों में भटके हुए युवा हजारों की संख्या में अपनी जान गंवा चुके हैं। सुरक्षा बलों की संख्या और मजबूती के सामने नक्सली कहीं नहीं टिक सकते। यह जानते हुए भी नक्सलवाद एक हारी हुई लड़ाई है, गुमराह नक्सली जान देने पर आमदा हैं। इससे ज्यादा अफसोसजनक बात क्या हो सकती है, बदलाव के लिए जिन युवाओं के हाथों में कलम, कम्प्युटर या ऐसे ही समाज और राष्ट्रनिर्माण के उपकरण हो सकते हैं, उनके हाथों में हथियार हैं। इसमें भी उन्हें कहीं चैन-सुकून नहीं है। पुलिस की गोली जंगलों में कब उनका काम तमाम कर दे, इसका डर उन्हें दिन-रात सताता रहता है। परिवार और समाज से दूर यायावरों की तरह जंगलों में भटकने वाले नक्सलियों पर हर वक्त मौत का साया मंडराता रहता है। देश की आजादी को 75 साल से ज्यादा हो गए। देश में बदलाव लाने के लिए नक्सलियों के हिंसात्मक आंदोलन को भी 6 दशक से ज्यादा का समय हो गया। नक्सलियों का दायरा लगातार सिकुड़ता जा रहा है। कभी आठ-दस राज्यों में प्रभाव रखने वाले नक्सलियों का दायरा सिमटता हुआ दो-तीन राज्यों में रह गया। देश की पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त और सशक्त कार्रवाई के सामने नक्सली बौने साबित हुए हैं। इस वर्ष अब तक दंतेवाड़ा और नारायणपुर समेत सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में 171 माओवादियों को मार गिराया है। नक्सलवाद की शुरुआत पश्चिम बंगाल के एक छोटे से गांव नक्सलबाड़ी से हुई थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता कानू सान्याल और चारू माजूमदार ने सरकार के खिलाफ 1967 में एक मुहिम छेड़ी थी। देखते ही देखते ये एक आंदोलन बन गया और चिंगारी फैलने लगी। इस आंदोलन से जुड़े लोगों ने खुद सरकार के खिलाफ हथियार उठा लिए। सरकार के खिलाफ ये विद्रोह उन किसानों का था, जो जमींदारों के अत्याचार से परेशान हो चुके थे। इसमें कोई संदेह नहीं कि जंगलों में पैतृक अधिकारों से वंचित आदिवासियों ने सरकारी तंत्र के जुल्म-सितम से तंग आकर कोई विकल्प नहीं देख कर नक्सली विचारधारा का दामन थामा। राज्यों की सरकार ने दशकों तक इन इलाकों में विकास को तरजीह नहीं दी। इससे नक्सलियों के कुप्रचार का रास्ता और भी आसान हो गया। यही वजह रही कि पश्चिमी बंगाल से शुरु हुआ नक्सलवाद सीमावर्ती राज्यों में फैलता चला गया। बीते दशकों के दौरान नक्सलियों और सुरक्षाबलों को भारी जनहानि उठानी पड़ी। नक्सलियों के प्रभाव वाले क्षेत्रों में विकास कार्य ठप्प पड़ गए। इसका फायदा उठा कर कट्टर नक्सलियों को युवाओं को बहकाने का मौका मिल गया। नक्सलवाद की समस्या से निपटने के लिए केंद्र और राज्यों ने दो स्तरीय नीति बनाई। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के राहत पैकेज और हिंसा करने वालों के प्रति सख्ती की नीति अपनाई। इसी के तहत राज्यों में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को अनुग्रह राशि देने का प्रावधान किया गया। इनके पुनर्वास की योजना को मंजूरी दी गई। विवाह करने के लिए भी राशि का प्रावधान किया गया ताकि युवा हिंसा का रास्ता छोड़ कर परिवार-समाज के साथ सामान्य जीवन बिता सकें। इसके अलावा केंद्र और राज्य संयुक्त तौर पर नक्सलियों से निपटने की रणनीति पर लगातार कार्यरत हैं। नक्सलियों के राहत पैकेज की रफ्तार बेशक धीमी हों, किन्तु इसका फायदा उठा कर अब तक बड़ी संख्या में युवा हथियार छोड़ कर सामान्य जीवन व्यतीत करने में सफल रहे हैं। नक्सलियों पर सुरक्षा बलों पर दवाब के साथ जरूरत इस बात की है कि विकास की रफ्तार तेज की जाए। नक्सलवाद के जड़ सहित खात्मे के लिए दवाब और विकास की रणनीति जरूरी है। सच्चाई यह भी है कि नक्सल प्रभावित राज्यों में जिस तेजी से विकास होना चाहिए था, वह ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुआ है।

आप का नजरीया

## एक झील की मौत

**महकमों** की काबिलीयत का शोक मनाती धर्मशाला की डल झील की मछलियों को मरना पड़ा। वे एक दिन में नहीं मरीं और न ही जल रिसाव अचानक हुआ। झील की सड़ांध में कितने ही पाप घुल मिल चुके हैं और वे तमाम घोषणाएं भी वहीं कहीं उसी आस को रो रही हैं, जो वर्षों से नेताओं की रंग बदलती जुबान से निकलती रही हैं। आश्चर्य यह कि पर्यटन के इस ग्रहण को न सरकार की दौलत और न ही विभागीय मोहलत बचा पाई। यह दीगर है कि तड़पने के बाद दस-बारह क्विंटल मछलियों को खड्ड में डाल दिया गया, वरना इस झील की कब्र में कितने ही फर्ज पहले से डूब चुके हैं। आज के युग में एक प्राकृतिक झील की हत्या कई प्रश्न उठाती है और यह कोई अनहोनी घटना भी नहीं, हम पहले ही सबसे बड़ी रेणुका झील का दायरा सुखा चुके हैं। रिवालसर झील की मछलियां बाल-बाल बचती हैं, तो खजियार की झील अब दलदल की सौगात है। धर्मशाला झील की बारी लगातार आ रही है और पिछले एक दशक की मूक गवाही में यह कारनामा हुआ, तो इसलिए कि हमारी हर सुबह सियासत के सपने देखती है। यह दौर विभागों की करामात, योजनाओं के लक्ष्य और परियोजनाओं की डूबती नैया की कहानी में डल झील को सुशोभित कर रहा है। जहां चारों तरफ गाद से पर्यटन विमर्श कर रहा है। आश्चर्य यह कि पर्यटन की किश्तियां अब अपने ही साहिल पर डूब रही हैं। वहां मातम मनाते पर्यटक मिल जाएंगे, लेकिन न मसला जल शक्ति विभाग को समझ आया, न वन विभाग और न ही पर्यटन विभाग इस आकर्षण को सिमटते देख कर अपनी आंखें खोल पाया। एशियन विकास बैंक के सहयोग से पर्यटन की कचहरी दलीलें सुनती रहती है, लेकिन इस अभागी झील को कोई सुखद पैगाम नहीं आया। इसी झील के किनारे वीआईपी दौड़े। स्थानीय लोगों ने अपने-अपने व्यवसायों का सीना चौड़ा कर लिया। झील ने कई विधायक-कई मंत्री बनते देखे, लेकिन खुद को कोसने के सिवाय क्या मिला। जरूर यहां भी ठेकों का आबंटन होता रहा होगा। निर्माण की विधा में कंक्रीट बिछा या चूना लगा, यह वीरान मंजर बता रहा है कि पानी को कहीं न कहीं चूसा गया है। यह भ्रष्टाचार की फॉल्ट लाइन है या हमारे ज्ञान की कमजोरी कि रिसाव की जगह को चिन्हित ही नहीं कर पाए। यह हमारी असफलताओं का मॉडल है जो पर्यटन के नाम पर धब्बा है। हमने अपनी घाटियां उजाड़ीं, देवदार के पेड़ उजाड़े, चाय के बागीचे और नदियों के मुहाने तक खोद डाले। आखिर पर्यटन के लिए हर आकर्षण को संरक्षण चाहिए या उजड़ते सरकारी होटल। झील उस वक्त मर रही है, जब कांगड़ा को पर्यटन की राजधानी बनाने की मशक्कत चल रही है। हम चाहे भारत का सबसे ऊंचा म्यूजिकल फाउंटेन स्थापित कर दें, वेलनेस सेंटर बना दें, हर सडक़ पर द्वार बना दें, लेकिन प्राकृतिक तौर पर उपलब्ध नजारे अगर नहीं बचा पाए, तो पूरा पर्यटन खंडहर बन जाएगा। आश्चर्य यह भी कि स्मार्ट सिटी के तमाम योजनाकारों ने भी धर्मशाला में कंक्रीट ही चुना, लेकिन अपनी किसी परियोजना में नहीं चुनी तो डल झील।

# चौकीदार नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन

# चौकीदार पद के लिए चयनित कुल 151 अभ्यर्थियों के बीच हुआ नियुक्ति पत्र का वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चौकीदार नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन डीएमएफटी भवन चतरा में किया गया। जिसमे राज्य के मंत्री उद्योग विभाग, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार श्री सत्यानंद भोक्ता बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री के आगमन पर पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात विधिवत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। चतरा जिला अन्तर्गत सीधी भर्ती द्वारा नवनियुक्त चौकीदार का नियुक्ति पत्र वितरण चतरा जिला में चौकीदार का कुल स्वीकृत पद 373 है, जिसमें पूर्व से कार्यरत पद 221 है। तदनुसार रिक्त पद की संख्या 152 था। 152 रिक्त पद का जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर का अनुमोदन आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग से कराते हुए विभागीय निदेशानुसार रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए दिनांक 02.08.2024 को विज्ञापन संख्या 01/2024 निर्गत किया गया।विज्ञापन के आलोक में कुल 7320 आवेदन पत्र प्राप्त हुए।आवेदन पत्रों के प्रथम स्क्रूटनी के क्रम में 3100 आवेदन स्वीकृत किया गया। इस संबंध में 660 दावा/आपत्ति आवेदन पत्र प्राप्त हुआ, जिसके आलोक में 249 आवेदन स्वीकृत किया गया। इस प्रकार कुल 3349 आवेदन स्वीकृत किया गया।3349 अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 28.09.2024 को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। इस हेतु चतरा जिलान्तर्गत 07 परीक्षा केन्द्र का चयन किया गया था। कदाचार मुक्त एवं स्वच्छ वातावरण में लिखित परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में स्टैटिक मजिस्ट्रेट-सह-ऑब्जर्वर / गश्ती मजिस्ट्रेट / पुलिस पदाधिकारी एवं उड़नदस्ता पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति किया गया था। सभी परीक्षा केन्द्र में सीसीटीवी से निगरानी की व्यवस्था की गयी थी।लिखित परीक्षा के उपरांत जिला स्तरीय पदाधिकारियों के जाँच टीम के माध्यम से प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कराया गया। मूल्यांकन कार्य की गोपनीयता बरते जाने के लिए मूल्यांकन स्थल में सीसीटीवी की व्यवस्था की गयी थी। लिखित परीक्षा के आधार पर कुल 550 अभ्यर्थियों को शारीरिक जाँच (दौड़) के लिए चयनित किया गया, जिसमें अनारक्षित कोटि में 392, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) कोटि में 48, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग कोटि में 69 तथा पिछड़ा वर्ग कोटि में 41 अभ्यर्थी थे।दिनांक 08.10.2024 को आयोजित दौड़ में कुल 172 अभ्यर्थी सफल हुए, जिसमें से कुल 151 अभ्यर्थी का अंतिम मेधा सूची तैयार किया गया। मेधा सूची के अनुसार अनारक्षित कोटि में 108, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) कोटि में 15, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग कोटि में 22 तथा पिछड़ा वर्ग कोटि में 07 अभ्यर्थी का चयन चौकीदार के पद के लिए किया गया। कुल चौकीदार पद के लिए चयनित 151 अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा राज्य सरकार द्वारा 200 यूनिट बिजली माफ करने का कार्य किया गया। आवासहीन को अबुआ आवास योजना से लाभान्वित करने का कार्य किया गया। आम जानो को कार्यालय व जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े इसके लिए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत व ग्राम स्तर पर शिविर लगाकर पात्रता रखने वाले लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य किया गया।

## भव्य छठ पूजा मानने को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक अध्यक्ष बने राजेश कुशवाहा



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के लोटार डैम परिसर सूर्यमंदिर परिसर में छठ पूजा मनाने को लेकर मंगलवार को ग्रमीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रयाग दांगी व संचालन राजेश कुशवाहा ने किया। बैठक में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिर्वित शिक्षक देवचरन दांगी, पंचायत की मुखिया निर्मला देवी, मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित ग्रामीणो ने छठ पूजा धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणो ने छठ पूजा के सफल संचालन को लेकर कमिटी के गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से राजेश कुशवाहा को अध्यक्ष का मनोनयन किया गया। बैठक में समाजसेवी निरंजन दांगी, लखन दांगी, जेएमएम प्रखंड़ अध्यक्ष मनोज वर्मा, मंटू कुमार, प्रनाथ दांगी, शिक्षक सुबोध दांगी, कवींद्र कुमार, बबलू साव, मनोज व्यपारी, विक्की कुमार, शुभम कुमार, सचिन कुमार, दीपक कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## बीएलओ को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को बिएलओ को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण में प्रशिक्षक प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार सिंह व सिद्धेश्वर पांडेय,बीडीओ राहुल देव मुख्य रूप से उपस्थित थे।प्रशिक्षण में उपस्थित बीएलओ को प्रशिक्षकों ने मतदान केंद्र में पानी, बिजली, शौचालय समेत अन्य सुविधाओं की जानकारी दिया गया। मतदान के समय मतदान केंद्र के 100 से 200 मीटर के आसपास भीड़ एकत्रित नहीं होने की जानकारी दिया। साथ ही सभी बूथ पर वरिष्ठ मतदाता बूथ होने, 85 वर्ष प्लस आयु वाले मतदाता, दिव्यांग मतदाता व स्थायी बुनियादी ढांचा, मतदाता जागरूकता के तहत बैग का गठन कर मतदाता जागरूक करने की बात कही। प्रशिक्षण में सुपरवाजर के साथ साथ बीएलओ मौजूद थे।

## शिबला मे तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का किया गया उद्धघाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत शिबला पंचायत स्थित देवी मंडल के समीप खेल मैदान में एसपीएल क्लब शिबला के द्वारा तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट का उद्धघाटन वार्ड सदस्य मो. सकिल समाज सेवी डब्लू सिंह एवं मो. गोल्डेन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। टूर्नामेंट का पहला मैच मैक्स क्लब बालूमाथ तथा यंग तिरंगा क्लब बारियातू के बिच खेला गया. मैक्स क्लब बालूमाथ ने 10 ओवर मे 111 रन बनाए. तथा यंग तिरंगा क्लब बारियातू के द्वारा 10 ओवर मे 51 रन का लक्ष्य खड़ा किया। वहीं इस टूर्नामेंट मैच में मैक्स क्लब बालूमाथ के खिलाड़ियों ने 60 रन से जीत हासिल की।इस अवसर पर वार्ड सदस्य मो. सकिल ने कहा कि खेल से मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी होता है। खिलाड़ी को खेल की भावना से सदैव खेलना चाहिए द्वेष की भावना से नहीं अच्छे खिलाड़ी वही होते हैं जो खेल को अच्छे प्रदर्शन कर अच्छे मुकाम तक पहुंचते हैं। वही समाज सेवी डब्लू सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होने से ग्रामीण खिलाड़ी का खेल के प्रति उत्साह बढ़ता है और वे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित होते है। मौके पर अध्यक्ष विजय कुमार, उपाध्यक्ष मो. मकसूद, सचिव संतोष ठाकुर, कोषाध्यक्ष मो. मिन्हाज, मो. आशिफ, मो, आफताब, सोनू आलम, टिंकू, अनिल ठाकुर, अजाजुल हक, अफरोज सहित दोनों टीम के खिलाड़ी व अन्य लोग

## विदाई समारोह का आयोजन, सहायक तकनीकी प्रबंधक को दी गई भावभीनी विदाई, नए एटीएम व बीटीएम का किया गया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** प्रखंड के जनता उच्च विद्यालय के समीप कृषि सूचना केंद्र में मंगलवार को विदाई समारोह आयोजित कर प्रभारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सह सहायक तकनीकी प्रबंधक सुधीर कुमार को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में निवर्तमान प्रभारी बीटीएम सह एटीएम सुधीर कुमार को फूल माला पहनाकर एवं बुके देकर विदाई दी गई। वहीं नवपदस्थापित प्रखंड तकनीकी प्रबंधक इंद्रजीत शेखर एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक जयंत कुमार को बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर एटीएम सुधीर कुमार ने कहा की यहां के लोगों के साथ आत्मीयता जुड़ाव सा हो गया था। हालांकि स्थानांतरण व पदस्थापन एक सरकारी प्रक्रिया है यहां के कृषक मित्र एवं कृषक मित्र के अध्यक्ष का कार्य में भरपूर सहयोग मिलता रहा है ये सभी धन्यवाद के पात्र हैं। वही नवपदस्थापित एटीएम जयंत कुमार ने कहा की बेहतर कृषि तकनीक से खेती करने को लेकर कृषक को जागरूक करना व किसानों को लाभ दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता होंगी। मौके पर कृषक मित्र अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, कृषक मित्र दिलीप यादव, अनुज गुप्ता, निर्मल भोगता, विजय भोगता, संतोष भोगता समेत कई अन्य कृषक उपस्थित थे।

## प्रीमियर लीग मैच का फाइनल महा मुकाबला आज



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत मंझगावां पंचायत के सिन्दवारी मैदान में प्रीमियर लीग सीजन 2 का महा मुकाबला बुधवार को खेला जाएगा। जिसमें मुख्य टीम राजेश कुमार एवं लखन भुइंया के खिलाड़ी होंगे। इस टीम से पुर पंचायत के लोग खुश हैं। इस मैच मे खेल प्रेमियों को आनंद उठाने के लिए पंचायत मुखिया सरिता देवी एवं समाजसेवी बसंत नारायण सिंह अधिक से अधिक लोगों को पहुंचाने की अपील किया है एवं खेल का आनंद उठाने की बात कही है।

## 58 वर्षीय महिला लापता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत आन ग्राम-किता घघरी टोला निवासी देवकलीया देवी कुछ दिनों से लापता है। उक्त जानकारी आभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कमलेश उरांव ने दी है उन्होंने बताया कि देवकलीया देवी 28 सितंबर 2024 से ही अपने घर से लापता है जिनका रंग सांवला उम्र 58 वर्ष लगभग है, जो लाल रंग की सरना साड़ी पहनी हुई है। उन्होंने लोगों से अपील किया है, कि अगर इस वेश भूषा में कहीं दिखाई पड़ती है तो 9771279245-9693740070 पर जानकारी जरुर दें।

## आचार संहिता को प्रभावी बनाने को लेकर डीसी व एसपी ने संयुक्त रूप से की प्रेस वार्ता का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मंगलवार को समामाहरणलय साभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व एसपी कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने आचार संहिता के दिशा-निर्देशों और प्रशासन की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। उपायुक्त ने बताया कि आज से आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है जिसका सभी स्तर पर अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा अधिघोषणा के 24 घंटा, 48 घंटा एवं 72 घंटे की अवधि में संपत्ति के विरुपन के समुचित कार्रवाई हेतु जिला अंतर्गत सभी राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।साथ ही जिले के सभी प्रखंड विकास प्राधिकारी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को उक्त के संदर्भ में आवश्यक निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि लातेहार जिले अंतर्गत दो विधानसभा हैं, मनिका विधानसभा 73 जो एसटी सीट है, एवं लातेहार विधानसभा 74 जो एससी सीट है। उन्होंने बताया कि विधानसभा के पहले चरण में 13 नवंबर को लातेहार एवं मनिका विधानसभा क्षेत्र में मतदान होगा। वही मतगणना 23 नवंबर को होगी।आगे उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। कहा कि किसी तरह की उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसपी कुमार गौरव ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि संवेदनशील और अति-संवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान कर ली गई है, जहां विशेष सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी।इसके अलावा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त बढ़ा दी गई है और किसी भी आपराधिक गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। एसपी ने कहा कि आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए सभी थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।जिले में 679 पोलिंग बुथ बनाए गए हैं। मनिका विधानसभा के लिए 321 एवं लातेहार विधानसभा के लिए 358 पोलिंग बुथ पर पर 567389 मतदाता मतदान करेंगे। मनिका विधानसभा में पुरुष मतदाता की संख्या 129926 एवं महिला मतदाता की संख्या 130298 है। वही लातेहार विधानसभा में 154747 पुरुष मतदाता एवं 152418 मतदाता महिला मतदाता का नाम शामिल है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास सुचना एवं जनसंपर्क अधिकारी उपस्थित थे।

## झारखण्ड श्रमिक संघ के जिला कमिटी का किया गया विस्तार

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड श्रमिक संघ का जिला स्तरीय मनोनयन की किया गया। यह मनोनयन झारखण्ड श्रमिक संघ के केंद्रीय समिति की बैठक में चतरा जिला के लिए नौ सदस्यीय समिति का मनोनयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जागेश्वर दास, उपाध्यक्ष दुलारचंद साहू, गुरुदयाल साव, गोपाल महतो, प्रधान महासचिव विकास पांडेय, महासचिव सलीम जावेद, सचिव चंद्रदेव साहू, प्रवक्ता आलोक रंजन, संगठन सचिव उपेंद्र पांडेय, संयुक्त सचिव बिनोद साव, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह को मनोनयन किया गया है। केंद्रीय समिति ने मनोनयन करते हुए सभी जिला श्रमिक संघ को निर्देशित किया है कि अविलंब प्रखण्ड स्तरीय मनोनयन कर उच्चस्तरीय पदाधिकारी को लिस्ट भेजें।

## झारखंड परियोजना कर्मी संघ एवं केजीबीवी कर्मी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

### विस चुनाव को लेकर स्थगित हो सकता हड़ताल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड परियोजना कर्मी संघ एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कर्मी संघ ने सोमवार से सामाहरणालय परिसर में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। झारखंड प्रदेश के आश्वासन पर जिला ईकाई-लातेहार के द्वारा 15 अक्टूबर 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरुआत की गई। हड़ताल में बैठे कर्मीयों ने बताया कि पूर्व में 07 एवं 08 अक्टूबर 2024 को अपनी लंबित मांगों को लेकर राज्य स्तरीय धरना कार्यक्रम का आयोजन, राजभवन रांची में किया गया था, परंतु सरकार के उदासीन रवैये के कारण एवं कोई सार्थक पहल न किये जाने के कारण सभी कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल हेतू विवश हैं। इस क्रम में यदि आचार संहिता लागू होता है तो हड़ताल तत्काल स्थगित रहेगा। पुनः चुनाव प्रक्रिया के बाद हड़ताल जारी रखे जाने का निणर्य लिया जा चुका है। लातेहार जिला ईकाई का पुर्नगठन किया गया। एवं हड़ताल में सभी प्रखंडों के कर्मियों एवं कस्तूरबा कर्मियों की उपस्थिति रही।

## विस चुनाव की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने चुनाव के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के दृष्टिगत सभी कोषांग आपसी समन्वय के साथ अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी सभी अधिकारियों को देते हुए उन्होंने कहा कि अब समय कम रह गया है ऐसे में अधिसूचना के साथ आदर्श आचार संहिता के लागू होते ही चुनाव के दौरान इसका पालन सुनिश्चित कराने के संबंध में आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने मतदाताओं की सुविधाओं एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी मतदान केंद्रों का पुनः विश्लेषण करने का निर्देश दिया। उन्होंने चुनाव स्थल, मतपेटिकाओं को ले जाने हेतु वाहनों की आवाजाही, प्रशिक्षण एवं नामांकन की प्रक्रियाओं का विशेष ध्यान रखने को लेकर निर्देशित किया।चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रभारी पदाधिकारी कार्मिक कोषांग को चुनाव के दौरान कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों से संबंधित डाटा बेस तैयार करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु यह बहुत जरूरी है कि चुनाव में कार्य कर रहे अधिकारियों व कर्मियों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण दिया जाए। इसके लिए उपायुक्त ने वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग को कार्य योजना तैयार करते हुए प्रशिक्षण संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावे उन्होंने सभी बूथों पर शुद्ध पेयजल, निर्बाध विद्युत व्यवस्था, पर्याप्त बैठने की व्यवस्था सहित अन्य सभी सुविधाओं को बहाल करने के उद्देश्य से आंकलन करने का निर्देश दिया। बैठक में कोषांगो के गठन व पदाधिकारियों-कर्मियों की प्रतिनियुक्ति, मतदान दल-सेक्टर मजिस्ट्रेट को सामग्री वितरण, मतपेटी की उपलब्धता, पंजी संधारण, मतदान कर्मियों के आवागमन के लिए वाहन की सुविधाएं, प्रत्याशियों पर आचार संहिता के प्रावधानों के आलोक में सतत निगरानी रखने,आय-व्यय विवरणी की जांच कर अंतिम प्रतिवेदन उपलब्ध कराने, मतदाता जागरूकता संबंधी कार्य समेत कई अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, परियोजना निदेशक प्रवीण गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिले के विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों, कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## राजस्व संग्रहण के लिए प्रमंडलस्तरीय समीक्षात्मक बैठक का हुआ आयोजन

# राजस्व क्षति पहुंचाने वालों पर गंभीरता से जांच कर कार्रवाई का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** वित्तीय वर्ष 2024-25 के राजस्व संग्रहण हेतु प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय-कक्ष में प्रमंडलस्तरीय समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार के द्वारा की गई। बैठक में आयुक्त श्री कुमार ने राज्य सरकार के द्वारा जिलावार निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अध्ययन राजस्व वसूली की जिलावार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत आने वाले किसी भी जिला परिवहन कार्यालय की राजस्व वसूली लक्ष्य के अनुरूप नहीं पाई गई। जिसके अनुरूप आयुक्त ने निर्धारित राजस्व की प्राप्ति के लिए अतिरिक्त कार्य योजना बनाई जाने की आवश्यकता महसूस करते हुए सभी अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करने का निदेश दिया। बैठक के दौरान आयुक्त ने विशेषकर खनन क्षेत्र में नागालैंड के निबंधित वाहनों का प्रयोग, निजी वाहनों के व्यावसायिक उपयोग, स्कूल में प्रयुक्त किये जा रहे वाहनों का परमिट प्राप्त नहीं किया जाना,



अधिकृत सेकंड हैंड कार विक्रेताओं के द्वारा वाहनों के निबंधन में पहुंचाई जा रही राजस्व क्षति आदि जैसे अन्य संबंधित मामलों एवं बिंदुओं पर सघन जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। बैठक में विजय कुमार, उप परिवहन आयुक्त-सह-सचिव उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग, बैधनाथ कामती, जिला परिवहन पदाधिकारी, हजारीबाग, शैलेश प्रियदर्शी, जिला परिवहन पदाधिकारी, गिरिडीह, मनीषा वत्स, जिला परिवहन पदाधिकारी, रामगढ़, इंद्र कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, चतरा, बीजय कुमार सोनी, जिला परिवहन पदाधिकारी, कोडरमा, एवं वंदना सेजवलकर, जिला परिवहन पदाधिकारी, बोकारो आदि उपस्थित रहें।

# सांसद प्रतिनिधि ने 5 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को सूर्य मंदिर से अराहरा गांव तक तथा लंगातु से जुगरा होते हुए चेपाकला गांव तक साढ़े आठ किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास सांसद मनीष जायसवाल के प्रतिनिधि सह संसदीय सांसद सेवा कार्यालय के प्रभारी अनिल मिश्रा ने किया। लगभग 5 करोड रुपए लागत राशि से सड़क का निर्माण कार्य किया जाएगा। इस मौके पर अनिल मिश्रा ने कहा कि यह दोनों पथ दर्जनों गांवों के लोगो का आवागमन का मुख्य मार्ग है। यह पथ कई साल से जर्जर था। ग्रामीणों की मांग को देखते हुए सांसद के प्रयास से डी एम एफ टी फण्ड से स्वीकृति मिली है। सांसद मनीष जायसवाल ने अपने संदेश में कहा कि इस क्षेत्र के प्रभावित ग्रामीणों का फर्ज बनता है कि सड़क निर्माण कार्य पर पैनी नजर रखे ताकि कार्य की गुणवत्ता बनी रहे। उन्होंने कहा कि संवेदक व एजेंसी की कारगुजारियों की वजह से घटिया सड़क निर्माण की शिकायत मिलती रही है। उन्होंने कहा कि लोगो की सजगता अति जरूरी है तभी गुणवत्ता बनी रहेगी। इस मौके पर मुखिया रंजीत मेहता, जिला मंत्री जयनारायण प्रसाद, मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, नर्सिंग प्रसाद, बैजनाथ साव, जमुना मेहता, दीपक कुमार महतो, अलंकार कुमार, कैलाश साव, शंकर राम, अर्जुन तिवारी, मनीष पांडे, रवि दांगी, शिशु मिश्रा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बच्चों के बीच किया बैग का वितरण



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरियाड़ीह के प्रांगण में सरकार द्वारा दिए गए बैग वितरण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य रूप से स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा और विद्यालय के प्रधानाध्यपिका मीना कुमारी सहायक अध्यापक रामजी प्रसाद, दीनानाथ प्रसाद, अजीत प्रसाद, सहायक शिक्षिका मधुबाला कुमारी, रेखा कुमारी, सहित विद्यालय के बच्चे शामिल हुवे। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी बच्चों को मुखिया के हाथों बैग का वितरण किया गया। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद एवं उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, ने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों का शतङ्कप्रतिशत उपस्थित विद्यालय में कराया जाए, ताकी बच्चें का भविष्य संवर सके। साथ ही कहा कि अभिभावक अपनेङ्क अपने बच्चों को ड्रेस, बैग, कॉपी किताब के साथ समय से विद्यालय भेजें ताकि बच्चें पढ़ लिखकर समाज का नाम रौशन कर सके। मौके पर प्रधानाध्यपिका मीना कुमारी, सहायक अध्यापक रामजी प्रसाद, दीनानाथ प्रसाद, अजीत प्रसाद, सहायक शिक्षिका मधुबाला कुमारी, रेखा कुमारी सहित स्कूल छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बच्चे देश का भविष्य, इन्हें सुरक्षित व बेहतर शिक्षा मिलनी चाहिए : राजेन्द्र प्रसाद




**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम-पंचायत धनवार राजकीय उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय धनवार में मंगलवार को मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने पहली से आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच स्कूली बैग का वितरण किया। मुखिया ने राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि बच्चे सदैव स्कूल आकर ज्ञान अर्जित करें, और अपना भविष्य का निर्माण करें। बच्चें बैग पाकर काफी खुश दिखे मौके पर मौजूदसहायक शिक्षक अफरोज आलम ने कहा कि ने झारखंड सरकार के इस पहल को सराहनीय बताया। कहा कि गरीब छात्रों को सरकार हर मोड़ पर उसका साथ दे रही है ताकि गरीब का हर बच्चा उच्च शिक्षा प्राप्त कर सके। विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष श्रीमती नजमा खातून शिक्षक मोहम्मद अफरोज आलम, सीताराम रविदास, उपेन्द्र प्रसाद, अमरेन्द्र राम, प्रकाश सिंह, बैग पाने वाले बच्चों में फिजा प्रवीण, सुहाना प्रवीण,आशमीन प्रवीण,मोहम्मद आमिर प्रवीण, रुखसार प्रवीण, इशरत प्रवीण, अरबाज, मोहम्मद मिस्वाहुल, जैनब प्रवीण, नुसरत प्रवीण, जोया प्रवीण, रेशमा सहित विद्यालय के अन्य बच्चें उपस्थित

## धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने नए बीडीओ का किया स्वागत



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने नए बीडीओ जयपाल महतो का बुके देकर स्वागत किया। मौके पर उन्होंने पंचायत की समस्याओं की जानकारी को बीडीओ के समझ रखा।वही कहा कि आपके सहयोग से ही हमारे पंचायत का विकास हो सकता है। वही बीडीओ ने भी पंचायत के विकास में अपनी सहभागिता देने की बात कही। वहीं कहा कि बरही जैसे क्षेत्र में आकर काम करना काफी अच्छा लग रहा है, यहां के लोग विकास के प्रति काफी चिंतित है। मौके पर धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, ब्रह्मदेव यादव, प्रकाश साव आदि उपस्थित थे।

## जिओ टावर फेल होने से उपभोक्ता है परेशान

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बंडासिंगा मोड़ में जिओ की मिनी टावर फेल होने से उपभोक्ता परेशान हो गए हैं। इस संबंध में बंडासिंगा निवासी सुजीत कुमार ने बताया कि पिछले 15 दिनों से जिओ का नेटवर्क सही से काम नहीं कर रहा हैं। वही नेटवर्क सही से काम नहीं होने बच्चे की पढ़ाई बाधित हो रही हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि मेरे घर से मात्र 100मीटर दूरी स्थित मिनी टावर लगाई गई है। जिसके बाद भी भरपूर नेटवर्क नहीं रहता हैं। वही बातचीत भी सही नहीं हो पाती हैं। अगर 5जी की बात करें तो वह बिल्कुल नहीं रहती हैं। जिओ कंपनी के अधिकारी भी मौन धारण किए हैं। अगर ऐसी हालत रही तो उपभोक्ता पोर्ट करने में देर नहीं करेगी। रिचार्ज खत्म होते ही एयरटेल में आना शुरू कर दी हैं।

## पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने झरपो में किया कार्यकर्ता सम्मलेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह झामुमो के वरिष्ठ नेता जानकी प्रसाद यादव ने झरपो बुध बाजार परिसर के शारदीय दुर्गा पूजा मंडप में मंगलवार को कार्यकर्ता सम्मलेन किया । कार्यकर्ता सम्मलेन के दौरान झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि तीर धनुष छाप पर बटन दबाकर भारी से भारी मतो से विजय बनावें ताकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूत बनाया जा सके । श्री यादव ने सर्वप्रथम अपने विधायक कार्यकाल में क्षेत्र में किए गए कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि वे अपने विधायक के कार्यकाल में दर्जनों बिजली सब स्टेशन का उदघाट्न,दर्जनों तालाब निर्माण, डिग्री कॉलेज का निर्माण तथा खैरा से टाटीझरिया जाने वाले 17 किमी दूरी तक पीएमजीएसवाई के तहत



जर्जर सड़क का चौड़ीकरण पथ का निर्माण करवाये। बाद में उन्होंने मुख्यमंत्री के कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिलाओं के लिए मईयां सम्मान योजना का पहला किस्त रक्षाबंधन पर,दूसरा किस्त कर्मा पूजा और तीसरा किस्त दुर्गा पूजा दशहरा के अवसर पर दिया जिससे महिलाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है।उन्होंने यह भी आश्वाशन देते हुए कहा कि जो महिला लाभुको को मईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिला है उनको भी जल्द दी जाएगी। 50 वर्ष तक के महिलाओं को सर्वजन पेंशन योजना,अबुआ आवास, 200 यूनिट बिजली माफी समेत अन्य कई योजनाओं की सौगात मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिया। वहीं उक्त स्थल पर जानकी प्रसाद यादव ने महिलाओं को सम्मान देते हुए 1000 मईया सम्मान योजना से 2500 रुपए मुख्यमंत्री द्वारा किए जाने पर लड्डू मिठाई बाटे। इस मौके पर कई राजनैतिक दलों के लोगों में भाजपा से प्रबिल प्रसाद कुशवाहा,सुरेश प्रसाद ,सौरभ सिंह,अशोक मुर्मू,संजय कुमार रवि,आजसू से लक्ष्मीकांत सोनी राजेश ठाकुर,रामलखन राणा,गणेश माली, गौरी शंकर प्रसाद, राजेश कुमार रवि,बसंत प्रजापति,अजीत कुमार ,बबलू यादव,एनसीपी से प्रखंड अध्यक्ष संदीप पाण्डेय ने पार्टी को छोड़कर झामुमो का हाथ थामा। इस अवसर पर झामुमो टाटीझरिया प्रखंड अध्यक्ष रवि सिंह,सचिव जगदीशचंद्र यादव इब्राहिम अंसारी, हरी प्रसाद, जितेंद्र पासवान,राजेश प्रसाद, अशोक कुमार कुशवाहा,र धेश्याम प्रसाद कुशवाहा, भुनेश्वर महतो,सरजू राम, धनेश्वर पासवान, मुकुंद कुमार देव, नुनुचंद राम,छोटी पासवान, रवि यादव, केदार गौरव, सरजू प्रसाद, अजीत कुमार, नारायण विश्वकर्मा, संजय कुमार, रोहित कुमार, संजय कु. रवि ,मुन्नी देवी, उर्मिला देवी समेत अन्य सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## पूर्व सांसद ज्ञान रंजन को उनकी जयंती पर कांग्रेसियों ने किया याद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में प्रदेश कांग्रेस के कद्दावर नेता तथा झारखंड आंदोलन के प्रेरणास्रोत राज्य सभा के पूर्व सांसद स्व॰ ज्ञान रंजन की जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव यादव ने कहा कि ज्ञान रंजन प्रदेश कांग्रेस के कद्दावर नेता थे । वे एक बार सयुंक्त बिहार में बिहार विधान परिषद के सदस्य तथा एक बार राज्य सभा सदस्य के रूप में चुने गये । उनका कांग्रेस से गहरा लगाव था और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के करीबी में उनका नाम शुमार होता था। जयंती कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, प्रदेश सचिव बिनोद सिंह उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान वरिष्ठ कांग्रेसी लाल बिहारी सिंह, मिथिलेश दुबे, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, राजू चौरसिया, अल्पसंख्यक अध्यक्ष साजिद अली खान महिला कांग्रेस अध्यक्ष बेबी देवी, जावेद इकबाल, दिलीप कुमार रवि, भैया असीम कुमार, सदरूल होदा, निसार अहमद भोला, अनिल भुईया, मुस्ताक अंसारी, परवेज अहमद, के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।



# छठ महापर्व पर हजारीबाग यूथ विंग 11 रु में सूप व पूजन सामग्री का करेगा वितरण

● **हजारीबाग यूथ विंग का यह प्रयास समाज के कमजोर वर्गो तक सहायता पहुंचाने का एक बेहतरीन उदाहरण है : नैंसी सहाय**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले में सामाजिक और धार्मिक कार्यो में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाली हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा आगामी छठ महापर्व के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, 4 नवंबर को बड़ा बाजार चौक पर किया जाएगा इस कार्यक्रम के जरिए श्रद्धालुओं को एक सूप तथा पूजन सामग्री प्रदान की जाएगी। इस कार्यक्रम का औपचारिक पोस्टर लॉन्चिंग मंगलवार को जिले की उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा किया गया। संस्था के इस कदम का उद्देश्य



समाज के विभिन्न वर्गो को छठ महापर्व की तैयारी में सहयोग प्रदान करना है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता संतोष सिंह भी मौजूद रहें। यह कार्यक्रम संस्था द्वारा दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है, जिसमें इस वर्ष 300 सौ से अधिक श्रद्धालुओं के बीच सूप एवं पूजन सामग्री का वितरण किया जाएगा। नारी शक्ति और समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से इस वर्ष पोस्टर लॉन्चिंग का कार्य उपायुक्त के हाथों संपन्न कराया गया। उपायुक्त नैंसी सहाय ने इस अवसर पर कहा छठ महापर्व हमारे सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हजारीबाग यूथ विंग द्वारा किया जा रहा यह प्रयास न केवल प्रशंसनीय है, बल्कि समाज के लिए प्रेरणादायक भी है। ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने में सहायक होते हैं और हमें अपनी परंपराओं से जुड़े रहने का अवसर प्रदान करते हैं। छठ महापर्व सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह हमारे समाज को एकता और समर्पण की भावना से जोड़ता है। हजारीबाग यूथ विंग का यह प्रयास समाज के कमजोर वर्गो तक सहायता पहुंचाने का एक बेहतरीन उदाहरण है। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज के हर वर्ग को छठ महापर्व के इस पावन पर्व में सम्मिलित करना है। हमारी संस्था समाज में सेवा के प्रति समर्पित है और इस पहल के माध्यम से हम सभी श्रद्धालुओं को महापर्व की तैयारियों में सहयोग करना चाहते हैं। कार्यक्रम संयोजक जय प्रकाश खण्डेलवाल ने कहा यह दूसरा वर्ष है जब हम इस आयोजन को कर रहे हैं, और हमारा लक्ष्य है कि हम हर साल अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचें। इस बार 300 सौ लोगों को सूप और पूजन सामग्री प्रदान की जाएगी, जिससे वे छठ पूजा की तैयारियों में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करें। मौके पर - संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक जयप्रकाश खण्डेलवाल,सचिव संजय कुमार, कोषाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक रितेश खण्डेलवाल,विकाश तिवारी, शंपा बाला,गुंजन मद्धेशिया एवं उदित तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## ऋत्विक कंपनी की मनमानी चट्टी बरियातू पचड़ा मुख्य सड़क के संपर्क को काटा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** एनटीपीसी केरेडारी कोल माइंस के एमडीओ कंपनी ऋत्विक की मनमानी पर विस्थापित प्रभावित क्षेत्र के लोगों ने सवाल उठाया है। ऋत्विक कंपनी द्वारा बगैर वैकल्पिक रास्ता का निर्माण के ही पचड़ा नौवाखाप मुख्य सड़क को काट दिया जिस कारण पचड़ा पंचायत और नौवाखाप गांव के हजारों लोगों का प्रखंड मुख्यालय और जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया है। घटना सोमवार रात की है, उक्त घटना से संबंधित क्षेत्र के लोगों में एमडीओ कंपनी के ऊपर भारी आक्रोश पनप उठा हैं। उक्त सड़क पर सफर करने वाले राहगीरों और स्थानीय लोगों ने बताया कि चट्टी बरियातू पचड़ा सड़क को ऋत्विक कंपनी द्वारा बीते रात काट दिया गया है। जिस कारण पचड़ा पंचायत व सिमरिया प्रखंड क्षेत्र आवागमन का सुगम मार्ग बाधित हो गया है। संबंधित क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों ने पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के उपस्थिति में चट्टी बरियातू कोल माइंस का माइनिंग और कोल ट्रांसपोर्टिंग कार्य को पूर्ण रूप से बंद करा दिया है। घटना की सूचना पर सदर एसडीओ अशोक कुमार व केरेडारी सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल ने भी काटे गए सड़क को पहुंच कर जायजा लिए। ग्रामीणों का मांग है कि ऋत्विक कंपनी द्वारा बीते 19 अगस्त को भी सड़क काट कर आवागमन बाधित करने का काम किया जा चुका है और इस बार भी सड़क को काट दिया गया है समय रहते अगर प्रशासनिक पहल नहीं की जाती है तो विस्थापित प्रभावित आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर मुस्लिम समाज मे दिखा आक्रोश

● **जुलूस की शक्ल में पहुँचे समाहरणालय, यति नरसिंहानंद को सजा देने की मांग को लेकर सौपा ज्ञापन**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** यति नरसिंहानंद के द्वारा पैगंबर मोहम्मद को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर हजारीबाग में मुस्लिम समुदाय के लोगों में आक्रोश दिखा। मंगलवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने यति नरसिंहनंद को सजा देने की मांग को लेकर सड़कों पर जुलूस की शक्ल में उतरे। जुलूस हजारीबाग के विभिन्न मार्गो से होते हुए जिला परिषद चौक पहुंची उसके बाद हजारीबाग समाहरणालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को यति नरसिंहानंद व रामगिरी महाराज को सजा देने की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है



कि डसना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती ने 29 सितंबर को गाजियाबाद के लोहिया नगर में हिंदी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में पैगंबर मोहम्मद साहब पर आपत्तिजनक टिप्पणी की जिससे पूरे मुस्लिम समुदाय की भावना आहत हुई है। इससे पूर्व 16 अगस्त को रामगिरी महाराज ने भी नासिक महाराष्ट्र में पैगंबर मोहम्मद साहब को लेकर विवादित बयान दिया था । नरसिंहानंद सरस्वती एवं रामगिरी महाराज जैसे लोगों का बयान से सिर्फ मुस्लिमों के धार्मिक भावनाएं ही आहत नहीं हुई है बल्कि भारत देश की अखंडता एवं एकता को भी खंडित करने की कोशिश की गई है। इन दोनों का बयान देश विरोधी बयान प्रतीत होता है यह लोग जानबूझकर ऐसा विवादित बयान देते हैं ताकि देश की एकता कमजोर हो और बाहरी शत्रु देश पर हमला कर दे । उनकी कार्यशैली से यह संदेश भी मिलता है की इन लोगों का संबंध देश से भारी शत्रु से तो नहीं है उनके साथ मिलकर देश की शांति को भंग करने का प्रयास कर रहे हैं। दिए गए ज्ञापन मैं यति नरसिंहानंद सरस्वती एवं रामगिरी महाराज के खिलाफ सख्त एवं जल्द कार्रवाई करने की मांग की गई है। मंगलवार को मुस्लिम संप्रदाय के लोगों ने अपनी अपनी दुकानों व अन्य प्रतिष्ठानों को भी बंद रखा।

# झारखंड कैबिनेट से ईपीएफ की मंजूरी दिये जाने पर पारा शिक्षकों ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री का जताया आभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में झारखंड के 60 हजार पारा शिक्षकों ( सहायक अध्यापकों ) को ईपीएफ का लाभ देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मामले को लेकर सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा बड़कागांव के प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम के नेतृत्व में खुशी का इजहार करते हुए मिठाई बांटी गई, और सुबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम को धन्यवाद व आभार जताया। मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि वर्तमान सरकार ने हम सुबे के पारा शिक्षकों का मानदेय बढ़ोतरी सहित ईपीएफ का लाभ दिया इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एंव शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम को पूरे परिवार की ओर से धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त करता हूं। ईपीएफ में मानदेय से कटेंगे 1800रुपए और सरकार 1950 रुपए देगी। बड़कागांव प्रखंड सहित सुबह के 60 हजार पारा शिक्षक लगभग 22 वर्षो से ईपीएफ का मांग कर रहे थे। ईपीएफ सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन समय-समय पर करते रहते थे। ऐसा होता था कि किसी भी पारा शिक्षक की मृत्यु होती थी तो उसके परिजनों को पारा शिक्षक स्वयं अपने शिक्षकों से चंदा इकठ्ठा कर पारा शिक्षक के परिजनों को सहयोग राशि के रूप में देते थे। शमशेर आलम ने बताया कि 60 हजार



शिक्षकों को सहायक अध्यापकों को ईपीएफ देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। अब इन कर्मियों के मानदेय से प्रत्येक महिना 1800 रुपए ईपीएफ मद में काटेंगे , वहीं राज्य सरकार अधिकतम 1950 रुपए देगी।जिसका लाभ सभी टेट पास, आकलन पास, प्रशिक्षित एवं अप्रशिक्षित पारा शिक्षकों के 15 हजार मानदेय बेस पर ईपीएफ की कटौती होगी। पारा शिक्षकों के मानदेय से 12प्रतिशत जबकि सरकार के मद से 13प्रतिशत ईपीएफ में भुगतान होगा। दोनों राशि में अधिकतम 3600 ईपीएफ में प्रत्येक माह जमा होंगे। इसमें 1250 रुपए पेंशन मद में और 2750 रुपए भविष्य निधि में जमा होंगे। आभार व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम , बालेश्वर साव , सुनिता कुमारी, आरती कुमारी , कंचनमाला , इबादत हुसैन, खुर्शीद आलम, मोहम्मद जहांगीर सहित प्रखंड के तमाम पारा शिक्षक शिक्षकों की परिवार की ओर से धन्यवाद देते हुए आभार जताया है।

# आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता के तहत स्वीप कोषांग की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मंगलवार को छतरमांडू स्थित समाहरणालय सभा कक्ष में आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त,रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी कॉलेज के नोडल पदाधिकारी व केंपस एम्बेसडर के साथ स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,रामगढ़ इंदु प्रभा खलखो की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान स्वीप नोडल पदाधिकारी के द्वारा सभी महाविद्यालय के नोडल पदाधिकारियों को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता प्रतिशत में वृद्धि हेतु मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर सभी विद्यालयों व महाविद्यालयों में चार- चार वॉलिंटियर एवं दो कैंपस एंबेसडर का चयन करने का निर्देश दिया गया। जो आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर अपने-अपने विद्यालय व महाविद्यालयों में 18 वर्ष या उससे अधिक के मतदाताओं को मतदान करने को लेकर प्रेरित करने का कार्य करेंगे।बैठक के दौरान स्वीप नोडल पदाधिकारी ने सभी कॉलेजों में मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताएं आयोजित कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु तैयारी करने का निर्देश दिया गया । बैठक में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम वर्मा, पी पी आई ए फेलो श्वेता कुमारी, स्वीप कोषांग के पदाधिकारी, कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।




### रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी की सजा पर हाईकोर्ट ने लगाया स्टे

# रामगढ़ की जनता साजिश रचने वालों को सबक सिखाने का काम करेगी : ममता देवी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी को हुई सजा पर झारखंड हाई कोर्ट ने स्टे लगा दिया हैद्य जिससे कि पूर्व विधायक ममता देवी के अब चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया हैद्य ममता देवी को कोर्ट से मिली राहत के बाद कांग्रेसियों में खुशी का माहौल दिख रहा हैद्य वही उनके समर्थक खुशी का इजहार करते नजर आ रहे हैंद्य वही उनके विरोधियों के चेहरे मुरझाए नजर आने लगे हैंद्यमंगलवार को झारखंड में चुनाव की घोषणा हो गई द्य लेकिन इससे ठीक कुछ घंटे पूर्व ही झारखंड उच्च न्यायालय के एक निर्णय ने एक क्षेत्रीय पार्टी के नेताओं के चेहरे पर मायूसी पैदा कर दी है। ज्ञातव्य हो कि वर्ष 2019 विधानसभा चुनाव में ममता देवी रामगढ़ से विधायक चुनी गई थी। लेकिन गोला गोली कांड में सजा मिलने से कुछ सालो के बाद ही उनकी विधायकी खत्म हो गई थी। पूर्व विधायक ममता देवी से इस संबंध में बात करने पर उन्होंने कहा कि मैंने माता दुर्गा रानी से सच की जीत की मांग किया था। माता रानी के आदेश से सच्चाई को जीत मिली है। आने वाले चुनाव में रामगढ़ की जनता को बड़ी जीत मिलेगी। ममता देवी ने कहा कि उन्हें न्यायालय पर पूरा विश्वास था। असत्य पर सत्य की विजय हुई है। साजिश रचने वालों के मुंह काले हुए हैं। रामगढ़ की जनता साजिश रचने वालों को इस बार सबक सिखाने का काम करेगी।



## अरगड्डा एवं सिरका में विधायक ने कई पीसीसी रोड का शिलान्यास एवं स्ट्रीट लाइट का किया उद्घाटन



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ विधायक सुनीता चौधरी ने अरगड्डा क्षेत्र एवं सिरका क्षेत्र में विधायक मत से कई पीसीसी रोड का शिलान्यास एवं कई जगहों पर स्ट्रीट लाइट का उद्घाटन किया। विधायक मत से सिरका ट्रैक्टर स्टैंड के समीप पीसीसी रोड का निर्माण , सिरका बाल मंडली ग्राउंड में फाइबर ब्लॉक लगाने का काम का शिलान्यास किया गया। साथ ही अरगड्डा नोनाही ताड़ और अरगड्डा बाजार में स्ट्रीट लाइट का उद्घाटन विधायक द्वारा किया गया । इस मौके पर मनोज महतो, छोटू पटेल , अमरलाल महतो , सत्येंद्र महतो ,गोपाल महतो, विक्की मेहता सुशील सिंह, बेचन महतो ,बंटी सागर सहित आजसू और भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रामगढ़ में रेल पटरी पर मिले गर्भवती युवती के शव की नहीं हुई शिनाख्त

### प्रथम दृष्ट्या प्रतीत हो रहा हत्या का मामला, गले पर मिले निशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रांची रोड रेलवे स्टेशन और बरकाकाना जंक्शन रेल खंड पर एक गर्भवती युवती का शव मिला है।इसे लेकर रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि 12 अक्टूबर को रांची रोड रेलवे स्टेशन से एक किलोमीटर दूर बरकाकाना रूट पर 18 वर्षीय युवती का शव मिला था। उसके सिर पर चोट लगी थी। प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस ने उसके गले पर निशान भी पाए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, तो पूरा माजरा साफ हो गया। प्रथम दृष्ट्या यह मामला हत्या का प्रतीक हो रहा है। महिला लगभग 8 महीने की गर्भवती थी, जिसे मेडिकल टीम ने स्पष्ट किया है।पुलिस को घटनास्थल पर ऐसा कोई दस्तावेज और सुराग नहीं मिला, जिससे महिला का नाम पता स्पष्ट हो सके। पुलिस ने आसपास के सभी इलाकों में छानबीन की और महिला की तस्वीर दिखाई लेकिन किसी ने भी उसकी पहचान नहीं की। अब पुलिस महिला के पूरे हुलिए को मीडिया में प्रकाशित करा रही है। साथ ही सभी थानों को इसकी सूचना दे दी गई है। पुलिस के अनुसार पहचान होने के बाद पूरा मामला स्पष्ट हो पाएगा।



# हाईकोर्ट में स्टे लगने से ममता देवी के समर्थकों में खुशी का माहौल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी को हुई सजा पर झारखंड हाईकोर्ट में स्टे लगने से उनके गांव में खुशी का माहौल नजर आया। वही उनके पति एवं रामगढ़ के पूर्व प्रत्याशी बजरंग मतों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि विरोधियों का जो षड्यंत्र उनकी हवा निकल गई है और हम लोगों को न्याय पर पूरा भरोसा था जिसका नतीजा है की झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व विधायक ममता देवी के मामले में गोला गोली कांड के मामले में स्टे लगा दिया है।झारखंड उच्च न्यायालय के इब निर्णय ने रामगढ़ जिले की राजनीतिक में तूफान ला दियाद्य जिससे कि पूर्व विधायक ममता देवी के अब चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। ममता देवी को कोर्ट से मिली राहत के बाद कांग्रेसियों में खुशी का माहौल दिख रहा है । वही उनके समर्थक खुशी का इजहार करते नजर आ रहे हैंद्य इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, संतोष सोनी, प्रेमसागर प्रसाद, सुनील कुशवाहा,मनोज कोटवार, तैसामुद्दिन अंसारी, चंदन प्रसाद, गौरी शंकर महतो, मानिक पटेल, तसलीम अंसारी, कमलेश महतो, महादेव महतो, प्रदीप महतो, अमित कुमार, कपलेशर महतो, दिलीप महतो, बहादुर मुंडा, मोतीलाल महतो, धीरेन महतो, कौसर रजा, सगीर अंसारी, लतीफ अंसारी, मुकेश महतो, विवेक कुमार,जे एम एम के बरतू करमाली, करण नायक, गुड्डू पोद्दार, हरिचरण मुंडा, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे



# विश्व ब्राह्मण संघ रामगढ़ जिला की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** विश्व ब्राह्मण संघ रामगढ़ जिला कमिटी की एक बैठक जलाराम बपा मंदिर बिजूलिया में हुई, जिसकी अध्यक्षता पूर्व रामगढ़ जिला अध्यक्ष ने की एवं संचालन भूपेश मनी तिवारी ने की बैठक में मुख्य अतिथि विश्व ब्राह्मण संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे, उपरोक्त बैठक में रामगढ़ जिला कमेटी का गठन होना एवं संगठन को मजबूत करने की दिशा पर चर्चा होनी थी एवं छठ पूजा महापर्व पर चर्चा होनी थी, सभी लोग ने अपने अपने विचार व्यक्त किये एवं छठ महापर्व पर भी चर्चा हुई , आज की बैठक में नई कमिटी का चुनाव किसी वज़ह से नहीं हो सका तथा छठ पूजा महापर्व पर चर्चा की गई, प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी गांधी घाट, रामगढ़ के बाहर ही स्टाल लगा कर, दूध एवं नारियल, सेव, संतरा कैला,धूप , अगरबत्ती इत्यादि छठ व्रतियों के बीच वितरण किया जायेगा, अगली बैठक आगामी 17 नवंबर 2024 दिन रविवार को जलाराम बपा मंदिर बिजूलिया पुल के पास ही होग।इस बैठक में मुख्य तौर पर मुख्य अतिथि विश्व ब्राह्मण संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, मुना मिश्रा, जय किशन शर्मा, बिनोद शर्मा, कमलेश पांडेय इत्यादि लोगों की उपस्थिति थी, अंत में धन्यवाद ज्ञापन के उपरांत बैठक का समापन कि घोषणा की गई ।

# गांव के विकास को लेकर सकारात्मक कदम उठाए सीसीएल प्रबंधन : नितीश कुमार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय स्थित मंगलवार को सेल संचालन समिति सौंदा बस्ती व सरैया टोला के ग्रामीणो कि विभिन्न समस्याओ को लेकर महाप्रबंधक अजय सिंह व परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार के साथ बैठक कि। वहीं इस बैठक में आउटसोर्सिंग कंपनी में सौदा बस्ती व सरैया टोला के ग्रामीणो को रोजगार, सेल संचालन समिति के द्वारा किए गए आर ए माइनिंग एवं पीएसएमइ आउटसोर्सिंग कंपनी में वेतन बढ़ोतरी, गांव में पानी बिजली शिक्षा जैसी समस्याओं को रखा गया। वहीं सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह ने गांव के विकास को लेकर समिति के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस विषय पर सकारात्मक पहल किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर सेल संचालन समिति सौंदा बस्ती के अध्यक्ष नितीश कुमार व सचिव अंबर कुमार ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन को सेल समिति के द्वारा भरपूर सहयोग किया गया है। और आगे भी सहयोग किया जाएगा। परस्पर सीसीएल प्रबंधन भी ग्रामीणों के विषय में सकारात्मक पहल करें। वहीं इस मौके पर अध्यक्ष नितीश कुमार, सचिव अंबर कुमार, पुर्व मुखिया दयानंद प्रसाद, समिति के सलाहकार बासुदेव साव,फलेन्द्र प्रसाद साहू, सुमित कुमार आदि मौजूद थे।

# दुलमी प्रखंड के नये बीडीओ का हुआ स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड में नवनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार मिश्रा को पौंधा भेंटकर स्वागत किया। दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश के नेतृत्व में सभी बीस सूत्री सदस्यों ने मिलकर बीडीओ को पौधा भेंट किया।सुधीर मंगलेश ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि नये बीडीओ के नेतृत्व में प्रखंड में विकास की गति तेज होगी और सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि प्रखंड के सभी अधिकारी और कर्मचारी मिलकर टीम भावना से कार्य करेंगे और प्रखंड को उन्नति की ओर अग्रसर करेंगे।इस मौके पर बीडीओ ने भी अपने संबोधन में सभी को धन्यवाद दिया और आश्वासन दिया कि प्रखंड के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा।उपस्थित सभी सदस्यों ने एकजुट होकर प्रखंड के विकास के प्रति अपना संकल्प दोहराया और नवनियुक्त बीडीओ को सहयोग देने का वादा किया। मौके पर बीस सूत्री सदस्य दिलीप शर्मा प्रकाश करमाली मदन नायक सतबिलास करमाली प्रमानद सिंह अल्ताफ अंसारी आदि।

# दुलमी प्रखंड के सिरु पंचायत भवन मे एक दिवसीय गाय पालन का दिया गया प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के सिरु पंचायत भवन मे मंगलवार को एक दिवसीय गाय पालन का प्रशिक्षण दिया गया । इस प्रशिक्षण में ग्रामीण किसान 155 पुरुष एवं महिलाओ ने भाग लिया । साथ ही जानकारी दी गई कि ग्रामीण किसान भाई अपने घरो मे एक से पांच गाय रख सकते है साथ ही सभी जनवरो से होने वाले बीमारी से कैसे बचने है जानवरो को देख रेखा ग्रामीण किसान भाई अच्छा दूध पालन भी कर सकते है । रामगढ़ जिला से मौजूद दुलमी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी ,रामगढ़ डॉ श शाशि सिन्हा, जिला गव्य विकास कार्यलय रामगढ़ के सुनील कुमार रजक, उच्च वगिर्य लिपिक एवं कपिल देव महतो राजेश उरांव, सोनाराम महतो, कृत्रिक गर्भधान कार्यलय दुलमी, तपेंद्र कुमार, महतो,सिरु पंचायत मुखिया, श्रीमती विना देवी और उप मुखिया,मनेश्वर महतो, एवं वड सदस्य, मुक्ति देवी, पियारीलाल महतो, शांति देवी शंकर महतो, राहुल कुमार महतो सावन महतो मिला महतो, दिनेश महतो, अरत्ती देवी, रेशमी देवी, बबिता देवी, फको देवी, चिंता देवी सोरोसि देवी,कुलदीप कुमार, मिथलेश महतो, शेखर महतो, एवं सभी किसान लाभुक मौजूद थे। साथ ही दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत भवन मे भी एक दिवसीय गाय पालन प्रशिक्षण दिया गया ।




# झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने नईसराय में कार्यकर्ता मिलन समारोह का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने नईसराय में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के रामगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ नेता कुशवाहा पंकज महतो ने उन सभी को पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान महतो जी ने कहा कि मोर्चा की गाइड लाइन के अनुसार सभी काम करे। काम करने वाले कार्यकर्ताओं की अलग ही पहचान रहती है। बिना काम के पद लेना भी गैर जिम्मेदारी का कार्य है इसलिए जिसके पास जो दायित्व है वह ईमानदारी से पूरा करें। पार्टी में जुड़ने वाले सदस्य मोहम्मद आलम ,टिंकू , रुस्तम अंसारी ,राजा खान ,मोहम्मद सेराज , मोहम्मद साबिर, राजा , रामजी कुशवाहा, इजहार आलम ,सोनू खान , शाहबाज खान, मोके पर विजय दुबे, अमित कुशवाहा, रोशन तिवारी, दीपू , बिनोद कुशवाहा, रिजाउल अंसारी कोलेश्वर कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## आईआईएफएल फाईनेंस 19 अक्टूबर तक जीरो प्रोसेसिंग शुल्क के साथ 0.99% प्रतिमाह की ब्याज दर पर पेश कर रही है गोल्ड लोन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईआईएफएल फाईनेंस, जो कि भारत की प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाईनेंशल कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक है, अपने गोल्ड लोन मेला में 19 अक्टूबर तक जीरो प्रोसेसिंग शुल्क के साथ 0.99त्न प्रतिमाह की ब्याज दर पर गोल्ड लोन पेश कर रही है। इस गोल्ड लोन मेला द्वारा आईआईएफएल फाईनेंस का उद्देश्य तत्काल वित्तीय सहयोग के जरूरतमंदों को कम लागत पर गोल्ड लोन के माध्यम से किफायती क्रेडिट प्रदान करना है।




आईआईएफएल फाईनेंस भारत में अपनी शाखाओं और सुगम ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोन निवेदनों की प्रभावी प्रोसेसिंग के लिए तैयार है, ताकि ग्राहकों को इस सीमित अवधि के ऑफर का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।आईआईएफएल फाईनेंस में जोनल हेड, गोल्ड लोन, श्री मनीष मयंक ने कहा, ÷हमें मालूम है कि पैसे की जरूरत अचानक से सामने आती है, और हम जरूरत के समय पर अपने ग्राहकों को सहयोग प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। यह गोल्ड लोन मेला उन्हें किफायती वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। हमारी टीमें जरूरतमंद ग्राहकों की मदद करने के लिए तैयार हैं ताकि वो अपनी वित्तीय जरूरतों को आत्मविश्वास और आसानी के साथ पूरा कर सकें।÷आईआईएफएल फाईनेंस प्रतिस्पर्धी लोन-टू-वैल्यू (एलटीवी) अनुपात, तीव्र लोन प्रोसेसिंग और आसान डिजिटल भुगतान के विकल्प प्रदान करता है। कंपनी समय पर ग्राहकों को सहयोग देते हुए अपनी सर्विस के मानक बनाए रखने पर केंद्रित है।0.99त्न प्रतिमाह गोल्ड लोन ऑफर पाने के इच्छुक ग्राहक भारत में आईआईएफएल फाईनेंस की किसी भी शाखा पर आकर या कंपनी की वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। गोल्ड लोन के लिए नियम व शर्तें तथा पात्रता का विवरण वेबसाईट पर दिया गया है।


## चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्रों में करें सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था : एसपी

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस लाइन स्थित सीसीटीएनएस सभागार में मंगलवार को विधानसभा चुनाव को लेकर सभी थाना क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस पदाधिकारियों की बैठक हुई। अध्यक्षता एसपी अमित कुमार सिंह ने की। एसपी ने सर्वप्रथम सभी थाना क्षेत्रों में वारंटियों, आरोपियों की गिरफ्तारी व पेंडिंग केस की समीक्षा की। उन्होंने अब तक पकड़े नहीं गए आरोपियों व वारंटियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। वहीं एसपी ने चेकनाका सहित थाना इलाकों में वाहन जांच व उपलब्धि की समीक्षा करते हुए जांच जारी रखने का निर्देश दिया। नशे के कारोबारियों पर हुई कार्रवाई की भी समीक्षा की। एसपी ने ज़िले के सभी संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों की स्थित, सुरक्षा व्यवस्था, सुरक्षा बलों की आवश्यकता, उपलब्ध सुविधा की भी समीक्षा की। मौके पर डीएसपी, सभी एसडीपीओ, इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी मौजूद थे।

## बाइक दुर्घटना में एक युवक घायल

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कलुआ पुल के पास मंगलवार को बाइक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल युवक छोटी कोदरजन्ना के मो. सागर(21) है। घायल के अनुसार वे बाइक से करमटोला से अपना घर छोटी कोदरजन्ना जा रहा था। इस दौरान कलवा पुल के पास बाइक असंतुलित होकर पलट गया। इसमे घायल के सिर व कान मे गंभीर चोट लगी है। वही घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

## ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित तीन डॉक्टर को किया जाएगा शो कॉज

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर अस्पताल में मंगलवार को ओपीडी से अनुपस्थित पाए जाने के मामले में तीन डॉक्टर को शो कॉज किया जाएगा। प्रशासनिक डीएस डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि दोपहर करीब 12¬35 बजे डॉ. तबरेज आलम, डॉ. शाहबाज़ आलम व डॉ. सचिन कुमार ओपीडी को नव पदस्थापित डॉक्टर पर छोड़कर बिना किसी सूचना दिए सीएस कार्यालय चले गए। जबकि ओपीडी में मरीजो की काफी भीड़ थी। इस दौरान इलाज में विलंब होने पर मरीजो ने हंगामा भी किया है। वही प्रशासनिक डीएस ने बताया कि ड्यूटी के दौरान किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। ड्यूटी से नदारद पाए जाने पर डॉक्टर या कर्मी पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वही इस मामले में डॉ. सचिन कुमार ने बताया कि किसी जरूरी काम से वे तीन डॉक्टर सीएस कार्यालय गए थे।

## बीडीओ ने पंचायत कर्मियों के साथ किया समीक्षा बैठक

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सभागार भवन में नव पदस्थापित बीडीओ संजय कुमार ने प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों से परिचय प्राप्त करते हुये समीक्षात्मक बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया. उन्होंने सभी पंचायत सचिव एवं क्षेत्रीय कर्मी को प्रतिदिन ऑनलाइन बायोमेट्रिक एवं हाजरी पंजी में दैनिक उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश दिए. बैठक में विधानसभा निर्वाचन 2024 के निमित प्रखंड क्षेत्र के गांव में अवस्थित सभी सरकारी भवनों यथा पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य उप केन्द्र, विद्यालय भवन एवं सड़क परिसंपत्ति पोल आदि में लगे किसी भी राजनीतिक पार्टी का पोस्टर या प्रचार सामाग्री को 72 घंटे के भीतर हटाने का निर्देश दिया. साथ ही सभी मतदान केंद्र भवनों में मूलभूत सुविधाओ को दुरुस्त करने का निर्देश दिए. सभी पंचायतों में पंचायत सुदृढ़ीकरण मद से दरी, सोलर लाइट सिस्टम, बैट्री, लाइट बल्ब और स्टील ट्रंक की खरीदारी कर ख़रीदी गई सामग्रियों का वाउचर और संचिका तैयार करने सहित पंचायत भवनों में अवस्थित उपस्कर पंखा, कुर्सी टेबल, गोदरेज, अलमारी इनवर्टर, बैट्री, कम्प्यूटर एवं अन्य सामाग्रीयों को उपस्कर पंजी में दर्ज करने का आदेश दिया गया।

# जामताड़ा में दूसरे चरण में चुनाव होंगे संपन्न

**▶ निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन तत्पर**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जामताड़ा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जामताड़ा कुमुद सहाय द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के उपरांत विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सभी जानकारियां दी गई।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि जिले के 08 नाला, 09 जामताड़ा एवं 14 सारठ (अंश) में दूसरे चरण में मतदान संपन्न होंगे। विवरण इस प्रकार है गजट प्रकाशन तिथि - 22.10.2024 (मंगलवार)

नाम निर्देशन की अंतिम तिथि - 29.10.2024 (मंगलवार)

नाम निर्देशन पत्रों के जांच की तिथि - 30.10.2024 (बुधवार)

नाम वापसी की अंतिम तिथि - 01.11.2024 (शुक्रवार)

मतदान की तिथि - 20.11.2024 (बुधवार) मतगणना की तिथि - 23.11.2024 (शनिवार)

08 नाला एवं 09 जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के कुल 5 लाख 62 हजार 281 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय ने जिले के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव 2024 में जिले के कुल 766 मतदान केंद्रों (जो कि विभिन्न 639 लोकेशन में अवस्थित हैं) में मतदान होगा, जिसमें 08 नाला के 336 मतदान केंद्र, 09 जामताड़ा के 366 मतदान केंद्र एवं 14 सारठ अंश के 64 मतदान केंद्र शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में जिले के 08 नाला विधानसभा क्षेत्र के 1 लाख 22 हजार 873 पुरुष एवं 1 लाख 19 हजार 297 महिला सहित कुल 2 लाख 42 हजार 170 मतदाता तथा 09 जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के 1 लाख 61 हजार 57 पुरुष, 1 लाख 59 हजार 51 महिला एवं 03 ट्रांसजेंडर मतदाता सहित कुल 3 लाख 20 हजार 111 मतदाता, इस प्रकार दोनों विधानसभा के कुल 5 लाख 62 हजार 281 मतदाता (जिसमें 2 लाख 83 हजार 930 पुरुष एवं 2 लाख 78 हजार 348 महिला एवं 03 ट्रांसजेंडर एवं 8440 दिव्यांग मतदाता सहित) अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**विधानसभा चुनाव की तिथियों के घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने दिल्ली के द्वारा विधानसभा आम चुनाव को लेकर तिथियों के घोषणा के साथ ही दिनांक 15.10.2024 से जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। इस संबंध में सभी थाना प्रभारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया गया है कि आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित कोई भी मामला आता है तो नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। इसके अलावा जिले के सभी आर्म्स का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। चुनाव के दौरान मतदाताओं के बीच शराब बांटने एवं नगद राशि बांटने पर भी जिला प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। सी विजिल के माध्यम से अवैध कारोबार पर निगरानी रखी जायेगी। वहीं सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया गया कि बड़ी मात्रा में लेनदेन करने वाले खाताधारियों का सूचना देंगे। वहीं उत्पाद विभाग को अवैध शराब के कारोबारी पर लगातार छापेमारी की कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि आचार संहिता की घोषणा के 24 घंटे के अंदर सरकारी संपत्ति पर सभी दीवार लेखन, पोस्टर/कागज या किसी अन्य रूप में विरूपण, कटआउट/होर्डिंग्स, बैनर, झंडे को हटा दिया जाएगा। इसके अलावा राजनीतिक दल, उम्मीदवार या चुनाव से जुड़े किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा सरकारी वाहन का दुरुपयोग निषिद्ध है। वाणिज्यिक वाहनों पर झंडा/स्टीकर लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक कि वह वाहन वैध रूप से चुनाव प्रचार के लिए उपयोग में न लाया गया हो। मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के अधीन निजी वाहनों में यदि झंडे और स्टीकर का उद्देश्य किसी विशेष पार्टी को आकर्षित करना हो तो आईपीसी की धारा 17॥/ भारतीय न्याय संहिता की धारा 176 के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। इसके अलावा 48 घंटे के अंदर सार्वजनिक संपत्ति, सार्वजनिक स्थान यथा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, हवाई अड्डे, रेलवे पुल, सड़क मार्ग, सरकारी बसें, बिजली टेलीफोन के खंभे, निकाय की इमारतों आदि पर दीवार लेखन या अन्य सामग्री, सभी अनधिकृत राजनैतिक विज्ञापन हटा ली जाएगी। इसके अलावा 72 घंटे के अंदर लागू की जाने वाली गतिविधियों यथा मतदान केंद्रों में न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं का भौतिक सत्यापन हेतु नोडल अधिकारी की नियुक्ति, वलनेरेबल और क्रिटिकल मतदान केंद्र का पहचान आदि के बारे में बताया गया।

**कोषांगों के गठन सहित अन्य बिंदुओं पर दी गई अहम जानकारी**

वहीं इसके अलावा जिले में सुरक्षा बल की आवश्यकता, एमसीएमसी, डिस्ट्रिक्ट स्टैंडिंग कमेटी, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग के अलावा विधानसभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन हेतु गठित विभिन्न कोषांगो यथा कार्मिक, सामग्री, ईवीएम, वाहन कोषांग, प्रशिक्षण, निर्वाचन, प्रेक्षक, मीडिया, स्वीप, कंप्यूटर, हेल्पलाइन एवं जनशिकायत का गठन कर सभी को क्रियाशील किया गया है। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने जिला प्रशासन के द्वारा निष्पक्ष, भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण आयोजन के साथ साथ शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। आहूत प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक जामताड़ा डॉ एहतेशाम वकारिब उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, अनुमंडल पदाधिकारी, जामताड़ा अनंत कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता ओम प्रकाश मंडल, उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जामताड़ा विकास आनंद लांगुरी, मुख्यालय डीएसपी, प्रशिक्षु डीएसपी चंद्रशेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी नाला आकांक्षा कुमारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**पाकुड़, महेशपुर व लिट्टीपाड़ा विधानसभा में दूसरे फेज में 20 नवंबर को होगा मतदान, आचार संहिता लागू**

# शांतिपूर्ण माहौल में निष्पक्ष व कदाचार मुक्त मतदान प्राथमिकता : डीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पाकुड़ :** पाकुड़ महेशपुर और लिट्टीपाड़ा विधानसभा में दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा। मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। आगामी 22 अक्टूबर से नॉमिनेशन यानी नामांकन शुरू हो जाएगा और 29 अक्टूबर तक नामांकन कर सकेंगे। जबकि 30 अक्टूबर को स्क्रुटनी की जाएगी। वहीं 1 नवंबर तक प्रत्याशी अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मंगलवार की शाम समाहरणालय के सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित कर चुनाव को लेकर अहम जानकारियां मीडिया कर्मियों के साथ साझा किया। उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि तीनों विधानसभा में दूसरे और अंतिम चरण में 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। प्रशासन चुनाव को लेकर गंभीर हैं। शांतिपूर्ण माहौल में निष्पक्ष और कदाचार मुक्त चुनाव संपन्न कराना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। प्रशासन मतदान प्रतिशत वृद्धि को लेकर भी गंभीर है। पिछले लोकसभा चुनाव में पाकुड़ जिले में 74.09 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए मतदाताओं को जागरूक करने का कार्यक्रम किए जा रहे हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र में चुनावी पाठशाला का गठन किया गया है। कॉलेजों में ईएलसी का गठन किया गया है। विभिन्न स्थानों या प्रतिष्ठानों में वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया गया है। प्रत्येक मतदान केंद्रों में आम लोगों में जागरूकता के लिए बूथ स्तरीय जागरूकता समूह का भी गठन कर दिया गया है।

**मतदान केंद्रों की संख्या**

जिले भर में कुल 813 मतदान केंद्र हैं। इसके अलावा लिट्टीपाड़ा विधानसभा में दुमका जिला का गोपीकांदर प्रखंड का 40 मतदान केंद्र और पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में साहिबगंज जिला का बरहरवा प्रखंड का 161 मतदान केंद्र के लिए भी पाकुड़ जिला से ही ईवीएम मशीन, मतदान दल, मतदान सामग्री आदि उपलब्ध कराया जाएगा। उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि लिट्टीपाड़ा विधानसभा में 272 मतदान केंद्र है। पाकुड़ विधानसभा में 434 और महेशपुर विधानसभा में 308 मतदान केंद्र है। इस तरह कुल 1014 मतदान केंद्रों में मतदाता वोट डालेंगे।

**जिले में मतदाताओं की कुल संख्या**

जिले भर में कुल 8 लाख 45,099 मतदाता है। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 04 लाख 14,129 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 04 लाख 30,966 है। इसके अलावा चार तृतीय लिंग के मतदाता भी शामिल हैं। वहीं विधानसभा वार मतदाताओं की बात करें तो लिट्टीपाड़ा विधानसभा में मतदाताओं की कुल संख्या 02 लाख 17,388 है। इनमें पुरुष मतदाता 01 लाख 6056 तथा महिला मतदाता 01 लाख 11,331 मतदाता व तृतीय लिंग के एक मतदाता शामिल हैं। पाकुड़ विधानसभा में पुरुष मतदाता 01 लाख 90,145 तथा महिला मतदाता 01 लाख 98,099 व तृतीय लिंग के एक मतदाता को मिलाकर कुल 03 लाख 88,245 मतदाता शामिल है। महेशपुर विधानसभा में पुरुष मतदाता 01 लाख 17,928 तथा महिला मतदाता 01 लाख 21,536 व दो तृतीय लिंग के मतदाता को मिलाकर कुल 02 लाख 39,466 मतदाता है।

**दिव्यांग मतदाताओं की संख्या**

जिले में कुल 13,876 दिव्यांग मतदाता है। लिट्टीपाड़ा विधानसभा में 2933, पाकुड़ विधानसभा में 7706 तथा महेशपुर विधानसभा में 3237 दिव्यांग मतदाता है।

**आदर्श आचार संहिता लागू**

अधिसूचना जारी होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई है। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने के लिए प्रशासन कटिबद्ध है। आयोग के निर्देश अनुसार मतदान केंद्र पर पुलिस बल की व्यवस्था होगी और वेब कास्टिंग भी किया जाएगा। आज से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। यह सरकार, सरकारी कर्मी और राजनीतिक दल तथा सभी प्रत्याशी पर समान रूप से लागू है।

## अवैध खनन व परिवहन पर लगाएं अंकुश, पकड़े गए तो करें सख्त कार्रवाई : डीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार ने मंगलवार को जिला टास्क फोर्स की बैठक की। अवैध कोयला, अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव, अवैध खनन, अवैध भंडारण के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय की समीक्षा की। उससे संबंधित अनुपालन की बिंदु वार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा लिया। वहीं जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त कर्मियों को सख्त निर्देश दिया जाए कि कोई भी अवैध माइनिंग, परिवहन हुआ तो प्रतिनियुक्त कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने जिला खनन टास्क फोर्स के पदाधिकारी व सदस्यों को क्षेत्रों का भ्रमण कर औचक निरीक्षण करने को कहा। अवैध खनन व परिवहन कार्य में कोई भी लोग संलिप्त पाए जाते हैं तो उसके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने को कहा। जांच के दौरान कोई भी वाहन ओवरलोडिंग पाए जाते हैं तो, वैसे वाहन मालिक एवं जिस क्रशर से लोडिंग हुआ है, उस क्रशर को भी सील करते हुए समुचित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ उपायुक्त ने पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन विभिन्न क्रशरों में औचक निरीक्षण के साथ छापेमारी अभियान चलाएं। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन सभी अपने अपने चेकनाका का औचक निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी फुटेज की जांच करेंगे की कितने वाहन का चलान की जांच की गई। जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन को रोकने हेतु विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी व थानेदारों को निर्देशित किया कि आपस में समन्वय स्थापित कर औचक छापेमारी की जाए ताकि अवैध खनन करने वाले लोगों पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा

# भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल में 88 किलोवाट का सोलर पावर ग्रिड सिस्टम स्थापित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रामगढ़ सौर्य उर्जा आधारित व्यवस्था की दिशा में मिनीरत्न कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड ने कदम बढ़ाए हैं। सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र के आदर्श क्षेत्रीय चिकित्सालय भुरकुंडा में इसकी कारगर शुरुआत हो चुकी है। अस्पताल परिसर में भवनों की छत सोलर पैनलों से लैस हो गई है और यहां 88 केवी क्षमता का सोलर पावर ग्रिड सिस्टम स्थापित कर दिया गया है। अस्पताल में सौर्य उर्जा से उत्पन्न बिजली की आपूर्ति की जा रही है।अब अस्पताल में बिजली न रहने पर होनेवाली परेशानियों से छुटकारा मिलेगा और अस्पताल के सभी जांच उपकरण निर्बाध रूप से काम कर सकेंगे। इसके साथ ही बिजली की खपत पर प्रतिवर्ष खर्च होनेवाले लाखों रुपए की राशि की भी बचत होगी। सौर्य उर्जा पर निर्भरता की इस महत्वपूर्ण पहल से भविष्य में अस्पताल के चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी, टेक्नीशियन सहित मरीजों को बड़ी सहूलियतें होगी।



**प्रक्षेत्र में लगेगा 378 किलोवाट का सोलर पावर ग्रिड सिस्टम**

जानकारी के मुताबिक तकरीबन 1.5 करोड़ की लागत से सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र में कुल 378 किलोवाट क्षमता का सोलर पावर ग्रिड सिस्टम स्थापित किया जाएगा। सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा के अलावा प्रक्षेत्र के उरीमीरी परियोजना कार्यालय, बिरसा परियोजना कार्यालय, उरीमारी रिजनल वर्कशॉप, डीएवी उरीमारी और डीएवी बरकाकाना में यह सिस्टम लगाया जाएगा। कुछ जगहों पर इस दिशा में काम जारी है, जबकि कुछ जगहों पर काम जल्द ही शुरू हो जाएगा।

**सौर्य उर्जा पर निर्भरता वर्तमान और भविष्य की जरूरत**

जानकार बताते हैं कि पारंपरिक उर्जा के स्रोत जैसे कोयला और पेट्रोलियम आदि की उपलब्धता एक हद तक ही सिमित है। अमूमन इंधन के रूप में ऐसे स्त्रोतों का निरंतर उपयोग से पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिससे ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में सौर्य उर्जा पर बढ़ती निर्भरता अच्छा विकल्प हो सकती है। हालांकि सोलर पैनलों में लगनेवाले सिलिकन की मात्रा धरती पर सिमित है, किंतु सौर्य उर्जा पर्यावरण हितैषी है और इस ओर निर्भरता वर्तमान के साथ भविष्य की आवश्यकता भी है।

**केंद्र सरकार भी सौर्य उर्जा के लिए कर रही प्रेरित**

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत केंद्र सरकार आम नागरिकों को रिन्यूएबल एनर्जी की दिशा में बढ़ने को लगातार प्रेरित कर रही है। घरों की छत पर सोलर पावर ग्रिड सिस्टम लगाने के लिए उपभोक्ताओं को सब्सिडी भी दी जा रही है। ऐसे में माना जा सकता है कि हम सभी धीमी गति से ही सही मगर गैर-पारंपरिक उर्जा पर निर्भरता की दिशा में होते बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की आहूत बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** उप विकास आयुक्त, जामताड़ा निरंजन कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई।बैठक में समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने विगत बैठक में दिए गए निर्देश पर हुई कार्रवाई की समीक्षा के अलावा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने, ओवर स्पीडिंग रोकने, रोड साइनेज लगाने, नो हेलमेट नो पेट्रोल का अनुपालन, गुड सेमेरिटन का प्रचार प्रसार, हिट एंड रन के लंबित मामले का निष्पादन, अनफिट वाहनों का चालान करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा किया। बैठक में समीक्षा के दौरान उन्होंने जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान, वाहन जांच अभियान, पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट नो पेट्रोल का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देश दिया साथ ही एमवी एक्ट के तहत सख्ती से कार्रवाई का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने जिले में नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वाहन जांच के दौरान लोगों को बताएं कि हेलमेट, ट्रिपल राइड, सीट बेल्ट बहुत जरूरी है। ओवर स्पीडिंग गलत साइड में वाहन चलाना सुरक्षात्मक एवं कानूनी दोनो दृष्टिकोण से गलत है एवं यह अपराध है। लोगों की जान कीमती है, ऐसे में उन्हें जागरूक करने की दिशा में कार्रवाई करें साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों आदि को भी अवेयर करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने सभी विद्यालयों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करने को निर्देश दिया एवं कहा कि शिक्षकों को, अभिभावकों को भी अवेयर करें, उन्हें सड़क सुरक्षा की जानकारी दें। वहीं बैठक के दौरान उन्होंने ग्रामीण मुख्य सड़कों पर अनावश्यक रूप से बनाए गए गति अवरोधक बंफरों को, जो दुर्घटना का कारण बनते हैं और जानमाल की क्षति होने का खतरा रहता है, उसे हटाने का निदेश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला अंतर्गत गोविंदपुर साहेबगंज एडीबी रोड, मिहिजाम जामताड़ा दुमका पथ, नाला दुमका पथ पर संचालित होटलों/ढाबों में शराब बिक्री पर रोक हेतु नियमित छापेमारी करने का निर्देश दिया। वहीं बैठक के दौरान ईसीएल चितरा प्रबंधन अंतर्गत परिवहन में लगे सभी वाहनों में रिफ्लेक्टिव टैप, हेड एंड रियर लाइट, फिटनेस, विजिबिलिटी के साथ प्रदर्शित होने वाले नंबर प्लेट, व्हीकल ट्रैकिंग डिवाइस आदि के जांच की समीक्षा की। वहीं कोयला ढुलाई में लगे जर्जर/अनफिट डम्फरों को सीज करने के लिए मोटर यान निरीक्षक को निर्देश दिया गया। इसके अलावा उप विकास आयुक्त ने गुड सेमेरिटन के प्रोत्साहन एवं जागरूकता लाने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने हिट एंड रन के मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी मनोज कुमार, सड़क सुरक्षा टीम के कर्मी तौसीफ जलीली एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# आदर्श आचार संहिता लागू, जिला में मतदान 13 नवंबर को : डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण

## मतदाता निर्भीक होकर मतदान केंद्र तक आएं, सुरक्षा पूरी : हारिस बिन जमां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखण्ड विधानसभा आमसभा आम निर्वाचन, 2024 की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। इसे लेकर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस मौके पर उन्होंने निर्वाचन संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत प्रथम चरण के तहत मतदान प्रक्रिया के लिए 18 अक्टूबर 2024 को नोटिफिकेशन जारी होगा जिसके बाद नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी और 25 अक्टूबर 2024 तक चलेगी। नामांकन की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर 2024 को होगी। नामांकन वापस लेने के लिए अभ्यर्थी के पास 30 अक्टूबर 2024 तक का समय रहेगा। मतदान 13 नवंबर 2024 होंगे। मतगणना 23 नवंबर 2024 को होगा। आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए पूरी तैयारी की गई है। जगह-जगह चेकपोस्ट पर एसएसटी की टीम मौजूद रहेगी और एफएसटी टीम द्वारा मामला संज्ञान में आने पर कार्रवाई की जाएगी। सी-विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित रिपोर्टिंग भी की जा सकेगी। मतदाता सुविधा के लिए कई मोबाईल एप की सुविधा दी जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कुल 428 मतदान केंद्र हैं जिनमें 72-लोहरदगा क्षेत्र में 324 और 69-बिशुनपुर (अंश) में 104 मतदान केंद्र हैं। कुल मतदाता 3 लाख 74 हजार 241 हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 89 हजार 774 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 84 हजार 467 है। 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 2 लाख 87 हजार 145 हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 45 हजार 848 और पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 41 हजार 297 है। 69-बिशुनपुर (अंश) विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 87 हजार 96 है जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 43 हजार 926 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 43 हजार 170 है। मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। बुजुर्ग मतदाता जो इच्छुक होंगे उन्हें घर से ही मतदान करने के लिए जिला प्रशासन सुविधा देगी। मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके लिए पदाधिकारियों को आवश्क निर्देश दिये गये हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी सुरक्षा के पूरे इंतजाम मतदाताओं के लिए रहेंगे। आवश्यकतानुसार फोर्स की तैनाती रहेगी।



# लोहरदगा कारा मंडल में स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के आदेशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सहयोग से कारा मंडल लोहरदगा में 15.10.2024 को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कारा मंडल में बंद बंदियों का एचआईवी, टीबी, एसटीआई, सिफलिस और हेपेटाइटिस का जांच किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर में सदर अस्पताल और एचएलएफपीपीटी रांची की टीम उपस्थित रही। टीम में आईसीटीसी काउंसलर सदर अस्पताल अर्चना प्रसाद, प्रयोगशाला प्रावैधिक आईसीटीसी सदर अस्पताल मो आबिद, रीना कुमारी, रीना कुमारी, एसटीएस जिला लक्ष्मा केंद्र लोहरदगा समीर टोप्पो, आरटीआई एसटीआई काउंसलर सदर अस्पताल बिंदेश्वर भगत, जेएसएम के पीएमटीआईएनजीओ अमृता कुमारी, एचएलएफपीपीटी रांची के प्रिजन कोऑर्डिनेटर नंदिनी सिंह, स्टेट मॉनिटरिंग एवुलेशन कोऑर्डिनेटर चंदन कुमार, जेएसएम के एमएनईटीआईएनओ आकाश प्रजापति उपस्थित रहे। वहीं डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि कारा मंडल में बंद बंदियों के स्वास्थ्य को लेकर लगातार जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें बंदियों का स्वास्थ्य जांच कर इलाज भी कराया जाता है।

# चिटफंड नॉन बैंकिंग कंपनियों द्वारा ठगी पीड़ित जमाकर्ताओं का पैसा अभिलंब भुगतान करायें केंद्र सरकार : हरिनाथ साहू



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवारों का आज 45 वें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना प्रर्दशन की अध्यक्षता ठगी पीडीत जमाकर्ता जिला अध्यक्ष मुकेश सिंह के नेतृत्व में समाहरणालय के समक्ष जारी रहा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला से चलकर लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव मो0 अजहर आलम एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची जिला प्रभारी हरिनाथ साहू एवं अतिथि के रूप में रांची जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहें। मो0 अजहर आलम ने कहा कि भुगतान की गारंटी के अधिकार कानून अधिनियम जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 एक्ट के तहत प्रत्येक ठगी पीड़ित निवेदकों की जमा राशि ब्याज सहित अभिलंब भुगतान नहीं होने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन चलाते रहेगी। मौके पर उपस्थित हरिनाथ साहू ने कहा जब तक केंद्र सरकार और राज्य सरकार सभी निवेशकों का भुगतान सुनिश्चित नहीं करती है तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा नगर नगर भ्रमण किया गया जिसमें सभी नन बैंकिंग कंपनियों से परेसान लोग उपस्थित हुए। धरना प्रदर्शन में मुख रूप लोकहित अधिकार पार्टी के नेता पवन तिग्गा, बजरंग साहू, ठगी पीड़ित संगठन के सुकरो उरांव, शशि नंदन भगत, श्याम देव, उरांव बालमूनी मिंज, तारा देवी, वेहराह सहित सैकड़ों की संख्या में ठगी पीड़ित परिवार के लोग उपस्थित हुए।

# खेत जुताई के दौरान ट्रैक्टर से गिरा चालक, हुई मौत

**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा थाना क्षेत्र के पझरी गांव में खेत जुताई के दौरान ट्रैक्टर से गिरने से चालक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान पझरी बड़का टोली गांव निवासी स्वर्गीय कोल्हा उरांव के पुत्र सुनील उरांव (37 वर्ष) के रुप में हुई है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सुनील उरांव(चालक)ट्रैक्टर लेकर सियार टोली व मकुंदा गांव के बीच खेत की जुताई कर रहा था,इसी दौरान चलते ट्रैक्टर में ही चक्कर खाकर गिर गया। इससे ट्रैक्टर का एक चक्का उसके शरीर पर चढ़ गया। इससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना क्षेत्र पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर घटना के बाद भंडरा थाना पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है।

# गोगो दीदी योजना से घबरा गई हेमन्त सरकार : मनीर उरांव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मंगलवार को जिला कार्यसमिति की बैठक जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में कई गई। बैठक में गोगो दीदी योजना को लेकर भरी जा रही फार्म की समीक्षा की गई। एक एक प्रखंड अध्यक्ष से अब तक भरे गए फार्म की संख्या की जानकारी ली गयी। साथ ही विधानसभा चुनाव की तैयारी एवम रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा द्वारा झारखंड की मां बहनों के लिए लायी गयी गोगो दीदी योजना जिसमे प्रत्येक महिला को वर्ष में 25 हजार रुपए सुनिश्चित देगी यह मोदी की गारंटी है से हेमन्त की सरकार घबड़ा गयी है। काफी परेशान है। हड़बड़ी में जो सरकार महिलाओ का वोट ठगने के लिए मईया योजना में 1 हजार दे रही थी उसे बढ़ा कर 2500 रु देने की बात कर रही है। जो भविष्य के गर्त पर है। क्योंकि इस चुनाव में प्रदेश की जागरूक मतदाता उसे दुबारा मौका देने वाली नही है। उन्होंने सभी मण्डल एवम मंच मोर्चा के अध्यक्ष को बैठक कर चुनाव संचालन समिति बनाने, प्रबंधन समिति का चयन करने, चुनाव कार्यालय का चयन करने एवम ग्राम स्तर पर दौरा करने को कहा। पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो ने कहा कि संगठन के निर्देश पर हम सबको चुनाव लड़ना है और जीत दिलाना है। इस बार भारतीय जनता पार्टी समर्थित सरकार बनना निश्चित है। मौके पर नवीन कुमार टिंकू, अजय पंकज, सरिता देवी, मीणा बाखला, जगनन्दन पौराणिक, हर्षनाथ महतो, अनिल उरांव, सामेला भगत, संजय प्रसाद, विवेक सोनी, विवेक चौहान आदि ने भी अपने विचार रखे। मौके पर मीडिया प्रभारी विजय सोनी, अमित लोहरा, राजकुमार मुंडा, रामकुमार खेरवार, विश्वजीत भारती,टीपू खान, बाल्मीकि कुमार, मिथुन तमेडा, जगरनाथ राम, सत्यम कुमार, राजेन्द्र महतो, कैलास महतो, सुरेश बैठा आदि उपस्थित थे।

# मां दुर्गा के प्रतिमा का विसर्जन, नम आंखों से भक्तों ने दी विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** प्रखंड मुख्यालय की विभिन्न पूजा समितियों द्वारा मां दुर्गा जी के प्रतिमा का विसर्जन किया गया भक्तों ने नम आंखों से माँ दुर्गा को बिदाई दी और अगले वर्ष जल्द आगमन का आह्वान किया। केरसई पूजा समिति द्वारा दोपहर में मां दुर्गा देवी सहित गणेश लक्ष्मी कार्तिकेय एवं सरस्वती माता के प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण के लिए शोभायात्रा निकाली गई जिसकी अगवाई दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष गौतम कुमार कर रहे थे शोभा यात्रा निर्धारित मार्ग से होते हुए करम टोली पहुंची जहां वर्षों के परंपरा के अनुसार करमटोली पूजा समिति द्वारा केरसई दुर्गा समिति के अध्यक्ष गौतम कुमार सोनू एवं बनदुर्गा अध्यक्ष जहुरन सिंह को मुकुट साफा चुनरी पहनाकर स्वागत किया गया साथ ही सभी पदाधिकारियों को भी पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया ततपश्चात बच्चे बच्चियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। करमटोली में कार्यक्रम के पश्चात जुलूस निर्धारित मार्ग से होते हुए खलीजोर नदी में पूजा अर्चना के बाद माँ दुर्गा सहित सभी मूर्तियों को जल विश्राम दिया गया। इससे पूर्व बड़ी संख्या में युवा एवं महिलाएं नृत्य करते हुए जुलूस में भाग ले रही थी जिसमें रामगढ़ के ताशा बैंड पर लोग झूम रहे थे। मौके पर दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारी मौजूद थे जुलूस पर प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के कड़े का इंतजाम किए गए थे।

# उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विधानसभा चुनाव को लेकर पदाधिकारीयों के साथ की बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज मंगलवार को विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 को लेकर सभी कोषांगों के वरीय,नोडल और प्रभारी पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। इस बैठक में सभी कोषांगों को दिये गये दायित्वों को पालन करने का निदेश दिया गया। साथ ही, निर्वाचन को त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए सभी कोषांगों की भूमिका पर चर्चा की गई। पोस्टल-बैलेट कोषांग को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराते समय निश्चित रूप से एपिक कार्ड मतदाता द्वारा प्रस्तुत कराना सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। प्रशिक्षण कोषांग को त्रुटिहरित और प्रत्येक बिंदु का प्रशिक्षण सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या नहीं उत्पन्न हो। पीठासीन पदाधिकारी समेत सभी मतदान पदाधिकारियों को बेहतर प्रशिक्षण का निदेश दिया गया। मतदान के दौरान मतदाताओं के पंक्ति/कतार का बेहतर प्रबंधन किये जाने का निर्देश दिया गया। सभी मतदान केंद्रों में एएमएफ सुनिश्चि करने, साइनेज सुनिश्चित किये जाने के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिये गये। मॉडल बूथ में निर्धारित मापदण्ड के अनुसार सुविधाएं सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। प्रत्याशियों के नामांकन व स्क्रूटनी में विशेष सावधानी का निदेश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर द्वारा सभी कोषांग के पदाधिकारियों को उनके दायित्वों व बिंदुवार जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। आदर्श आचार संहिता के दौरान पहले चौबीस, अड़तालीस व बहत्तर घंटे में की जानेवाली कार्रवाई, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन, प्रशिक्षण, एफएसटी/वीएसटी के कार्य, मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधाओं व उनकी रिपोर्टिंग समेत अन्य जानकारी दी गई। आज के बैठक में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग,अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार,डीएसपी मुख्यालय समेत कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, सामग्री कोषांग,वाहन कोषांग, आईटी कोषांग, स्वीप कोषांग, कानून एवं व्यवस्था, वीएम और सुरक्षा योजना तथा एमसीसी, ईवीएम एवं वीवीपैट, व्यय निगरानी कोषांग, बैलेट पेपर, पोस्टल बैलेट तथा ई0टी0पी0बी0एस0 कोषांग, मीडिया कोषांग, संचार योजना कोषांग,मतदाता सूची कोषांग, निर्वाचन नियंत्रण कक्ष, प्रेक्षक कोषांग, न्यूनतम मूलभूत सुविधा कोषांग, आरओ कोषांग, जिला निर्वाचन कोषांग समेत सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने विधान सभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त की अध्यक्षता में आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों(अध्यक्ष, सचिव) के साथ एक आवश्यक बैठक एनआईसी, लोहरदगा में हुई। बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त लागू आदर्श आचार संहिता की जानकारी दी गयी और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन संबंधी निर्देश दिए गए। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन किये जाने व इसके अंतर्गत की जाने कार्रवाई के बारे बताया गया। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदान केंद्र, मतदाताओं की संख्या, मतदान केंद्र की स्थिति, न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं आदि की जानकारी दी गयी। जिला में प्रत्याशियों के नामांकन, नामांकन की स्क्रूटनी, नाम वापसी, मतदान की तिथि व मतगणना की तिथि से अवगत कराया गया। आज की बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर व सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव/प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# अंजुमन इस्लामिया उप्पर मुहल्ला तिगरा में शांति पूर्ण चुनाव हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अंजुमन इस्लामिया उप्पर मुहल्ला तिगरा में शांति पूर्ण चुनाव संपन्न हुआ। जिसकी निगरानी अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा (मरकज) ने की और वोट गिनती कर के सदर, उप सदर एवं सेक्रेटरी, उप सेक्रेटरी का सनद अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर जनाब अब्दुल रऊफ अंसारी और सेक्रेटरी जनाब शाहिद अहमद बेलु एवं अनवर अंसारी, मोईन अंसारी और तिगरा के मुख्य चुनाव प्रभारी हबीब मास्टर एवं मुम्ताज अंसारी के हांथो दिया गया। जहाँ सदर पद जुमेउद्दीन अंसारी उप सदर नुरमोहम्मद अंसारी। और सेक्रेटरी भुट्टो अली अहमद उप सेक्रेटरी सज्जाद अंसारी को सनद हासील हुआ। मौके पर अंजुमन इस्लामिया तिगरा के प्रभारी महबूब अंसारी और चुनाव कमिटी के पुरे टीम, फजीर उद्दीन अंसारी, सरीफ अंसारी, कुदुस अंसारी, सलमान अंसारी, उस्मान अंसारी, मोबारक अंसारी, ताहिरी अंसारी, सदारत अंसारी, एकरामूल अंसारी, अहमद अंसारी एवं पुरे मुहल्ला वासी मौजूद थे।

# आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंगलवार को आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने हेतु जिले के विभिन्न स्कूलों एवं पुस्तकालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमे विशेष रूप से जिले के स्विप कोषांग टीम के द्वारा कस्तूरबा मध्य विद्यालय लोहरदगा, राज्यकृत प्लस टू चुन्नीलाल उच्च विद्यालय लोहरदगा, एवं विज्ञान भवन में स्थित पुस्तकालय में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम मे भाग लिया गया। स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को अपने घर के बड़े जनों एवं आसपास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु अपील की गई,एवं उनसे अपील किया गया कि जिनके वोटर कार्ड अभी तक नहीं बना है वह कृपया अपने नजदीकी बीएलओ दीदी एवं ऑनलाइन आवेदन करें साथ ही जिनका वोटर कार्ड नहीं है तो भी वे 13 प्रकार के के पहचान पत्र के माध्यम से भी वोट दे सकते हैं एवं फॉर्म 6 के बारे में भी बताया गया। इस कार्यक्रम में जिले के स्विप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा एवं स्वीप के अन्य सदस्यगण भी उपस्थित थे।

# कुर्से में किया गया चार दिवसीय शहीद शेख भिखारी फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

## खिलाड़ी अनुशासन एवं फीफा नियम से मैच खेले प्रतिभा की कमी नही : रोहित उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रखंड अंतर्गत हेसल पंचायत के कुर्से मैदान में आयोजित चार दिवसीय शहीद शेख भिखारी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र युवा नेता रोहित उरांव एवं अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के नाजीमें आला हाजी अब्दुल जब्बार विसिष्ठ अतिथि विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल हुवे शामिल। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला सीएम अरसलान बनाम नगड़ी थाना के बीच मैच खेला गया जिसमे मैदानी खेल में नगड़ी थाना की टीम ने सीएम अरस्लान को 2-0 से पराजित कर प्रतियोगिता के विजेता टीम बनी इस मौके पर रोहित उरांव ने खिलाड़ियों कर दर्शको को संबोधित करते हुवे कहा की फुटबाल का खेल ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक त्योहार भी है जिससे हम सभी आनंद लेते हैं।वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ी इस प्रकार के प्रतियोगिता से अपनी प्रतिभा को दिखाते हुवे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने का कार्य कर रही है। खिलाड़ी अनुशासन और फीफा के नियम से मैच खेले निश्चित सफलता उनके कदमों में होगी।खेल से युवा अपनी रोजगार सृजित करने का कार्य करे।इस मौके पर हाजी अब्दुल जब्बार ने कहा की ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नही है।बस उन्हें अपने अंदर के प्रतिभा को निकाल बेहतर खेल दिखाए। इस मौके पर प्रतियोगिता में 8वे स्थान तक आने वाले टीमों को नगर राशि एवं खस्सी देकर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता में काफी संख्या में खेल प्रेमी मैच का आनंद ले रहे थे। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, टूर्नामेंट के मुख्य संरक्षक हातिम अंसारी, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी, रौनक इकबाल, निश्चय वर्मा, अरशद अयुब, अध्यक्ष फरहान अंसारी, सचिव अरस्लान अंसारी, तबारक अंसारी, खुर्शीद अंसारी, ग्यासुद्दीन अंसारी, शमसाद अंसारी आदि उपस्थित थे।

# विधायक भूषण बाड़ा ने एक साथ किया सैकड़ो योजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने मंगलवार को सैकड़ो योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इन योजनाओं में सड़क, पीसीसी पथ, पुल निर्माण, प्रतिमा निर्माण, चौक निर्माण से लेकर कई योजनाएं शामिल है। सभी योजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन विधायक ने मंगलवार को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम से एक साथ शिलापट्ट का अनावरण कर एवं विधिवत पूजा अर्चना कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि सिमडेगा विधानसभा की जनता को एक साथ सैकड़ो योजनाओं का तोहफा दिया गया है। सभी योजनाएं ग्रामीणों की इक्छा के अनुरूप उतारी गई है। उन्होंने कहा कि इन सभी योजनाओं को ग्रामीणों ने बनवाने की मांग की थी। इसके बाद उनकी मांगों पर अमल करते हुए एक साथ सभी योजनाओं को धरातल में उतारा जा रहा है। इन सभी योजनाओं के बनने से आम जनता की परेशानी दूर होगी।मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, विधायक प्रतिनिधि सह पालकोट प्रभारी तिलका रमन,नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन (अक्षण),नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद,नगर प्रभारी सह जिला महासचिव शशि गुड़िया, उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, लखन गुप्ता, कैलाश बामिलिया, डा. इम्तियाज हुसैन, नगर उपाध्यक्ष अफजल भाई, मुजाहिद, अपु भाई, नीला नाग, उर्मिला केरकेट्टा, ज्योति लुगुन, सोभेन तिग्गा,नगर उपाध्यक्ष अंजर भाई, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल थे। *सिमडेगा विस की जनता को विधायक भूषण बाड़ा ने दिया है बड़ा तोहफा- जोसिमा खाखा जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि एक साथ सैकड़ो योजनाओ का शिलान्यास और उद्घाटन कर विधायक ने सिमडेगा विधानसभा की जनता का बड़ा तोहफा दिया है। ये सभी योजनाएं जनता के चेहरे में मुस्कान बिखरेगी। आने वाले दिनों में तमाम जनता को इसका लाभ मिलेगा। विधायक भूषण बाड़ा के कार्यकाल सिर्फ विकास की राजनीति हुई। इसका ये जीता जागता उदाहरण है।

**इन योजनाओ का विधायक भूषण बाड़ा ने किया शिलान्यास और उदघाटन**

विधायक भूषण बाड़ा ने कदमटोली कैरबेड़ा में बनने वाले पीसीसी पथ, किनबिरा जी ई एल चर्च परीसर में बनने वाले पीसीसी पथ, डुमरडीह कैरबेड़ा में चबूतरा निर्माण, कसडेगा में पीसीसी पथ,कुरडेग के टेंगरा मुड़ा में चबूतरा निर्माण, सोगसोगा में पीसीसी पथ, कुटमाकछार में पीसीसी पथ का शिलान्यास, कुरडेग के माइकल किंडो में बने हॉकी खिलाड़ी माइकल किंडो की प्रतिमा का उदघाटन, केरसई के इंदिरा गांधी चौक का उदघाटन, कुरडेग के खरवा टोली में पीसीसी पथ का शिलान्यास, कुरडेग के गोहरीटांड़ में पीसीसी पथ का शिलान्यास, बासेन में बने वीर शहीद तेलंगा खड़िया के प्रतिमा का अनावरण, गाड़ियाजोर चर्च से नवाटोली तक पीसीसी पथ का शिलान्यास, कसडेगा गांव में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। *दो पुल निर्माण कार्य का भी किया शिलान्यास* विधायक भूषण बाड़ा ने मुंजबेड़ा के पास पालमाड़ा नदी में एवं केरसई के बैल धोवा नाला में बनने वाले पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वहीं दर्जनो कालीकरण पथ निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। जिनमे गोठाइनटांगर से कोबांग तक, लुकी बाहर से पीथरा लम्बकीटोली तक 7 किमी कालीकारण पथ, हरिजन टोली से तेली टोली पथ का विशेष मरम्मतीकरण, एल 025 कुदरूम से भंडारटोली पथ का विशेष मरम्मतीकरण, एल 035 पीडब्ल्यू पथ गरजा से खरवागढ़ा पथ का विशेष मरम्मतीकरण, नवाटोली से मेरोमलोया पथ का विशेष मरम्मतीकरण, गरजा से बाघलाता पथ का विशेष मरम्मतीकरण, आरानी से पुरनाडीह पथ का विशेष मरम्मतीकरण, आर ई ओ रोड से तिर्रा पथ का विशेष मरम्मतीकरण, आर ई ओ पथ चैनटोली पी एल जी एस वाई जोरोटोली भाया सैंडिह पथ का विशेष मरम्मतीकरण, तभाडीह से कुमाबटोली पथ पथ का विशेष मरम्मतीकरण कार्य का शिलान्यास किया। वहीं सीकरीयाटांड़ से सोगड़ा पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, बेरी टोली से चाप टोली पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, लोंगा पानी से चियारीकानी पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, किनबिरा से टैंसेर पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया।

## चलते चलते एक नजर

### मनोज स्वर्गियारी बने बोकारो के एसपी




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य सरकार ने 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी मनोज स्वर्गियारी को बोकारो का एसपी बनाया है। वर्तमान में मनोज स्वर्गीयारी रेल एसपी धनबाद के पद पर पदस्थापित थे। पिछले कई दिनों से बीमारी के वजह से लंबी छुट्टी पर गए बोकारो एसपी का पद प्रभार में चल रहा था। बोकारो एसपी के पद पर पदस्थापित पूज्य प्रकाश को पुलिस मुख्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

### भाजपा की गोगो दीदी योजना चारों खाने हुई चित्त : कांग्रेस

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के ताबड़तोड़ प्रहार और हताशा को नजरअंदाज कर झारखंड की इंडियन गठबंधन सरकार ने दीपावली के पूर्व ही ऐसा बम फोड़ा है कि भाजपा की गोगो दीदी योजना चारों खाने चित्त हो गयी। हेमंत सोरेन सरकार ने दिसंबर से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली राशि को 1000 से बढ़ाकर 2500 कर दी है। ये बातें झारखंड प्रदेश कांग्रेस मीडिया कमेटी के अध्यक्ष सतीश कुमार मुंजनी ने मंगलवार को कही। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐन केन प्रकरेण कर झारखंड की सत्ता पर कब्जा करना चाहती है। इसके लिए वह ईडी का सहारा लेती है। भाजपा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न दलों के नेताओं के घर पर ईडी रेड करवाती है। इसका ताजा उदाहरण झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई विनय कुमार ठाकुर, आईएएस मनीष रंजन सहित विभाग के कई लोगों के 18 ठिकानों पर की गयी छापेमारी है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता सारी चीजों को समझती है। पूर्व के चुनाव और उपचुनाव में जिस तरह गठबंधन ने भाजपा को धूल चटाई है। आसन्न झारखंड विधानसभा चुनाव में उनका यही हश्र होने वाला है। मुंजनी ने कहा कि इस बार मतदाता किसी के बहकावे में नहीं आने वाली है।



# हॉट सीट बना रांची विधानसभा

## * 28 वर्षों से सीपी सिंह ने नहीं होने दी सेंधमारी

**मुजफ्फर हुसैन @ प्रभात मंत्र**

**रांची :** समंदर में सुनामी है, गलियों में कोहराम, आया मौसम चुनाव का, सब नेता करे प्रणाम। यह हाल इन दिनों झारखंड के प्रत्येक जिले एवं कस्बों का है। जहां कहीं भी थोड़ी-बहुत आबादी है, नेतागण उस आबादी में अपने मतदाताओं को तलाशने लगे हैं। घुटनों में दर्द हो या पैरों में छाले चुनावी नामांकन से पूर्व वह अपने आंकड़े जुटाने में एक-दूसरे को मात देने से पीछे नहीं हैं। इस बार यह चुनाव रोचक इसलिए है क्योंकि झारखंड प्रदेश में इससे पूर्व सोशल मीडिया का उतना इस्तेमाल नहीं हुआ जितना अब हो रहा है। राजधानी रांची तो जैसे चुनावी सोशल मीडिया का केंद्र बन गया है। छुटभैया नेता भी इस प्लेटफॉर्म का धड़ल्ले से उपयोग कर भावी विधायक का सपना संजो रहे हैं। अनुभवहीन होते हुए भी राजनीतिक समीकरण की बात लगातार दोहराते नजर आ रहे हैं। बिना जनाधार के भावी विधायक का सपना देख रहे इन नेताओं को लगातार छह बार के अनुभवी विधायक चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह (सीपी सिंह) कहां और किस कदर फेकेंगे, इसका अंदाजा भी उन्हें नहीं है। गौरतलब हो कि श्री सिंह झारखंड भाजपा से एकलौते ऐसे विधायक हैं, जो 1996 से लगातार रांची विधानसभा से छह बार निर्वाचित हुए हैं। यह झारखंड के किसी भी अन्य भाजपा नेता से सबसे अधिक है। यदि कहा जाये कि श्री सिंह का रांची विधानसभा में पिछले 28 वर्षों से एकक्षत्र दबदबा रहा है तो ये झूठ नहीं होगा। इन 28 वर्षों में उन्होंने अपने प्रतिद्वंदियों को सिर्फ धोया ही नहीं बल्कि राजनीतिक पगडंडियों में निचोड़ा भी है।




### झामुमो-आईएनसी करती रही संघर्ष

रांची विधानसभा के लिए आईएनसी 1985 से ही संघर्ष कर रही है। इस सीट पर आईएनसी को अंतिम सफलता 1980 में ज्ञान रंजन के रूप में मिला था। वहीं, झामुमो झारखंड गठन के बाद से ही इस सीट पर सफलता के लिए प्रयास कर रहा है। इस क्रम में उसने 2000 में नवीन चंचल को, 2009 में मो सरफुद्दीन को एवं 2014 और 2019 में महुआ माजी को प्रत्याशी बनाया लेकिन उसके प्रत्याशी भाजपा और सीपी सिंह के सामने चारों खाने चित साबित हुए।

### अपने किले में नहीं होने दी कभी सेंधमारी

रांची विधानसभा सीपी सिंह के लिए किसी अभेद किले से कम नहीं है। इस पर उन्होंने कभी किसी को सेंधमारी करने नहीं दी। श्री सिंह के मुकाबले उनके प्रतिद्वंदी प्रत्येक विधानसभा चुनाव में हांफते नजर आये। भाजपा के कट्टर समर्थक रहे श्री सिंह को पहली बार 1996 में सफलता मिली। इसके बाद तो उन्होंने सफलता की जैसे झड़ी ही लगा दी। झारखंड गठन के बाद प्रथम विधानसभा चुनाव 2000 में श्री सिंह ने अपने निकटत्तम प्रतिद्वंदी राजद के जय सिंह यादव को कुल 36,209 मतों के अंतर से हराया। 2005 में उन्होंने अपने निकटत्तम प्रतिद्वंदी आईएनसी के गोपाल प्रसाद साहू को कुल 26,120 मतों के अंतर से पराजित किया। 2009 में उन्होंने अपने निकटत्तम प्रतिद्वंदी आईएनसी के प्रदीप तुलस्यान को कुल 27,111 मतों के अंतर से हराया। 2014 के विधानसभा चुनाव में तो वर्तमान राज्यसभा सांसद महुआ माजी उनसे मुकाबले में हांफती नजर आई। इस चुनाव में श्री सिंह ने माजी को कुल 58,863 मतों के अंतर से पराजित किया। वहीं, 2019 के विधानसभा चुनाव में महुआ माजी ने श्री सिंह को कड़ी टक्कर जरूर दी लेकिन परिणाम फिर एक बार श्री सिंह के पक्ष में रहा और माजी 5,904 मतों के अंतर से हार गई।

### निर्दलीय प्रत्याशियों की राह आसान नहीं

लगभग 15 लाख 84 हजार आबादी वाले इस शहर में नवंबर-दिसंबर में चुनाव होना है। वहीं, कुल 81 सीटों के लिए पूरे राज्यभर में चुनाव होगा। इनमें राजधानी रांची का सीट हॉट केक बना हुआ है। प्रत्येक दल इस सीट पर विजयी होना चाहता है। राजधानी में अपनी पकड़ बनाये रखने के लिए भी यह सीट विभिन्न दल जीतने की इच्छा रखते हैं। इनमें झामुमो अग्रणी है। इसके अतिरिक्त आईएनसी, एआईएमआईएम समेत कई निर्दलीय भी कतार में हैं लेकिन उनके लिए राह इतनी आसान नहीं है। कई निर्दलीय की तो गत चुनावों में कई बार जमानत भी जब्त हो चुकी है।

### लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज है नाम

श्री सिंह का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। उन्हें सार्वजनिक शिकायत प्रबंधन प्रणाली के लिए पुरस्कृत किया जा चुका है। जब उन्हें यह पुरस्कार मिला तो ÷जनसेवा पोर्टल÷ पूरे भारत में एकमात्र पोर्टल था, जिसे सिंह ने एक विधायक के रूप में नागरिकों की शिकायतों को ऑनलाइन दर्ज करने और उसका निपटारा करने के लिए शुरू किया था।

### लंबे अनुभव के साथ उतरेंगे चुनाव मैदान में

भाजपा प्रदेश कार्यालय में चर्चा जोरों पर है कि श्री सिंह इस बार विधानसभा चुनाव में अपने लंबे अनुभव के साथ उतरेंगे। पार्टी के विश्वसनीय कार्यकर्ता भी उनके साथ रहेंगे। वैसे भी श्री सिंह झारखंड सरकार में शहरी विकास, परिवहन, संसदीय कार्य, पंजीकरण, आवास, आपदा प्रबंधन और नागरिक उड्डयन मंत्री पद संभाल चुके हैं। वे 2000 से 2006 तक सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक एवं 2006 से 2009 तक विपक्षी दल के मुख्य सचेतक रहे। 2010-2013 तक श्री सिंह झारखंड विधान सभा के अध्यक्ष भी रहे।

### यह रोटी, बेटी और माटी बचाने का चुनाव बाबूलाल मरांडी



**रांची :** केंद्रीय चुनाव आयोग ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। इसका भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने स्वागत किया है। मरांडी ने कहा कि बीते 5 सालों में बेरोजगारी, घुसपैठ, अपराध, भ्रष्टाचार, कुशासन, तुष्टिकरण, दलित-आदिवासी-पिछड़े समाज का उत्पीड़न और झामुमो कांग्रेस राजद के जंगलराज से त्रस्त झारखंड की जनता-जनार्दन अब परिवर्तन चाहती है। यह चुनाव झारखंड की रोटी, बेटी और माटी की अस्मिता को बचाने का चुनाव है। यह चुनाव आदिवासी समाज के अस्तित्व को घुसपैठियों से बचाने का चुनाव है। यह चुनाव युवा साथियों को नौकरी, रोजगार और न्याय दिलाने का चुनाव है। यह चुनाव झारखंड के गरीब, किसान, महिलाओं को उनका हक़ दिलाने का चुनाव है। यह चुनाव झारखंड को बचाने का चुनाव है। मरांडी ने विश्वास जताया कि इस विधानसभा चुनाव में झारखंड के मतदाता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन को प्रचंड बहुमत देकर लोक कल्याणकारी सरकार बनाएंगे। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड की अत्याचारी और महाभ्रष्ट झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के विदाई की अंतिम गिनती शुरू हो चुकी है। दो चरणों में चुनाव का यह निर्णय स्वागत योग्य है।

### एमएसए स्कूल में धूमधाम से मना डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती

## हम सबों के प्रेरणास्त्रोत हैं डॉ. कलाम : शफीक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर:** नगर निगम के पोखराहा खुर्द स्थित एमएसए पब्लिक स्कूल में युवाओं के प्रेरणास्रोत महान वैज्ञानिक, शिक्षाविद्, प्रखर वक्ता, जनप्रिय पूर्व राष्ट्रपति, मिसाइल मैन, भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का जयंती धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुरुआत उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया उसके बाद बारी बारी से सभी शिक्षक व बच्चों ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। इसके बाद बच्चों ने ÷हमें न हिंदू न मुसलमान चाहिए, इस देश को डॉ कलाम जैसा इंसान चाहिए÷ गाना प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बच्चों को उनके जीवन से जुड़ी जानकारी देकर उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। स्कूल संस्थापक सह अध्यक्ष मों शफीक अंसारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का जीवन काल केवल और केवल इस मातृभूमि के लिए समर्पित था। वे अपने जीवन में विद्यार्थियों को और शिक्षा को महत्व देते थे। डॉ. कलाम हम सबों के प्रेरणास्त्रोत हैं। स्कूल के डायरेक्टर अफज़ल शफीक ने कहा बेहद गरीब होने के बावजूद अपनी लगन और मेहनत की बदौलत उन्होंने वो मुकाम हासिल किया, जहां तक जाने के लिए लोग सपने भी नहीं देख पाते हैं। डॉ कलाम के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। विज्ञान के क्षेत्र में इनकी काबिलियत को पूरी दुनिया जानती है। वहीं प्राचार्य निरंजन शुक्ला, सुनीता प्रसाद व नवल किशोर सिंह ने भी बच्चों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक राहुल पाण्डेय व प्रवीण तिवारी कर रहे थे। कार्यक्रम को सफल कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सुहैल आलम, नवल किशोर सिंह, खुशबू शोनी, घुंघरू सिंह, स्मृति कुमारी, सुप्रिया सिंह, शिल्पी शुक्ला, आशा कुमारी, स्वेता टोप्पो का महत्वपूर्ण भूमिका रहा।




### मणिपुर विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों के एक समूह ने नई दिल्ली में की बैठक

**नई दिल्ली:** मणिपुर में करीब 17 महीने पहले भड़की जातीय हिंसा के बाद संघर्षग्रस्त राज्य में शांति बहाली के प्रयास के तहत पहली बार मंगलवार को नई दिल्ली में राज्य विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों के एक समूह ने बैठक की। यह समूह कुकी-जो-मार, मैतेई और नागा समुदायों का प्रतिनिधित्व करता है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में मणिपुर के वर्तमान परिदृश्य पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से राज्य के सभी समुदायों के लोगों से हिंसा का रास्ता छोड़ने की अपील करने का संकल्प लिया गया ताकि निर्दोष नागरिकों की कीमती जान न जाए। गृह मंत्रालय की पहल पर आयोजित इस बैठक का उद्देश्य मैतेई और कुकी समुदायों के बीच मतभेदों को दूर कर वहां जारी संघर्ष का सौहार्दपूर्ण समाधान खोजना तथा मतभेदों को समाप्त करना था।

### झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ लागू हुआ आदर्श आचार संहिता

## स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव प्राथमिकता : रवि कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। इसी के साथ 15 अक्टूबर की शाम साढ़े तीन बजे से राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि चुनाव 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे। मतगणना 23 नवंबर को होगी। पहले चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना 18 और दूसरे चरण की 22 अक्टूबर को जारी होगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करेगा। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव हमारी प्राथमिकता होगी। शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाना भी हमारी प्रथमिकता सूची में है। वह मंगलवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में मीडिया से मुखातिब थे।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पहले चरण में 43 विधानसभा क्षेत्रों में तथा दूसरे चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होंगे। पहले चरण के लिए नामांकन 25 अक्टूबर तक और दूसरे चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर होगी। पहले चरण के नामांकनों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर और दूसरे चरण की स्क्रूटनी 30 अक्टूबर को होगी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के चुनाव को लेकर नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर और दूसरे चरण के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 01 नवंबर है। पूरी चुनावी प्रक्रिया 25 नवंबर को समाप्त हो जाएगी।पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि मतदाताओं को मतदान को लेकर कोई असुविधा नहीं हो, इसे लेकर व्यापक तैयारी की गयी है। चुनाव कर्मियों को इसे लेकर प्रशिक्षित भी किया गया है। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं का इंतजार कम हो, इसकी भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग एक एप्प भी जारी करेगा, जिसके माध्यम से मतदाता मतदान केंद्रों की स्थिति मसलन मतदान केंद्र पर कितने लोग मतदान के लिए कतार में हैं, यह जानकारी घर बैठे ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह एप्प बुजुर्ग मतदाताओं के लिए काफी लाभदायक होगा। वहीं, 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को घर से मतदान की भी सुविधा रहेगी। इसके लिए उन्हें फार्म 12 डी भरना होगा। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार में उम्मीदवार अधिकतम 40 लाख रुपये तक खर्च कर सकते हैं। पत्रकार वार्ता में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा और संदीप सिंह भी मौजूद थे।

## गढ़वा के सभी गांवों को कच्ची सड़क मुक्त गांव बनाना मेरा लक्ष्य : मंत्री मिथिलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा** : गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में जिला मुख्यालय स्थित श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी कॉलेज से कोरवाडीह होते हुए पेसका तक 15 करोड़ रुपए की लागत से 14.3 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस सड़क निर्माण की झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके साथ ही गढ़वा विधानसभा क्षेत्र का कोरवाडीह गांव अब पूरी तरह से कच्ची सड़क मुक्त गांव बन गया है। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि कोरवाडीह गांव की सभी कच्ची सड़कें अब पक्की बन चुकी हैं। साथ ही गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के कई अन्य गांव भी कच्ची सड़क मुक्त गांव बनने के कगार पर हैं। लगभग सभी गांवों की अधिसंख्य कच्ची सड़कें पक्की बन चुकी हैं। कुछ का निर्माण कार्य चल रहा है। शेष सड़कों की पक्कीकरण का कार्य पाइपलाइन में है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा के सभी गांवों को कच्ची सड़क को मुक्त गांव बनाने का मेरा लक्ष्य है। इसी आधार पर वे लगातार काम कर रहे हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि विकास विरोधी लोग चाहे जितना भी चिल्लायें गढ़वा के विकास का पहिया रुकने वाला नहीं है। आने वाले समय में पूरे गढ़वा में कहीं भी कच्ची सड़क खोजने से भी नहीं मिलेगी। मंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में गढ़वा में सड़क, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा, खेल, पर्यटन सहित सामाजिक एवं धार्मिक आदि सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। इन्हीं कार्यों की वजह से विरोधी अपना अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वे अनर्गल बयान बाजी कर जनता को बरगलाने के लिए अपना पसीना बहा रहे हैं। परंतु गढ़वा के लोग सबकी असलियत जानते हैं। यहां के लोग विकास विरोधियों के बहकावे में आने वाले नहीं है।

### हार के डर से बौखलाया झामुमो, चुनाव आयोग के निर्णय पर उठाया प्रश्नः प्रतुल शाहदेव

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने चुनाव आयोग के द्वारा दो चरण में चुनाव कराने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा बेवजह इस पर आपत्ति कर रहा।प्रतुल ने कहा कि संविधान में यह स्पष्ट वर्णित है की चुनाव आयोग चुनाव वाले राज्यों में 6 महीने पहले तक चुनाव कराने के लिए सक्षम है। झारखंड में तो यह सरकार ने 59 महीना तक लूट और भ्रष्टाचार का शासन किया है।फिर एक महीने के लिए इनको इतनी बेचैनी क्यों? प्रतुल ने कहा कि कई बार तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी कह चुके हैं कि हम चुनाव के लिए किसी भी समय तैयार हैं।फिर चुनाव की घोषणा के बाद यह छटपटाहट क्यों? प्रतुल ने कहा कि दरसल इनको पता है कि झारखंड में समाज का हर वर्ग जिसको इन्होंने ठगा है, इस सरकार को वोट के जरिए चोट देने को तैयार है।

## रघुवर के बिना संभव नहीं हैं झारखंड की सत्ता में भाजपा की वापसी

### * मूलवासी की उपेक्षा भाजपा पर पड़ सकता है भारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड में सत्ता वापसी के लिए संघर्ष कर रही भाजपा के समक्ष कई चुनौती है. आज की तिथि में सबसे बडा संकट भाजपा के बडे समर्थक ओबीसी के साथ है.भाजपा को छोड़कर दूसरे दल के लोग इस बडे वोट बैंक को साधने में जुटी है। इधर भाजपा इसे लेकर अभी तक अनिर्णय की स्थिति में हैं. ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी हैं कि क्या सिर्फ आदिवासी को फोकस करने मात्र से क्या भाजपा का झारखंड में सत्ता वापसी संभव हैं ? ऐसे में राजनीतिक जानकारों का मानना हैं कि 20 प्रतिशत आदिवासी वोट को साधने के चक्कर में 80 प्रतिशत वाले मूलवासी को भाजपा अनदेखी कर रही हैं. ऐसे में जो दल मूलवासी और आदिवासी के बीच समन्वय बना कर चलने की कोशिश कर रहा है, वह भाजपा के तमाम प्रयास पर ग्रहण लगा सकता हैं. वैसै देखा जाये तो भाजपा ने लोकसभा चुनाव के समय से ही आदिवासी नेतृत्व पर फोकस कर रहा है. लोकसभा चुनाव के दौरान झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन की बडी बहू सीता सोरेन को अपने पाले में कर सोचा कि यह झारखंड मुक्ति मोरचा के लिए बडा झटका होगा। लेकिन जब चुनावी नतीजे सामने आया तो राज्य के 14 में से 5 अनुसूचित जनजाति सीट पर भाजपा चुनाव हार गयी. यह स्थिति तब आई जब स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनजाति के विकास पर फोकस करते हुये झारखंड की धरती से बडी योजना की शुरूआत की. पर तमाम राजनीतिक सक्रियता का लाभ अभी तक पार्टी को मिलता नहीं दिख रहा है. दूसरी तरफ ओबीसी अनिर्णय की स्थिति में हैं. वैसै तो भाजपा के पास झारखंड में ओबीसी का बडा चेहरा मौजूद है. पर पार्टी ने उस बडे चेहरे को फिलहाल सक्रिय राजनीतिक से दूर रखा है. जैसै-जैसै चुनावी चर्चा परवान चढ़ रहा है, वैसै-वैसे इसकी चर्चा भी जोर पकड रही हैं. लोगो का कहना है कि आखिर ओबीसी के बडे नेता रघुवर दास को सक्रिय राजनीति से दूर क्यो किया गया ? क्या एक चुनाव की हार किसी नेता की सफलता और असफलता का पैमाना है. यदि पैमाना की यह कसौटी है तो इसका सबसे पहला शिकार रघुवर दास को हीं क्यो बनाया गया? वह इसलिए कि वह ओबीसी वर्ग से आते हैं. नही तो चुनाव हारने के लिए पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा भी हारे और सरयू राय भी हारे. लेकिन राजनीति से दूर रघुवर दास को ही किया गया. वह भी उस समय जब उनके नाम झारखंड में सीएम के रूप में पांच साल तक स्थायित्व सरकार चलाने का रिकार्ड है.ऐसे में ओबीसी समाज के लोगो के मन में यह बात उठना स्वाभाविक है कि उसके नेता के साथ अन्याय हुआ है. मौजूदा दौर में जो राजनीतिक परिस्थिति उभर कर सामने आया है. उसमें रघुवर दास की वापसी में हो रहा विलंब ओबीसी वर्ग में आक्रोश पैदा कर रहा हैं. वही दूसरी तरफ रघुवर दास के खिलाफ साजिश रचने वालों में वैसै लोग हैं, जो दूसरे दलों से भाजपा में लाकर स्थापित किए गए हैं। इस तरह के लोगों को स्थापित करने में रघुवर दास की ही भूमिका थी। ऐसे समूह का नेतृत्व अमर बाउरी कर रहे हैं. इस समूह के लोगो को लग रहा है कि यदि दलित कार्ड चला तो अमर बाउरी की हाथ में राज्य की सत्ता की बागडोर हो सकती है. इसलिए ओबीसी समाज के लोग ऐसे नेताओं से नाराज हैं. ऐसे में आगे क्या होगा. यह देखना दिलचस्प होंगा.

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## करौंजी पंचायत के पूर्व मुखिया का निधन



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो प्रखंड के करौंजी पंचायत के पूर्व मुखिया साजर तिर्की का मंगलवार को निधन हो गया है। वर्तमान में साजर खत्री खटंगा गांव के ग्राम प्रधान थे। वे मिलनसार व साफ दिल इंसान थे। अपने मुखिया कार्यकाल में पंचायत में कई विकास योजनाओं क्रियान्वित किये। इनके मौत की खबर से पुरे पंचायत में शोक की लहर दौड़ पड़ी। साजर तिर्की अपने पीछे पत्नी रीता पुर्णिमा तिर्की, पुत्र-बेलस तिर्की 15 वर्ष सहित भरा पुरा परिवार छोड़ गये। पाकलमेड़ी क्रिश्चन कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार किया जायगा। इनके आकस्मिक मौत पर करौंजी पंचायत के सदर सोयब अंसारी, अबरार आलम, रौशन तिर्की, रबी तिर्की व तबरेज अंसारी सहित कई लोगों ने दुःख व्यक्त किया।

## तरुण संघ काली पूजा समिति की बैठक सम्पन्न



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तरुण संघ काली पूजा समिति की बैठक रंगलाल प्रसाद की अध्यक्षता में सोमवार को क्लब न.17 के प्रांगण में किया गया। बैठक का संचालन जितेश सिंह ने किया। इस बैठक में 2023 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया साथ ही पुनः कमिटी का गठन कर सर्वसम्मति से शांति पूर्ण तरीके से काली पूजा को मनाने को लेकर चर्चाएं की गई। कमिटी का गठन में अध्यक्ष अरविंद कुमार, उपाध्यक्ष राजा पांडे एवं राजेश कुमार सचिव सोनु सिंह, उपसचिव सोनु प्रसाद, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र महतो, उपकोषाध्यक्ष रोशन पासवान एवं मंगल महतो संगठन सचिव कमल विश्वास एवं दीनु चौधरी संरक्षक हेमंत पाल को चुना गया। इस बैठक में काफी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

## रांची गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन को मुरी स्टेशन में हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी स्टेशन के एक नम्बर प्लेटफार्म से मंगलवार को दोपहर 11:50 बजे नयी ट्रेन 08629 रांची गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन को रेलवे अधिकारी डीएमओ डॉ जे कच्छप, स्टेशन प्रबंधक राकेश कुमार आरपीएफ ओसी संजीव कुमार, सीसीआई सुखदेव रक्षित, पंचायत समिति अरविंद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्रेन के मुरी आते ही भारत माता की जय, नरेंद्र मोदी ज़िंदाबाद, संजय सेठ ज़िंदाबाद के नारे गूंज उठा स्टेशन परिसर। ट्रेन को देखने के लिए स्टेशन परिसर में काफी भीड़ जमी रही। केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर झारखंड में रांची से गोरखपुर जाने के लिए नयी ट्रेन का सौगात मिला। संजय सेठ ने ओनलाइन हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रांची से रवाना किया।इस मौके पर स्काउट गाइड के बच्चे समेत रेलवे कर्मचारी मौजूद थे।

## अंचलाधिकारी ने पोस्टर बैनर हटवाया



**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चुनाव आयोग के द्वारा झारखंड में अचार संहिता लागू होने के बाद बुढ़मू अंचलाधिकारी सच्चिदानंद वर्मा ने बुढ़मू में एक्टिव हो गए है और एक्सन में आ गए हैं, इस दौरान अंचलाधिकारी सच्चिदानंद वर्मा ने बुढ़मू क्षेत्र में राजनीतिक पार्टी के द्वारा लगाया गया, झंडा, बैनर, पोस्टर सहित अन्य प्रचार को हटवाया। और उन्होंने कहा कि बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र के सभी जगह के पोस्टर बैनर को हटवाया जा रहा है। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

## मजदूर नेता ने दो परिवार को खाद्य सामग्री दिया

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने दो परिवार को खाद्य सामग्री दिया। ज्ञात हो कि प्रखंड के ग्राम करंजतोरा निवासी बिनोद मुंडा तथा राय स्टेशन निवासी गीता देवी दोनों को कुछ दिन पूर्व मौत हो गया था। दोनों गरीब परिवार से आते है। मंगलवार को अब्दुल्ला ने दोनों से मिलकर संवेदना व्यक्त करते हुऐ खाद्य सामग्री दिया, तथा आगे भी हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

# राज्य में आदर्श आचार संहिता की घोषणा के साथ हीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया संग संपूर्ण जानकारी किया साझा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर आज भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा राज्य में आदर्श आचार संहिता की घोषणा के साथ हीं चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। आदर्श आचार संहिता की घोषणा के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर संपूर्ण जानकारी मीडिया संग साझा किया गया। उपायुक्त ने कहा कि झारखंड में दो चरणों में विधानसभा चुनाव संपन्न होना है, खूंटी एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र में पहले फेज यानी 13 नवंबर को मतदान होना है। 18 अक्टूबर से उम्मीदवारों के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होगी, नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर निर्धारित है। 30 अक्टूबर को उम्मीदवारों के नाम फाइनल होंगे, जिसके पश्चात 13 नवंबर को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा और 23 नवंबर को मतगणना की तिथि निर्धारित है। आदर्श आचार संहिता लागू होते हीं 24 से 72 घंटे के अंदर सभी राजनीतिक दालों का बैनर पोस्टर हटाया जाएगा। आदर्श आचार संहिता के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ भी बैठक कर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

विधानसभा निर्वाचन को लेकर विभिन्न कोषांग का गठन किया गया है। स्वीप कोषांग के द्वारा वृहद रूप से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई थी हमारा प्रयास है कि विधानसभा चुनाव में भी मतदान के प्रतिशत को और बढ़ाएं। मीडिया के माध्यम से अपील है कि मतदान के दिन लोग घरों से बाहर निकाल कर अपने मतदान केंद्र पर जाए और अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। यदि किसी व्यक्ति का नाम अब तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है तो फार्म 6 भर कर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराए या अपने बीएलओ से सम्पर्क करें। नामांकन की अंतिम तिथि से 10 दिन पूर्व तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य किया जाएगा। मतदान केन्द्रों पर ्रस्न सुविधा पूर्व चुनाव की तुलना में और भी दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है। विधानसभा चुनाव में 120 महिला बूथ बनाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ हीं क्क्ङ्ख्ष्ठ मैनेज्ड बूथ, मॉडल बूथ एवं कल्चरल थीम पर आधारित बूथ का भी निर्माण कराया जाएगा।

मतदान प्रक्रिया में सभी गाइडलाइंस का पूर्णता अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा, जिसे लेकर मतदान कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकातियों एवं कर्मियों का वृहद रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाकर प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है। विधानसभा चुनाव को लेकर कंट्रोल रूम पूरी तरह से सक्रिय है किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए कंट्रोल रूम या टोल फ्री नंबर 1950 डायल कर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है। आदर्श आचार संहिता उलंघन से संबंधित किसी भी प्रकार का शिकायत दर्ज करने के लिए ष्ट-1ङ्कद्बद्दद्bद्य एप्प का इस्तेमाल किया जा सकता है। दर्ज शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाएगा। अंत में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है, हम भारत निर्वाचन आयोग के सभी गाइडलाइंस का शत प्रतिशत अनुपालन करते हुए निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न कराएंगे।

# राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों संग स्टैंडिंग कमेटी की बैठक कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दिया निर्वाचन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** खूंटी समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों संग स्टैंडिंग कमेटी की बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा बताया गया कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू किया जाएगा। आदर्श आचार संहिता लागू होने के 24 घंटे एवं 72 घंटे के भीतर किए जाने वाले आवश्यक कार्रवाई के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। उपायुक्त ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात सभी सरकारी योजनाओं एवं राजनीतिक पार्टियों से संबंधित बैनर, पोस्टर हटाया जाएगा, जिसमें सभी राजनीतिक पार्टियों के सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने सभी राजनीतिक पार्टियों को आदर्श आचार संहिता का पूर्णता अनुपालन करने एवं चुनाव के दौरान सहयोग करने का अपील किया। उपायुक्त ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात किसी भी राजनीतिक कार्यक्रम के आयोजन से 48 घंटे पूर्व इसकी सूचना अनुमंडल पदाधिकारी को आवश्यक दें, साथ हीं कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व सुविधा एप्प के माध्यम से ऑनलाइन अनुमति लेना अनिवार्य है। स्टार कैंपेनर को लेकर उपायुक्त ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात चुनाव प्रचार के लिए आने वाले स्टार प्रचारक की सूचना भी अनुमंडल पदाधिकारी को अवश्य दें, आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात किसी भी सरकारी योजना का प्रचार प्रसार ना करें, ना ही किसी भी प्रकार का योजना से संबंधित फॉर्म भरवाया जाए, किसी भी प्रकार का प्रलोभन देने पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा एवं संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। किसी भी व्यक्ति के घर में किसी पार्टी का झंडा लगाने से पूर्व घर के मालिक से अनुमति अवश्य लें। जिले में किए जा रहे हैं ईवीएम डेमोंसट्रेशन की जानकारी देते हुए उपायुक्त ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात ईवीएम डेमोंसट्रेशन को वापस से ईवीएम वेयर हाउस में सुरक्षित जमा कर दिया जाएगा। आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा अपने स्तर से धारा 144 लागू किया जाएगा। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि आदर्श आचार संहिता कोषांग की प्रभारी पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी खूँटी को बनाया गया है, इसलिए सभी राजनीतिक पार्टी किसी भी प्रकार की अनुमति या कार्य करने से पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी से संपर्क जरूर करें एवं उन्हें हर कार्यक्रम की जानकारी दें और अनुमति लेकर ही कार्यक्रम का आयोजन करें। सोशल मीडिया पर विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है, कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट ना करें, जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो, एमसीएमसी सेल द्वारा सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जाएगी।

# आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर प्रशिक्षण कोषांग द्वारा लोयोला इंटर कॉलेज खूंटी में मतदान प्रक्रिया से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से आज तोरपा प्रखंड/अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों एवं शिक्षकों को निर्वाचन कार्य से संबंधित गहन प्रशिक्षण दिया गया। तीन पालियों में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस दौरान निर्वाचन प्रक्रिया, ईवीएम वीवीपैट की तकनीकी जानकारी, निर्वाचन मार्गदर्शिका से जुड़े कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में सभी गाईड लाइंस का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए सफलता पूर्वक चुनाव सम्पन्न कराया जा सके।



# पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में अकीदत के साथ मनाई गई ग्यारहवीं शरीफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में मंगलवार को ग्यारहवीं शरीफ अकीदत के साथ मनाई गई।इस मौके पर राय बाजार और बचरा जमा मस्जिद में मिलाद उन नबी का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार मदरसा गौसिया रिजविया राय में ग्यारहवीं शरीफ के मौके पर मिलाद उन नबी का आयोजन किया गया।जिसकी शुरुआत कुरान पाक की तिलावत के साथ की गई।इस कार्यक्रम में मदरसा में पढ़ने वाले बच्चों के द्वारा नात शरीफ और तकरीर पेश किया गया।अंत में क्षेत्र एवं राज्य की सुख शांति एवं खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई।इस मौके पर राय अंजुमन के सदर जुल्फिकार अली,सेक्रेटरी राजू खान,जहीर अंसारी, मोहम्मद शोएब,शाहनवाज आलम,सादिक अंसारी,पप्पू खान,इरफान आलम, मोहम्मद अयाज,नासिर अंसारी, मोहम्मद एम हुसैन, मोहम्मद आमिर, गुड्डू अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इधर दूसरी और बचरा जमा मस्जिद में ग्यारहवीं शरीफ के मौके पर मिलाद उन नबी का आयोजन किया गया।बचरा जमा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज ने कुरान पाक की तिलावत से मिलाद की शुरुआत की।इस मौके पर छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक नात कलाम प्रस्तुत किया गया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बचरा जमा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज ने त्योहार पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पुरे देश मे ग्यारहवीं शरीफ अकीदत के साथ मनायी जा रही है।बचरा मे मिलाद उन नबी के बाद लंगरखानी का आयोजन किया गया,जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए।इस मौके पर हाफिज मुमताज आलम,मोअज्जिन वासिक रजा,बचरा अंजुमन के सदर इस्लाम अंसारी, सेक्रेटरी इरफान शेख, अब्दुल कुदुस अंसारी,सैयद अरमान,कल्लन आजाद, जैनुल आबेदीन,नसरुद्दीन मंसूरी,जसीक अंसारी, जसमुद्दीन अंसारी,पिन्टु खान,फरीद आलम,पप्पू खान,तहुर आलम,रिंकु खान,बबलु आलम,एनुल अंसारी,सरवर खान,मोहम्मद बंटी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## महिला मरीज की मौत के बाद मातृछाया नर्सिंग होम में हंगामा




**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी गोला रोड के सिंगपुर चौक के समीप मातृछाया नर्सिंग होम में सोमवार की रात महिला की मौत होने से उनके परिजनों ने जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल झालदा निवासी राजु स्वर्णकार की पत्नी मधु स्वर्णकार को डिलीवरी के मातृछाया नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। डॉ द्वारा महिला का डिलीवरी कराया गया साथ ही महिला ने बच्चे को भी जन्म दिया।लेकिन अचानक सोमवार को महिला की नर्सिंग होम में मृत्यु हो गई।अचानक मृत्यु की खबर से महिला के परिजन भड़क गए साथ ही काफी संख्या में मृत महिला के परिजनों ने मातृछाया नर्सिंग होम में रातभर जमकर हंगामा किया। घटना की सूचना मुरी ओपी को दिया गया। मुरी ओपी पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामला को शांत कराने का प्रयास कर रहे थे लेकिन किसी प्रकार से मामला शांत नहीं हो पा रहा था। पुलिस द्वारा किसी प्रकार परिजनों को समझा बुझाकर मामला को शांत करवाया गया एवं महिला को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। मृत्यु किस प्रकार हुई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा।

## बड़कीटांड में बूढ़ी पूर्णिमा जतरा कल

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के बड़कीटांड में एक दिवसीय बूढ़ी पूर्णिमा जतरा (मेला) का आयोजन गुरुवार को होगी। जिसकी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। उक्त संबंध की जानकारी जतरा कमेटी के सचिव जयराम गंझू ने दी। उन्होंने कहा कि जतरा में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में इस बार नागपुरी ऑर्केस्ट्रा के अलावा खोडहा टीम को भी बुलाया जाएगा। गंझू ने कहा कि जतरा स्थल को साफ-सफाई से लेकर जतारा में आने वाले सभी आगंतुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसका पूरा ख्याल रखा जाएगा। जयराम ने कहा कि इस जतरा (मेला) का मुख्य उद्देश्य बच्चों को कनछेदी और नाक छेदी की परंपरा है। जहां काफी दूर दराज से लोग पहुंचते हैं।

## जानकी रमण मंदिर में शरद पूर्णिमा कार्यक्रम आज

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के जानकी रमण मन्दिर में बुधवार 16 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उक्त संबंध की जानकारी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रंजन सिंह बिट्?टू व सचिव अवधेश यादव ने दी। उन्होंने बताया कि शरद पूर्णिमा के अवसर पर संध्या सात बजे से स्थानीय कीर्तन मंडली द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इसके बाद रात दस बजे आरती व भोग के बाद खीर प्रसाद का वितरण शुरू कर दिया जाएगा। उन्होने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि जानकी रमण मन्दिर परिसर में पधारकर भजन कीर्तन व आरती का हिस्सा बने और शरद पूर्णिमा के अमृतरूपी प्रसाद को ग्रहण करने का लाभ उठाएं।

## सिट्रोएन बेसाल्ट को भारत एनसीएपी सुरक्षा परीक्षणों में 4-स्टार रेटिंग मिली

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिट्रोएन इंडिया ने गर्व के साथ घोषणा की है कि भारत की पहली मुख्यधारा की आईसीई एसयूवी कूपे, बिल्कुल नई बेसाल्ट को भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (भारत - एनसीएपी) सुरक्षा परीक्षणों में प्रभावशाली 4-स्टार रेटिंग मिली है। अपने बोल्ड, कमांडिंग स्टांस, क्लास-लीडिंग स्पेसनेस और एयरोडायनामिक सिल्हूट द्वारा प्रतिष्ठित एक बेजोड़ ड्राइविंग अनुभव प्रदान करते हुए, सिट्रोएन बेसाल्ट अब बेहतरीन सुरक्षा मानकों के साथ भी खड़ा है, जो कि एक बेहतरीन ऑल-राउंडर के रूप में उभर रहा है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि न केवल वाहन की सुरक्षा क्षमता को उजागर करती है, बल्कि सभी वेरिएंट को मानक के रूप में बेहतर सुरक्षा सुविधाओं से लैस करने के लिए सिट्रोएन की निरंतर प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

# एथलेटिक्स प्रतियोगिता मे गणेश स्पोर्टिंग क्लब के खिलाड़ियों का रहा बेहतर प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने रामगढ़ के रजरप्पा में संपन्न हुए 18वीं झारखंड स्टेट जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता मे बेहतर प्रदर्शन करते हुए कुल 9 मेडल जीतकर खलारी पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रौशन किया हैं।

रामगढ़ जिला एथलेटिक्स संघ एवं झारखंड एथलेटिक्स संघ के द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में गणेश स्पोर्टिंग क्लब के 10 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।जिसमे अंडर 20 पुरुष आयु वर्ग 800 मीटर दौड़ में प्रदीप कुमार प्रथम स्थान, अंडर 16 बालक आयु वर्ग 600 मीटर दौड़ में अभय लोहारा प्रथम स्थान,अंडर 18 बालिका आयु वर्ग 400 मीटर दौड़ मे पूनम कुमारी प्रथम स्थान,अंडर 18 बालिका आयु वर्ग भाला फेक मे बबली कुमारी प्रथम स्थान,अंडर 18 बालिका आयु वर्ग 100 मीटर बाधा दौड़ सिमी कुमारी दुसरा स्थान,अंडर 16 बालिका आयु वर्ग 80 मीटर बाधा दौड़ में अनोखी कुमारी दुसरा स्थान,अंडर 18 बालक आयु वर्ग 1000 मीटर दौड़ में राहुल उरांव दुसरा स्थान, अंडर 18 बालक आयु वर्ग 200 मीटर दौड़ में आशुतोष कुमार तीसरा स्थान एवं अंडर 18 बालिका आयु वर्ग गोला फेक में दीपाली कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त कर मेडल जीता है।इस संबंध मे गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने बताया कि यह सभी एथलेटिक्स खिलाड़ी खलारी पिपरवार कोलांचल क्षेत्र के रहने वाले हैं।

# तपस फाउंडेशन ने आरटीसी हाई स्कूल में किया वृक्षारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** मंगलवार को तपस फाउंडेशन के तत्वाधान में आरटीसी हाई स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 50 पेड़ लगाए गए। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रणधीर कुमार चौधरी, निदेशक डॉ रूद्रनारायण महतो, विकास कुमार, शैलेन्द्र कुमार, अशोक कुमार, डॉ. शांति कुमारी, सुनील सिंह, विपुल सिंह भी विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित थे। वृक्षारोपण के दौरान उपस्थित सभी अतिथियों और स्कूल के छात्रों ने पौधों के रखरखाव और संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना था, बल्कि पौधों की देखभाल और उनके संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करना भी था। तपस फाउंडेशन लगातार विभिन्न शहरों में पर्यावरणीय जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है, और इस अभियान के अंतर्गत 52 शहरों में दो लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर तपस और प्रतिभा फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह अभियान न केवल धरती को हरा-भरा बनाने में सहायक होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण का उपहार भी होगा।